राष्ट्रीय दैनिक


# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़




11 ऑस्ट्रेलिया को मजबूत टीम नहीं...

छह जनवरी हिंसा मामला : डोनाल्ड ट्रंप का... 12



वर्ष : 13 | अंक : 66 | नई दिल्ली, शनिवार, 23 जुलाई 2022 | श्रावण मास कृष्ण पक्ष, दशमी | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# पीएम मोदी की अपील-देश की 'ऑन-बान-शान', सफल बनाएं 'हर घर तिरंगा' अभियान

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच अपने-अपने घरों में राष्ट्रध्वज फहराकर 'हर घर तिरंगा'मुहिम को मजबूत करने की शुक्रवार को अपील की। मोदी ने ट्वीट के जरिए कहा कि यह मुहिम तिरंगे के साथ हमारे जुड़ाव को गहरा करेगी। उन्होंने उल्लेख किया कि 22 जुलाई, 1947 को ही तिरंगे को राष्ट्रध्वज के रूप में अपनाया गया था। प्रधानमंत्री ने ट्वीट करते हुए कहा, हम आज उन सभी लोगों के साहस और प्रयासों को याद करते हैं, जिन्होंने उस समय स्वतंत्र भारत के लिए एक ध्वज का स्वप्न देखा था, जब हम औपनिवेशिक शासन के खिलाफ लड़ रहे थे। हम उनके सपने को पूरा करने और उनके सपनों के भारत का निर्माण करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।



**मोदी बोले...**

- 13 अगस्त से 15 अगस्तत तक अपने घरों में तिरंगा फहराएं,यह मुहिम राष्ट्रध्वज के साथ अपने जुड़ाव को गहरा करेगी

उन्होंने कहा, 'इस साल, जब हम 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहे हैं। तो आइए 'हर घर तिरंगा' आंदोलन को मजबूत करें। 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच अपने घरों में तिरंगा फहराएं या प्रदर्शित करें। यह मुहिम राष्ट्रध्वज के साथ अपने जुड़ाव को गहरा करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने तिरंगे को राष्ट्रध्वज के रूप में अपनाने संबंधी आधिकारिक संवाद की जानकारी भी ट्विटर पर साझा की। उन्होंने भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा फहराए गए पहले तिरंगे की तस्वीर भी ट्वीट की। सरकार ने भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर 'हर घर तिरंगा' मुहिम शुरू करने की योजना बनाई है।

## मौसम

अधिकतम तापमान 31.0°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आज गर्मी से राहत मिलेगी और बारिश होने की संभावना है।

## पोल

क्या आर्थिक मंदी ने दे दी है दुनिया में दस्तक?

| | |
|---|---|
| हां | 60% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 52,350 |
| चांदी | 55,400 |
| सेंसेक्स | 56,072 |
| निफ्टी | 16,719 |

## संक्षिप्त खबर

### ट्रक पलटने से ऑटो में बैठे 7 लोगों की मौत

मेवात। हरियाणा के मेवात जिले के नूंह इलाके में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हुआ। ट्रक और ऑटो की टक्कर से सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। उधर, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हरियाणा के मेवात में पुलिस इंस्पेक्टर दयानंद ने जानकारी दी कि शुक्रवार को मेवात में ट्रक और ऑटो की जबरदस्त भिड़ंत के बाद दर्दनाक हादसा हो गया। इस भीषण घटना में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 4 अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नीरव मोदी की 253 करोड़ की संपति जब्त

नई दिल्ली। बैंकों से धोखाधड़ी कर भागे हीरा कारोबारी नीरव मोदी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ा ऐक्शन लिया है। एजेंसी ने हॉन्गकॉन्ग में नीरव मोदी की 253.62 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इस पंत्ति में हीरे, ज्वेलरी और बैंक में जमा रकम शामिल हैं। एजेंसी का कहना है कि अब तक नीरव मोदी की ओर से धोखाधड़ी के मामले में 2650.07 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है।

### योगी ने ओपी राजभर को मुहैया कराई वाई श्रेणी की सुरक्षा

लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर उत्तर प्रदेश की राजनीति में बेहद चर्चा में रहते हैं। हर चुनाव में अलग-अलग रंग में दिखने वाले ओम प्रकाश राजभर को उत्तर प्रदेश की सरकार ने वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। सुरक्षा मिलते ही ओम प्रकाश राजभर अब समाजवादी पार्टी के साथ तलाक की बात पर अधिक जोर देने लगे हैं।

# 'ठेके' पर ठनी

## उपराज्यपाल ने दिए नई आबकारी नीति की सीबीआई जांच के आदेश

**सियासी जंग**

- सिसोदिया पर लगाए आरोप को लेकर आप, भाजपा फिर आमने-सामने

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर नई आबकारी नीति को लेकर कुछ आरोप लगाए गए हैं। जिसके परिपेक्ष्य में उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार की नई अबकारी नीति के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले में दिल्ली और केंद्र सरकार फिर से आमने-सामने हैं। आरोप है कि नई आबकारी नीति में नियमों की अनदेखी कर टेंडर दिए गए। उपराज्यपाल ने यह कदम मुख्य सचिव की रिपोर्ट के बाद उठाया है। गत वर्ष दिल्ली सरकार ने शराब बिक्री के लिए नई आबकारी नीति लागू किया था। इस नीति के तहत सभी शराब की दुकानों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए थे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार ने पिछले साल 17 नवंबर को नई आबकारी नीति लागू की थी। इस नीति के तहत पूरे शहर में शराब की 849 दुकानों को खोलने की अनुमति दी गई थी। जिनमें से अभी तक 600 के करीब शराब की दुकाने खोली जा चुकी हैं।

**तुम सावरकर की औलाद: केजरीवाल**

अरविंद केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया को क्लीनचिट देते हुए कहा, "जेल से हमें डर नहीं लगता। तुम सावरकर की औलदा हो, तुम लोग सावरकर की औलाद हो, जिसने अंग्रेजों से माफी मांगी थी। हम भगत सिंह की औलाद हैं, हम भगत सिंह को अपना आदर्श मानते हैं, जिसने अंग्रेजों के सामने झुकने से मना कर दिया और फांस पर लटक गए। हमें जेल और फांसी से डर नहीं लगता। कई बार जेल हो आए हैं।"

**ये दूध से नहीं शराब से धुले हैं: भाजपा**

एक डिबेट में आप नेता सौरभ भारद्वाज और भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह हिस्सा ले रहे थे। आरपी सिंह ने कहा कि सौरभ ने 144 करोड़ घोटाले पर कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कहा जा रहा था दिल्ली को लंदन बना देंगे। लेकिन दिल्ली में 170 ऐसी जगहें हैं जहां पर पानी का भराव होता है। बीजेपी नेता ने दिल्ली में स्कूल की हालात पर , प्रचार प्रसार पर आप नेता से कई सवाल किए। आरपी सिंह ने आगे कहा कि ये लोग खुद को ऐसे पेश करते हैं जैसे ये लोग दूध के धुले हैं। 'ये लोग दूध के नहीं शराब के धुले हुए हैं'।

**सिंगापुर दौरे का प्रस्ताव कर दिया था खारिज**

एक दिन पहले ही दिल्ली के उपराज्यपाल 1 अगस्त को एक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सिंगापुर यात्रा के आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था।

**शराब माफिया को फायदा पहुंचाया: एलजी**

उपराज्यपाल ऑफिस के मुताबिक सिसोदिया की भूमिका जानबूझकर की गई खामियों के चलते जांच के दायरे में है, जिसने 2021-22 के लिए शराब लाइसेंसधारकों के लिए टेंडर में 144 करोड़ का अवैध रूप से लाभ पहुंचाने का काम किया था। सिसोदिया ने फैसलों को अंजाम देने आबकारी नीति के वैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन किया था।

**सीबीआई जांच पर भड़के सीएम**

नई आबकारी नीति की सीबीआई जांच की सिफारिश के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसे झूठा केस बताया है। आबकारी विभाग संभालने वाले मनीष सिसोदिया को कट्टर ईमानदार बताते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हो रहे अच्छे काम को रोकने के लिए उन्हें जेल भेजने की तैयारी की गई है।

## दिनेश गुणवर्धने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री

**कोलंबो।** वरिष्ठ राजनेता दिनेश गुणवर्धने ने शुक्रवार को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। श्री गुणवर्धने (73)को इससे पहले श्रीलंका के नए प्रधान मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था। वह राजपक्षे के राजनीतिक परिवार के लंबे समय से सहयोगी हैं। श्री गुणवर्धने की नियुक्ति से पहले सुरक्षा बलों ने राजपक्षे परिवार के खिलाफ प्रदर्शन करने और उन्हें देश के आर्थिक पतन के लिए जिम्मेदार ठहराने वाले राजधानी में महीनों से कब्जे वाले मुख्य विरोध स्थल से प्रदर्शनकारियों को हटाया था। श्री गुणवर्धने का शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन के पास एक विरोध शिविर को खाली कराने और कई लोगों को गिरफ्तार करने के कई घंटे बाद हुआ। सुरक्षा बलों ने कम से कम दो पत्रकारों और दो वकीलों की पिटाई भी की। श्री गुणवर्धने श्रीलंका के एक प्रमुख राजनीतिक परिवार से हैं और राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के सहपाठी भी हैं। श्रीलंकाई प्रदर्शनकारी आर्थिक संकट के कारण राष्ट्रपति विक्रमसिंघे सहित अपने नेताओं के इस्तीफे की मांग को लेकर महीनों से सड़कों पर उतरे हैं।

# सीबीएसई 12-10वीं का परिणाम घोषित

## लड़कियों ने मारी बाजी, तान्या सिंह ने किया टॉप

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए, जिसमें लड़कियों ने लड़कों से बाजी मारी। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल की सीबीएसई 12वीं की छात्रा तान्या सिंह ने 500 में से 500 अंक प्राप्त कर सभी को चौंका दिया।

तान्या सिंह को इंग्लिश, हिस्ट्री, ज्योग्राफी, इकोनॉमिक्स और म्यूजिक में शत प्रतिशत अंक मिले। तान्या को पोलिटिकल साइंस में 98 प्रतिशत अंक मिले। डीपीएस के मुताबिक तान्या सिंह ऑल इंडिया टॉपर है। पिछले साल के 99.37 प्रतिशत के मुकाबले इस साल 92.71 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। सीबीएसई ने पिछले साल विशेष आकलन योजना के आधार पर परिणाम घोषित किए थे क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण परीक्षाएं नहीं करायी जा सकी थीं। लेकिन इस बार परीक्षाएं दो सत्रों में आयोजित की गयीं। सीबीएसई ने कहा कि 2020 में पास प्रतिशत 88.78 फीसदी था जबकि 2019 में यह 83.40 फीसदी था।

**10वीं में भी लड़कियां अव्वल**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए, जिसमें लड़कियों ने लड़कों के मुकाबले 1.41 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया है। सीबीएसई की 10वीं कक्षा की परीक्षा में 94.40 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। यह पहली बार है, जब सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम एक ही दिन घोषित किए हैं। सीबीएसई के एक अधिकारी ने कहा, 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा में 95.21 प्रतिशत छात्राएं और 93.80 प्रतिशत लड़के सफल रहे हैं। वहीं, ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों का पास प्रतिशत 90 फीसदी रहा।

# नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का शपथ ग्रहण 25 को संसद भवन में

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भारत की निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का शपथ ग्रहण समारोह 25 जुलाई को संसद भवन के सेंट्रल हॉल में होगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

शपथ ग्रहण समारोह के कारण कुछ सरकारी ऑफिस को आंशिक रूप से बंद करने का शुक्रवार को निर्देश दिया गया। समारोह के दौरान नए संसद भवन का निर्माण कार्य भी बंद करना होगा। सभी सरकारी विभागों,मंत्रालयों को जारी आदेश में कहा गया है कि भारत की निर्वाचित राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण समारोह 25 जुलाई को यहां संसद भवन के सेंट्रल हॉल में होगा।

आदेश के अनुसार 25 जुलाई को सुबह छह बजे तक कुल 30 कार्यालयों को खाली कराया जाएगा। ये ऑफिस समारोह के खत्म होने तक बंद रहेंगे। इसमें कहा गया है कि अभी नए संसद भवन का निर्माण कार्य भी चल रहा है और उसे भी समारोह के दौरान रोकने की आवश्यकता होगी।

## देश के 9 राज्यों में कोरोना का खतरा बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश के 9 राज्यों केरल, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, असम, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में देश में 21,880 नए केस आए और 21,219 मरीज ठीक हुए। इस दौरान 60 संक्रमितों की मौत हो गई। वहीं, एक्टिव मामलों की संख्या 1,49,482 पहुंच गई है। इससे पहले गुरुवार को देश में 21,566 नए केस मिले थे। भारत का उडश्क्ळटीकाकरण कवरेज 201.30 करोड़ से अधिक भारत का कोरोना टीकाकरण कवरेज 201.30 करोड़ से अधिक हो गया है।

**रेलयात्रा** | रेलवे की रियायती दरों का लाभ उठाने वाले यात्रियों को बड़ा झटका

# बुजुर्गों को अब नहीं मिलेगी रेल यात्रा में छूट

**रेल मंत्री बोले...**

- रियायत को आगे जारी रखने की गुंजाइश नहीं

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे की रियायती दरों का लाभ उठाने वाले यात्रियों को बड़ा झटका दिया है। शुक्रवार को उन्होंने राज्यसभा में जानकारी दी कि रेल में यात्रा करने वाले वरिष्ठ नागरिकों समेत सभी श्रेणियों में दी जाने वाली रियायत को आगे जारी रखने की गुंजाइश नहीं है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के एक सवाल का जवाब देते हुए वैष्णव ने बताया कि रेलवे पहले से ही कम किराए के कारण वरिष्ठ नागरिकों समेत सभी यात्रियों के लिए यात्रा की औसत लागत का 50 प्रतिशत से अधिक वहन कर रहा है।



**कोविड काल में बड़ा नुकसान झेलना पड़ा**

रेल मंत्री ने बताया कि कोविड-19 के कारण पिछले दो सालों में रेलवे को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। इसका रेलवे के वित्तीय स्थिति पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यात्रा में रियायत देने के कारण रेलवे की आर्थिक स्थिति पर भारी पड़ती है। इसलिए वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी श्रेणियों के यात्रियों के लिए रियायतों दरों का दायरा बढ़ाने की कोई गुंजाइश नहीं है। अधिक जानकारी देते हुए वैष्णव ने कहा कि भारी दबाव के बावजूद रेलवे ने दिव्यांग समेत चार श्रेणियों समेत रोगियों और छात्रों की ग्यारह श्रेणियों के लिए किराए में रियायत जारी रखी है।



- कोरोना के कारण पिछले दो सालों में रेलवे को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। इसका रेलवे के वित्तीय स्थिति पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा। भारी दबाव के बावजूद रेलवे ने दिव्यांग समेत चार श्रेणियों समेत रोगियों और छात्रों की ग्यारह श्रेणियों के लिए किराए में रियायत जारी रखी है।–रेल मंत्री, अश्विनी वैष्णव

**मालगाड़ी नहीं होती तो रेलवे का भट्ठा बैठ जाता**

अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में एम आरिफ के एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि रेलवे को यात्री ट्रेनों से घाटा ही होता है। मालगाड़ी से अगर उसकी कमाई नहीं होती तो रेलवे का भट्ठा बैठ जाता। रेलवे हर यात्री से टिकट के रूप में औसतन यात्रा लागत का आधा ही वसूलता है।

**छात्रों के विरोध से 260 करोड़ का नुकसान**

रेलमंत्री ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि 15 जून से 23 जून के बीच 2132 ट्रेनें रद्द की गई। विपक्ष ने इस योजना का जमकर विरोध किया था। इस दौरान लोगों ने हिंसक प्रदर्शन किया। ट्रेनें रोककर उन्हें आग के हवाले कर दिया गया। सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। इन हिंसक आंदोलनों में सिर्फ रेलवे की ही 259.44 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ।




## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

सुल्तानगंज (भागलपुर)। मालदा रेल मंडल के सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन के समीप पटरी पार करने के दौरान एक वृद्ध की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हो गई। वृद्ध की पहचान देवकी मंडल उम्र 90 वर्ष, पिता स्वर्गीय वासुदेव मंडल, घर-नारायणपुर, वार्ड नंबर 25 बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार वृद्ध डॉक्टर को दिखाने निकला था। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मृत्यु हो गई। जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया।

### कुदरा थाना परिसर में 216 लीटर शराब का किया विनष्टीकरण

कुदरा। थाना परिसर में अंचलाधिकारी पंकज कुमार, मद्य निषेध पदाधिकारी शत्रुंजय कुमार एवं थानाध्यक्ष की उपस्थिति में विभिन्न मामलों में जब्त शराब का बिनष्टीकरण किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि विभिन्न मामलों में जब्त 216 लीटर शराब का कुदरा थाना परिसर मेंबिनष्टीकरण किया गया।

# खेल मंत्री ने फिट इंडिया क्विज के राज्य स्तरीय विजेताओं को किया सम्मानित

## सहरसा के मोहित रंजन और आशीष रंजन राष्ट्रीय दौर में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



फिट इंडिया क्विज 2021 का राष्ट्रीय दौर शुरू हो गया है। 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य स्तरीय विजेता शीर्ष सम्मान और मेगा नकद पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। फिट इंडिया क्विज प्रतियोगिता के अंतिम चरण में हिस्सा लेने के लिए 72 छात्र प्रतियोगी अब अपने संबंधित शिक्षकों के साथ मुंबई में हैं। राष्ट्रीय दौरों का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स और राष्ट्रीय टेलीविजन पर और वेबकास्ट भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा मामले और खेल मंत्रालय के सोशल मिडिया चैनलों पर किया जाएगा।

बिहार से जय प्रताप सिंह पब्लिक स्कूल, सहरसा के मोहित रंजन और आशीष रंजन नेशनल राउंड में भाग लेंगे। फिट इंडिया क्विज 2021 के राष्ट्रीय दौर में जीतने वाले स्कूल को 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी और छात्रों की विजेता टीम को 2.5 लाख (रु. 1.25 लाख प्रत्येक) का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रथम उपविजेता को 15 लाख रुपये (स्कूल के लिए) और 1.5 लाख (प्रत्येक छात्र के लिए रु. 75,000), और द्वितीय उपविजेता को 10 लाख (स्कूल के लिए) और 1 लाख रुपये (प्रत्येक छात्र के लिए 50,000 रुपये) मिलेगा। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कल शाम मुंबई में 36 स्कूलों के 72 छात्रों को सम्मानित किया, जिन्होंने राज्यस्तरीय दौर में जीत हासिल की। इन राज्य स्तरीय विजेताओं को 99 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। 360 स्कूलों ने फरवरी और मार्च, 2022 के महीनों के दौरान हुए स्टेट राउंड में भाग लिया। राज्यस्तरीय दौर की 36 टीमों (प्रत्येक टीम में दो छात्र) और उनके स्कूल प्रतिनिधियों को पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। स्कूल को 2,50,000/- रुपये से और प्रत्येक छात्र को रु. 12,500/- से पुरस्कृत किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए, मंत्री ने कहा, फिट इंडिया क्विज फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देगा, खेल और फिटनेस के बारे में जागरूकता पैदा करेगा, जिससे स्वस्थ और फिट भारत का निर्माण होगा, जैसा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्पना की थी। उन्होंने कहा, आप में से प्रत्येक अब खेल और फिटनेस का एक राजदूत है और छात्रों से फिट इंडिया मोबाइल ऐप पर भी इस बात को फैलाने के लिए कहा। भारत के समृद्ध खेल इतिहास के बारे में छात्रों के बीच जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से शुरू किए गए, फिट इंडिया क्विज में प्रारंभिक दौर में 36,299 छात्रों की भागीदारी देखी गई, जहां 13,500 स्कूलों ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित एक मंच पर ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा की।

**प्रतियोगिता**

● फिट इंडिया क्विज अब नेशनल राउंड में, पूरे भारत के 36 स्कूल शीर्ष सम्मान और मेगा नकद पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा में

### सोनिया गांधी पर ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

जहानाबाद। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सोनिया गांधी पर हो रहे ईडी कार्रवाई के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन के तहत शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमिटी ने से रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष हरिनारायण द्विवेदी एवं प्रदेश कांग्रेस से आए प्रवेशक डा वरुण शर्मा ने किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा की दुर्भावना से ग्रसित होकर मोदी सरकार जान बूझकर गांधी परिवार को बदनाम करने की कोशिश कर रही है, जो कभी सफल नहीं होगा। इस परिवार ने आजादी की लड़ाई में अपना भरपूर योगदान दिया। अपनी सारी संपत्ति को देश को दान में दे दिया। देश की एकता अखंडता को बचाए रखने के लिए दो-दो प्रधानमंत्री इन्दिरा गाँधी और राजीव गाँधी ने अपने प्राण की आहुति दे दी। इस परिवार के खिलाफ इस तरह की ओछी राजनीति हो रही है, इसे पूरा देश देख रहा है। देश के केवल कांग्रेस कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि आम जनता में इस सरकार के खिलाफ काफी आक्रोश है। रोषपूर्ण प्रदर्शन कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमिटी के प्रो भूषण कुमार सिंह, प्रवीण कुमार शर्मा, कन्हैया, गौरीशंकर यादव, रामजी प्रसाद, सैयद कामरान हुसैन, बसीमूलहक रूसतम, अभिनव कुमार सुमन, हेमन्त कुमार, मिथिलेश पाण्डे, भोला प्रसाद शाह, रामचन्द्र साव सोनी, सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

# लोजपा (रा) के मुख्य प्रवक्ता बने राजेश भट्ट

आरा, प्रात: किरण संवाददाता



अखिल भारतीय भट्ट ब्राह्मण महासभा शाहाबाद प्रक्षेत्र आरा के अध्यक्ष बाल्मीकि शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर समाज के प्रतिभावान, बहुयामी प्रतिभा के धनी व्यक्ति, ओजस्वी वक्ता राजेश भट्ट को लोजपा रामविलास पार्टी का मुख्य प्रवक्ता मनोनीत होने पर बधाई दिया है। राजेश भट्ट भोजपुर जिले के गड़हनी प्रखंड अंतर्गत बाल बांध गांव के निवासी हैं। वे भोजपुर जिला के प्रत्येक राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय रहते हैं।

साथ ही इनके नेतृत्व में किसान आंदोलन के प्रणेता पंडित राजकुमार शुक्ल जी की जयंती समारोह पटना में भव्य तरीके से मनाई जाती है। श्री भट्ट पार्टी के मुख्य प्रवक्ता बनने से पहले प्रदेश प्रवक्ता के रूप में कार्य कर रहे थे। ये अक्सर पार्टी के तरफ से डिबेट में भाग लेते है। इनके मनोनयन से पूरे बिहार के ब्रह्मभट्ट समाज मे खुशी की लहर है। लोजपा रामविलास के मुख्य प्रवक्ता मनोनीत करने के लिए इन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडेय का आभार व्यक्त किया है।

शर्मा ने कहा कि हमारी एकता और संघर्ष का परिणाम है कि अब सभी दल ब्रह्मभट्ट समाज के युवाओं को राजनीतिक दल में स्थान दे रहे है। इसके पहले जदयू ने शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव के पद पर अभय विश्वास भट्ट का मनोनयन किया है जिससे पूरा ब्रह्मभट्ट समाज गौरवान्वित है और इनदोनों के साथ सदैव खड़ा है। बैठक में शामिल एवं बधाई देने वाले प्रमुख लोगो मे हरेराम राय, मनोरंजन भट्ट, डॉ कुमार भरत, हरेराम राय,उदय भट्ट, दिलीप कुमार पंकज,सहित कई है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक



आरा , प्रात : किरण संवाददाता

आगामी 13 अगस्त को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु एक बैठक का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोजपुर आरा ब्रजेश कुमार मालवीय के अध्यक्षता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं सभी थानाध्यक्ष के साथ किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री मिथिलेश कुमार ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु आज के बैठक में आए सभी थानाध्यक्ष को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं जिसमें पक्षकारों को सुलह हेतु निर्गत नोटिस को चौकीदार के माध्यम से ससमय तमिला कराना तथा पक्षकारगणों को सुलह हेतु प्रेरित करना था। आगे सचिव मिथिलेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां पूरे जोर शोर से की जा रही है तथा पारा विधिक स्वयंसेवक के माध्यम से भी नोटिस का तामिला घर घर जाकर किया जा रहा है तथा उन्हें सुलह हेतु प्रेरित किया जा रहा है। विभागीय वाद में सभी विभाग के पदाधिकारी को इसकी सूचना दी जा चुकी है की वह अपने स्तर से भी लोगों को जागरूक करते हुए निष्पादन हेतु प्रेरित करें।

### आंटा मिल संचालक सहित चार लोगो पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**जहानाबाद**। बिजली विभाग के द्वारा बिजली चोरी करने वालो के खिलाफ पूरे जिले में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को टीम ने मीटर बाइपास कर, बिजली बिल बकाया रहने के कारण विद्युत कनेक्शन काट देने के बाबजूद भी चोरी से बिजली का उपयोग करने वाले के खिलाफ द्वारा गठित छापेमारी दल ने बिजली चोरी करते हुए 4 लोगो को रंगे हाथो पकड़ा है। इस आशय की जानकारी देते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि सहायक विधुत अभियंता प्रमोद कुमार निराला के नेतृत्व में जिले के नोआमा, दक्षिणी दौलतपुर एवं नेहालपुर आदि जगहों पर मीटर जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली चोरी करते हुए चार लोगो को पकड़ा गया। पकडे गए लोगो में बिठल पासवान पर 455657, शैलेश कुमार सिंह पर 20850 डोमन प्रसाद पर 51984 एवं बिगन यादव पर 262066 रू का आर्थिक जुमार्ना लगाते हुए संबंधित थाना में प्राथिमिकी दर्ज करवाया है।

# सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के लिए राजद ने सौंपा बीडीओ को ज्ञापन



चरपोखरी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रखण्ड क्षेत्र में वर्षा नहीं होने से खरीफ फसल की खेती बाधित है। धान के कटोरा नाम से विख्यात क्षेत्र के किसानों के समक्ष भविष्य में परिवार का भरण-पोषण करने की चिन्ता सताने लगी है। खेतों में काम करने वाले मजदूरों की हाल भी बेहाल नजर आ रहा है।

धान की रोपाई के लिए प्रमुख नक्षत्र पुनर्वसु की समाप्ति तक वर्षा नहीं होने से खेतों में धूल उड़ रही है । ऐसे में प्रकृति से निराश लोगों को अब सरकारी सहायता की आवश्यकता महसूस होने लगी है। चरपोखरी प्रखण्ड को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के लिए युवा राजद के प्रान्तीय नेता सत्यनारायण यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चरपोखरी बीडीओ विभेष आनंद को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वालों में हरेन्द्र यादव, राम नारायण सिंह, तपन प्रसाद, जगनारायण सिंह, सुनील कुमार सिंह, शैलेन्द्र सिंह, वेदप्रकाश सिंह, कृष्णदेव मिश्रा, अवनीश कुमार उपाध्याय एवं हरिचरण सिंह शामिल रहे।

# मद्य निषेध मामले को लेकर उत्पाद विभाग राज्य अपर मुख्य सचिव ने की समीक्षा बैठक

रोहतास ब्यूरो, प्रात : किरण



सासाराम। आज दिनांक 22 जुलाई, 2022 को अपर मुख्य सचिव उत्पाद के के पाठक द्वारा मद्य निषेध को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की गई जिसमें जिलाधिकारी रोहतास धर्मेन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक रोहतास आशीष भारती, डीडीसी रोहतास शेखर आनंद, अनुमंण्डल पदाधिकारी डेहरी समीर सौरभ, अनुमंण्डल पुलिस पदाधिकारी डेहरी, नवजोत सिम्मी, अनुमण्डल पदाधिकारी बिक्रमगंज, अनुमंण्डल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज, सहायक आयुक्त उत्पाद सुश्री अमृता कुमारी के साथ कई अन्य पदाधिकारी तथा विशेष लोक अभियोजक उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव द्वारा दिनांक 1 अप्रैल 2022 से प्रभावी संशोधित उत्पाद कानूनों यथा धारा 37 इत्यादि के प्रकाश में उत्पाद विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाइयों यथा ៖ៗ, गिरफ्तारियाँ, मदिरा पान करने वालों के साथ-साथ सप्लाई चेन अर्थात अवैध देसी शराब निर्माण एवं विदेशी शराब के आपूर्तिकर्ता समूहों पर की जा रही कार्रवाइयों की विस्तृत समीक्षा की तथा महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए।

उन्होंने प्रतिदिन औसत गिरफ्तारियों की संख्या में वृद्धि, पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर raid की कार्रवाई, महिला उत्पाद आरक्षियों द्वारा और raids करने, महिला उत्पाद आरक्षियों की डेहरी में ट्रेनिंग, उत्पाद भवन मोकर को शीघ्र पूर्ण कर क्रियाशील बनाना, जिले के पर्वतीय तथा दियारा क्षेत्रो में अधिक raids, सब्जी मंडी, हाट/साप्ताहिक बाजारों में ब्रेथ एनालाइजर से अधिकाधिक और नियमित जांच रिपीट offenders की पहचान कर कार्रवाई करने, उत्पाद के विशेष लोक अभियोजकों द्वारा अपेक्षित गति से एक्साइज केसेस के निष्पादन में सहयोग करने आदि का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी रोहतास धर्मेन्द्र कुमार द्वारा वर्णित निदेर्शों के आलोक में अनुमंण्डल स्तर पर दंडाधिकारी/बल के साथ साप्ताहिक रूप से वल्नरेबल एरियाज में छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश सभी sdo/sdpo को दिया गया।

### सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में डीएवी के छात्रों ने लहराया परचम

**जहानाबाद**। सीबीएसई 10वीं की परीक्षा डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंशुल प्रकाश ने 98.6 प्रतिषत अंको के साथ विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। अनीशा शर्मा ने 98 प्रतिषत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा आदित्य रंजन ने 97.40 प्रतिषत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं गौरव कुमार वैभव 97 प्रतिषत, सनी कुमार 96 प्रतिषत, प्रसेनजित कुमार दास 95.80 प्रतिषत, सारिका कुमारी 95.60 प्रतिषत, अनीश कुमार 95.40 प्रतिषत, वैभव कुमार ने 95.20 प्रतिषत अंको के साथ विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम रौशन किया। कुल 52 परीक्षार्थियों ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 90ः और उससे से अधिक अंक प्राप्त किया। वहीं 95 परीक्षार्थियों ने 80 से 89 प्रतिषत के बीच अंक प्राप्त किया। कुल 330 विद्यार्थियों में से 323 ने सफलता प्राप्त की। जिनमे 282 परीक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी के अंक प्राप्त किये।

# कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाला आक्रोश मार्च

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजापाकर के विधायक प्रतिमा कुमारी दास के नेतृत्व में शुक्रवार को जिला के सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकताओं ने कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गाँधी पूर्व अध्यक्ष, राहुल गाँधी को ईडी द्वारा बुलाकर परेशान के नियत के खिलाफ रामाशीष चौक से स्टेशन चौक होते राजेंद्र चौक स्थित केन्द्रीय कार्यालय डाकघर तक आक्रोश मार्च निकाला गया।

उस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ लोगों ने जमकर नारेबाजी की । कार्यक्रताओं का कहना है कि केन्द्र सरकार के कॉंग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी,पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तानाशाही रवैया अपनाकर सरकारी संस्था ईडी, सी बीआई का दुरुपयोग करके मँहगाई, बेरोजगारी, नीजीकरण, ध्वस्त अर्थव्यवस्था, डॉलर के मुकाबले गिर रही भारतीय रुपया सहीत तमाम नाकामियों को जनता के नजरों से गुमराह कर रही है । इस दौरान कार्यकताओं ने केंद्र सरकार पर कई आरोप लगाते हुए आक्रोश प्रदर्शन किया ।

इस मौके पर कांग्रेस नेता उपेन्द्र प्रसाद यादव, राकेश चौहान, मुकेश रंजन, कार्यक्रम प्रभारी कमलेश कुमार, राजन कुमार मिश्रा, संजय कुमार ई चुन्नु कुमार, सत्यनारायण राम, मनोज कुमार, रामनाथ चतुर्वेदी, मंजर आलम, तारक चौधरी, गौतम कुमार,रवीत पंडित, डॉ. संतोष कुमार, मुकेश पटेल, सतीश कुमार राव, मो० नसीम, लक्सी सिंह, अविनाश पटेल, अभिषेक शर्मा मदन राम, के० के० सिंह, तुलसी कुमार, सुनील कुमार राम, इशरत जहाँ, गिरजा देवी, बोली देवी, रिंकु देवी, सुभाषतभ रामदयाल सहनी एवं मोहन पटेल समेत सैकड़ो लोगों ने भाग लिया ।

# दो शराब कारोबारी 129 लीटर देशी शराब व एक टेम्पु के साथ गिरफ्तार

रोहतास ब्यूरो, अ ई अंजुम



सासाराम। पुलिस अधीक्षक रोहतास आशीष भारती के निदेर्शानुसार जिले में अवैध शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री,भण्डारण, परिवहन,शराब तस्करो,शराब व्यवसायियो,शराब माफियाओं के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 22 जुलाई 2022 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि इन्द्रपुरी थानान्तर्गत कुछ शराब कारोबारी एक टेम्पु से भारी मात्रा में शराब लेकर जा रहा है। अवैध शराब में संलिप्त शराब कारोबारी/माफियाओं की त्वरित गिरफ्तारी एवं शराब की बरामदगी हेतु थानाध्यक्ष इन्द्रपुरी थाना, ए०एल०टी०एफ०टीम एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी/ कर्मी की विशेष टीम का गठन कर टीम को थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरूद्ध छापेमारी करने को निर्देशित किया गया। तदनुसार विशेष टीम के द्वारा इन्द्रपुरी थाना क्षेत्र के बराज जाना वाला मुख्य रास्ते में एक संदिग्ध टेम्पु को रोककर विधिवत तलाशी लिया गया, तलाशी के दौरान उक्त टेम्पु से कुल-129.600 ली0 देशी शराब के साथ शराब कारोबारी 1, अनिता देवी, पति-लालबाबू चौधरी बारह पत्थर थाना-डिहरी नगर 2, पंकज कुमार, पे०-अरविन्द प्रसाद गुप्ता ग्राम खजुरी,थाना+ जिला-रोहतास को गिरफ्तार किया गया तथा इनके पास से नकद-35400/- रू० एवं दो मोबाईल भी बरामद किया गया साथ हीं शराब परिवहल में उपयोग किया जा रहा टेम्पु को भी जप्त किया गया है। उपरोक्त शराब कारोबारी से पूछ-ताछ के दौरान काफी दिनों से शराब के धंधे में संलिप्त रहने की बात बताई गई तथा यह भी बताया गया कि जप्त शराब को बाहर से लेकर आया जा रहा था जिसें ये लोग अपने आस/पास के क्षेत्रों में बिक्री करने की योजना थी। इस संबंध में काण्ड दर्ज कर करवाई की गई है।

# मानस इंटरनेशनल के हर्ष 98 प्रतिशत लाकर बने जिला टॉपर

जहानाबाद, प्रात :किरण संवाददाता

सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में मानस इंटरनेशनल के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परचम फहराते हुए सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के हर्ष शर्मा ने 98 प्रतिषत लाकर जिला टॉपर बना। वहीं आदित्य रंजन 97.2 प्रतिषत, आदर्श चौधरी 96 प्रतिषत, प्रियंका कुमारी 93 प्रतिषत, अमन राज 91.2 प्रतिषत, निकिता आनंद 88.4 प्रतिषत, केशव राज 87 प्रतिषत, अनन्या वर्मा 86.4 प्रतिषत, मोहम्मद दानिश रजा 86 प्रतिषत, अंजली कुमारी 85 प्रतिषत अंक लाकर विद्यालय के साथ-साथ जिले का भी नाम रौषन किया है। छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर यह साबित कर दिया है कि यह स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में काफी आगे हैं। दूसरी ओर स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत है, जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा जीव विज्ञान में 100 प्रतिषत, फिजिकल एजुकेशन में 100 प्रतिषत, गणित में 99 प्रतिषत, रसायन विज्ञान में 99 प्रतिषत एवं भौतिकी में 99 प्रतिषत तक उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल के छात्रों की सफलता पर स्कूल परिसर में खुशी का माहौल है। चेयरमैन प्रोफेसर डॉ अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती है। इन छात्रों ने काफी मेहनत की है, जिसका परिणाम इन्हें सफलता के रूप में मिला है। उन्होंने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वही निदेशक निशांत रंजन ने कहा कि छात्रों ने साबित कर दिया है कि ग्रामीण इलाकों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है सिर्फ उन्हें बेहतर मार्गदर्शन तथा उचित शिक्षा प्रदान करने की। यही कारण है कि हम प्रतिभावान चुनते नहीं बल्कि प्रतिभावान का निर्माण करते हैं। सफल छात्रों को प्राचार्य मृत्युंजय कुमार, रणधीर कुमार, राकेश कुमार, विनय कुमार, राजीव रंजन, राम प्रवेश शर्मा, योगेंद्र कुमार, अमित कुमार, अनुराग, एसके पांडे, रवि रंजन आदि ने बधाई दी।

## सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में पीपीएम के बच्चों ने लहराया परचम

जहानाबाद। सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में पीपीएम स्कूल के छात्रों ने शत प्रतिषत सफल होकर विद्यालय के साथ-साथ जिले का भी नाम रौशन किया है। परीक्षा में रवि राज को 94.4 प्रतिषत, विवेकानंद कुमार को 87.4 प्रतिषत, अंजली शर्मा को 86.8 प्रतिषत, तथा 7 बच्चों ने 80 से 90 प्रतिषत, 9 बच्चों ने 70 से 80 प्रतिषत अंक प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त अन्य सभी बच्चों ने 60 प्रतिषत से अधिक अंक लाकर शत प्रतिषत सफल हुए। इस आशय की जानकारी विद्यालय के प्राचार्य एस. शर्मा ने दिया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डा0 एस.के. सुनील ने विद्यालय के बच्चों एवं उनके अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मोनी कुमारी ने 10वीं की परीक्षा में 98 प्रतिशत लाकर प्राप्त किया जिले में दूसरा स्थान

जहानाबाद। स्थानीय प्रतिभा नगर अवस्थित प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल, एरोड्राम के छात्र-छात्राओं ने एक बार पुनः सीबीएसई 10वीं की परीक्षाओं में बाजी मारते हुए एक बार पुनः अपनी विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस बाबत जानकारी देते हुए पीपी शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ० अभिराम सिंह ने बताया कि यह परीक्षा परिणाम विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों के मेहनत का फल है। विद्यालय परिवार इन परीक्षा परिणामों के प्रति आशान्वित था। उक्त मौके पर उपस्थित पीपी एजुकेशनल ग्रुप के शैक्षणिक निदेशक अक्षय आनंद ने बताया कि इस विद्यालय की छात्रा मोनी कुमारी 98 प्रतिषत अंकों के साथ जिले में दूसरी स्थान पर रही। यह काफी हर्ष की बात है। विगत कई वर्षों से यहाँ के विद्यार्थी सफलता के पर्याय रहे हैं।

## मानस विद्यालय बभना के छात्रों ने साबित किया अपनी प्रतिभा

जहानाबाद। मानस विद्यालय बभना के छात्रों ने एक बार फिर से यह सिद्ध कर दिखाया कि चाहे कितनी भी विपरीत परिस्थिति हो (कोरोना काल) अपने दमखम को बरकरार रखेंगे। उक्त बातें संस्था के निदेशक अभिषेक आनंद ने छात्रों व अभिभावकों की हौसला अफजाई करते हुए कही। तभी तो कल 44 छात्रों में 5 ने 94 प्रतिषत अंक, 10 छात्रों ने 80 से 90 प्रतिषत, 14 छात्रों ने 70 से 80 प्रतिषत, अन्य 60 से 70 प्रतिषत अंक प्राप्त किए। 94 प्रतिषत पाने वाले वत्सल, अत्याधिक, सृष्टि, विनीत इत्यादि छात्रों को निदेशक अभिषेक आनंद ने बधाई देते हुए कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में आप नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सुबे का नाम रौशन करें। प्राचार्य अजय कुमार, शिक्षक राजीव नयन, प्रभात रंजन, शशि कुमार, श्रीराम शर्मा इत्यादि शिक्षक ने हर्ष व्यक्त कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में शत प्रतिशत रहा डीएवी के छात्रों का प्रदर्शन

जहानाबाद। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई द्वारा शुक्रवार को जारी 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में डीएवी पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा परीक्षार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन कर परचम लहराया। कामर्स ग्रुप में रितिक कुमार हरललका ने 94.2 प्रतिषत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं राजीव रंजन ने 93.2 प्रतिषत अंक प्राप्त द्वितीय तथा रोहित पोद्दार ने 93.0 प्रतिषत प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। साइंस स्ट्रीम में माज कुनैन ने 90.8 प्रतिषत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय में स्थान बनाने वालों में श्रुति देवगन 92.6 प्रतिषत, मुस्कान तबस्सुम 92.2 प्रतिषत, उत्कर्ष प्रकाश 91.8 प्रतिषत, रितु राज 90.4 प्रतिषत तथा निवेदिता लक्ष्मी ने 90 प्रतिषत अंक पाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिनमें 9 परीक्षार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया।

### झारखंड में आयोजित होने वाला 7वां राष्ट्रीय सम्मेलन को ले बैठक आयोजित




**अगिआंव**। पवना बाजार स्थित कार्यालय में झारखंड में आयोजित होने वाले 7वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर आरवाईए के कार्यकताओं की बैठक आयोजित किया गया। साथ ही इंकलाबी नौजवान सभा की सदस्यता अभियान चलाया गया। बैठक में देशव्यापी गांव यात्रा के तहत सभी प्रखण्डों के पंचायत में गांव-गांव जाकर नौजवानों के बीच सदस्यता अभियान चलाने की योजना बनाई गई। कार्यकताओं द्वारा देश की आजादी, संविधान, लोकतंत्र व भाईचारे पर हो रहे हमले का मुकाबला करने व इंकलाबी नौजवान सभा को मजबूत करने पर विषेश बल दिया गया। बैठक में संयोजक अखिलेश गुप्ता,अमित यादव ,रणधीर कुमार,जितेंद्र यादव,मनमोहन कुमार,अप्पू यादव, समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में पीपी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शत प्रतिशत हासिल की सफलता

जहानाबाद, प्रात :किरण संवाददाता

स्थानीय प्रतिभा नगर अवस्थित प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल, एरोड्राम के छात्र-छात्राओं ने एक बार पुनः अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में अपनी श्रेष्ठता को बरकरार रखा। बताते चलें कि सीबीएसई 12वीं की परीक्षा परिणाम की घोषणा आज कर दी गई। इस बाबत जानकारी देते हुए पी.पी. शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ० अभिराम सिंह ने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों के मेहनत एवं विद्यार्थियों के संघर्ष का यह फल है कि इस विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।

विद्यालय की छात्रा रोहिणी शर्मा ने 96.20 प्रतिशत अंक लाकर इस विद्यालय ही नहीं अपितु जिले का सर फक्र से उंचा कर दिया है। रोहिणी बेहद ही सामान्य परिवार से आती हैं। पिता शम्भु कुमार किसान एवं उर्मिला शर्मा की पुत्री रोहिणी शर्मा ने एक बार पुनः जिले के पुराने कीर्तिमान को ध्वस्त करते हुए नए आयाम को हासिल किया है। रोहिणी शर्मा का सपना चिकित्सक बनना है ताकि वे समाज व देश के उन्नति में अपना योगदान दे सकें।



●रोहिणी शर्मा 96.2 प्रतिषत अंक लाकर रहीं टॉपर

उक्त मौके पर उपस्थित प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल के शैक्षणिक निदेशक अक्षय आनन्द ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विगत चार वर्षों से इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने श्रेष्ठता बरकरार रखा है। यह विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों के कर्मठता का परिणाम है कि 15 से ज्यादा बच्चों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किया। रोहिणी शर्मा के साथ हीं साक्षी प्रकाश ने 95.40 प्रतिशत, प्रेम प्रकाश 94.20 प्रतिशत, पूर्णिमा शर्मा 93.80 प्रतिशत, रितिका कुमारी 93.40 प्रतिशत, रवि कुमार 92.40 प्रतिशत, सोनु कुमार 92.20 प्रतिशत, दीपक कुमार 92 प्रतिशत, प्रभात कुमार 91.20 प्रतिशत, जोहेब शिबलय 91 प्रतिशत, प्रियांशु राज 90.60 प्रतिशत एवं ज्ञान रंजन ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वहीं 40 से अधिक छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। श्री आनन्द ने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार अपने विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को लेकर दृढ संकल्पित है।

## संक्षिप्त खबरें

### द्वारका जिला पुलिस का एक्शनः 21 दिनों में 36 विदेशियों पर कार्रवाई

नई दिल्ली। द्वारका जिला पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत इस जुलाई महीने के 21 दिनों में 36 विदेशियों को डिपोर्ट किया है और उनमें से कई को आपराधिक मामले में गिरफ्तार किया है। इनसे काफी मात्रा में ड्रग्स की खेप भी बरामद की गई है, जो ये चोरी छुपे बाहर से लाकर यहां स्थानीय लोगों में सप्लाई कर रहे थे। डीसीपी एम. हर्षवर्धन ने शुक्रवार को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि जिले की अलग-अलग पुलिस टीमों ने जिन 36 विदेशी पर कार्रवाई की है, उनमें से 15 के खिलाफ मोहन गार्डन थाना की पुलिस टीम ने 14ए फोरनर एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। जबकि द्वारका साउथ थाना पुलिस ने एक के खिलाफ कार्रवाई करके उसे गिरफ्तार किया है। ड्रग्स के मामले में शामिल विदेशी के खिलाफ मोहन गार्डन के एसएचओ नारसिंह की टीम ने दो को गिरफ्तार करके एक किलो से ज्यादा फाइन क्वालिटी की हीरोइन भी बरामद की है।

### 49 लाख रुपये मूल्य के सोने के साथ हवाई यात्री गिरफ्तार

नई दिल्ली। अमृतसर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम की टीम ने दुबई से अमृतसर पहुँचे एक भारतीय हवाई यात्री के पास से 933.2 ग्राम सोना बरामद किया है। यात्री ने सोना अपने बैग में छुपा कर रखा था। दिल्ली मुख्यालय से कस्टम विभाग प्रवक्ता के अनुसार, रूट प्रोफाइलिंग के आधार पर अमृतसर कस्टम की टीम ने दुबई से फ्लाइट नम्बर एसजी-56 से अमृतसर पहुंचे एक भारतीय हवाई यात्री को शक के आधार पर जांच के लिए रोका। उसके बैगेज की तलाशी के दौरान उसमें छुपा कर रखा गए 8 सोने के बिस्किट बरामद किया गया। जिसका कुल वजन 933.2 ग्राम है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 49 लाख 27 हजार रुपये से आंकी जा रही है। मामले में कस्टम की टीम ने कस्टम्स एक्ट 1962 के सेक्शन 110 के तहत बरामद गोल्ड को जब्त कर करने के साथ ही सेक्शन 104 के तहत आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर लिया है। टीम की आगे की जांच जारी है।


### 49 लाख रुपये मूल्य के सोने के साथ हवाई यात्री गिरफ्तार

नई दिल्ली। अमृतसर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम की टीम ने दुबई से अमृतसर पहुँचे एक भारतीय हवाई यात्री के पास से 933.2 ग्राम सोना बरामद किया है। यात्री ने सोना अपने बैग में छुपा कर रखा था। दिल्ली मुख्यालय से कस्टम विभाग प्रवक्ता के अनुसार, रूट प्रोफाइलिंग के आधार पर अमृतसर कस्टम की टीम ने दुबई से फ्लाइट नम्बर एसजी-56 से अमृतसर पहुंचे एक भारतीय हवाई यात्री को शक के आधार पर जांच के लिए रोका। उसके बैगेज की तलाशी के दौरान उसमें छुपा कर रखा गए 8 सोने के बिस्किट बरामद किया गया। जिसका कुल वजन 933.2 ग्राम है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 49 लाख 27 हजार रुपये से आंकी जा रही है। मामले में कस्टम की टीम ने कस्टम्स एक्ट 1962 के सेक्शन 110 के तहत बरामद गोल्ड को जब्त कर करने के साथ ही सेक्शन 104 के तहत आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर लिया है। टीम की आगे की जांच जारी है।


# केजरीवाल से मोदी को ईर्ष्या हो रही : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल को सिंगापुर जाकर विश्व भर के नेताओं के सामने दिल्ली मॉडल पर चर्चा करने से पीएम मोदी रोक रहे हैं। यह हर दिल्ली वालों का बहुत बड़ा अपमान है। दिल्ली के लोकप्रिय सीएम केजरीवाल से पीएम मोदी को ईर्ष्या हो रही है। क्योंकि एक विदेशी सरकार ने उन्हें दुनिया भर के नेताओं के सामने दिल्ली का विकास मॉडल पेश करने बुलाया है। दिल्लीवालों के लिए गर्व की बात है कि उनकी मोहल्ला क्लीनिक से लेकर अच्छे स्कूल बनाने में भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल को सिंगापुर दौरे से रोककर पीएम मोदी ने खुद को हंसी का पात्र बना लिया है। उनकी असुरक्षा से दुनिया के सामने भारत की छवि खराब हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी विदेश में अपने नाम के नारे लगवा कर अपना डंका बजवाना चाहते हैं, जबकि डंका भारत का बजना चाहिए था। सीएम अरविंद केजरीवाल शायद ही कभी विदेश जाते हैं। वहीं पीएम मोदी कभी-कभार ही भारत में रहते हैं।




आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक सौरभ भारद्वाज ने आज पार्टी मुख्यालय में महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि करीब डेढ़ माह पहले सिंगापुर के हाई कमिश्नर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिले। उस बैठक में मैं भी मौजूद था। दिल्ली और सिंगापुर के विषय में कई चीजों पर चर्चा हुई। हाई कमिश्नर ने बताया कि सिंगापुर की सरकार चाहती है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सिंगापुर आएं। सिंगापुर में सैकड़ों शहरों की समिट है। उसके अंदर अरविंद केजरीवाल दिल्ली में हो रहे विकास कार्यों और दिल्ली के मॉडल के बारे में विदेशों से आए सैकड़ों नेताओं को बताएं। ताकि उन सब लोगों को दिल्ली मॉडल का फायदा मिले। वहां तक भी दिल्ली मॉडल की बात पहुंचे।

उन्होंने कहा कि मेरे हिसाब से यह दिल्ली वाले के लिए गर्व की बात है। पिछले दो बार से दिल्ली के लोग भारी मतों से केजरीवाल सरकार को चुन रहे हैं। दिल्ली के अंदर मोहल्ला क्लीनिक, वर्ल्ड क्लास स्कूलों, डेंगू को लेकर 10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट अभियान, प्रदूषण को 25 फीसदी कम करने सहित हर प्रोजेक्ट में दिल्ली वालों की भागीदारी रही है।

- सीएम अरविंद केजरीवाल को सिंगापुर दौरे से रोककर पीएम मोदी ने खुद को हंसी का पात्र बना लिया है, उनकी असुरक्षा से दुनिया के सामने भारत की छवि खराब हो रही है- सौरभ भारद्वाज

दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री को विदेश जाने से रोक रहे हैं तो इसमें दिल्ली वालों का अपमान है। यह हर भारतवासी के लिए बड़े गौरव की बात थी कि भारत के एक मुख्यमंत्री को विदेश की सरकार बुला रही है कि आप सैकड़ों विदेशों से आए हुए नेताओं के सामने अपने दिल्ली मॉडल की बात करें। नरेंद्र मोदी अरविंद केजरीवाल को रोक रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी क्या चाहते नहीं हैं कि दिल्ली वालों और भारत का नाम हो।

उन्होंने कहा कि अक्सर देखा होगा कि नरेंद्र मोदी विदेश में जाते हैं तो उनकी इवेंट मैनेजमेंट टीम पहले से ही लोगों को सिखा कर रखती है कि आपको नारा लगाना है मोदी मोदी। जबकि नारा भारत-भारत होना चाहिए था। हमारे भारत देश के बारे में नारा होना चाहिए था। भारत का नाम ऊंचा होना चाहिए था और मोदी अपना नाम ऊंचा कराना चाहते हैं कि मेरे नाम का डंका बजे और हिन्दुस्तान का डंका ना बजे। हिंदुस्तान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री को विदेश की सरकार बुला रही है तो नरेंद्र मोदी को ईर्ष्या हो रही है। एक छोटे से प्रदेश के मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जलन हो रही है। विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि नरेंद्र मोदी साल में दर्जन से ज्यादा बार विदेशों में जाते हैं। कोरोना से पहले हर महीने कई चक्कर विदेशों के लगाते थे। हर साल शायद पीएम मोदी का पासपोर्ट बनता होगा, क्योंकि इतना वीजा लगवाते हैं। उन नरेंद्र मोदी को आज दिल्ली के मुख्यमंत्री से ईर्ष्या और जलन सिर्फ इस वजह से हो रही है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को विदेश की सरकार न्यौता देकर बुला रही है और कह रही है कि आप हमारे यहां आइए और विदेशों से आए हुए सैकड़ों नेताओं के आगे दिल्ली मॉडल के बारे में बताइए। उन्होंने कहा कि मान लीजिए जब ट्रंप का जमाना था, उस समय वॉशिंगटन-टेक्सास के गवर्नर को हिंदुस्तान की सरकार बुलाए कि टेक्सास में बहुत अच्छा काम हुआ है। वह हिंदुस्तान में सब को बताएं कि क्या काम कैसे हुआ और कितना अच्छा काम हुआ। उस समय पता चले कि वहां के राष्ट्रपति ट्रंप उनको आने नहीं दे रहे और रोक रहे कि आप नहीं जा सकते। भले और कोई चले जाएगा।

# ग्राम विकास बोर्ड के कार्यों को गति देने के लिए लगाया गया स्पेशल कैंप

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में आज दिल्ली के गाँवो के विकास कार्यो को गति देने के लिए दिल्ली सचिवालय में स्पेशल कैंप लगाया गया इस स्पेशल कैंप का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के गाँवो के विकास कार्यो से सम्बंधित परियोजनाओं और लंबित प्रस्तावों का मौके पर ही निपटान/ अनुमोदन करना है स्पेशल कैंप के दौरान विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के गाँवो में विकास सुनिश्चित करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड का गठन किया था और इस साल सरकार द्वारा दिल्ली के गाँवो के विकास के लिए 200 करोड़ रूपए का बजट रखा है इस पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिल्ली के सभी गाँवो में बेहतर सुख सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है आज इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए दिल्ली के गाँवो से संबंधित विकास कार्य में तेजी लाने के लिए दिल्ली सचिवालय में स्पेशल कैंप लगाया गया इस स्पेशल कैंप के दौरान सभी संबंधित विभाग जैसे विकास विभाग, दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड, एमसीडी, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, राजस्व विभाग, दिल्ली जल



बोर्ड तथा अन्य विभागों के अधिकारियों ने मौके पर ही दिल्ली के गाँवो के विकास कार्यो से सम्बंधित परियोजनाओं और लंबित प्रस्तावों के निपटान या अनुमोदन का कार्य किया स्पेशल कैंप के माध्यम से अबतक दिल्ली की 21 विधानसभाओ के गाँवो के 87 विकास कार्य के लिए लगभग 133 करोड़ रूपए की विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है इनमे दिल्ली के सभी गाँवो में सड़कों, नालियों, जल निकाय, सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान, खेल मैदान आदि से जुड़े विकास कार्य परियोजनाएँ शामिल है श्री गोपाल राय ने बताया कि आज इस स्पेशल कैंप के माध्यम से सभी विधायकों और अधिकारियों की मौजूदगी में दिल्ली के गाँवो के विकास कार्य की लंबित प्रस्तावों पर त्वरित गति से कार्य हुआ है।

# एक तरफा प्यार में सिरफिरे आशिक ने युवती को मारी गोली, गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर पश्चिम जिले के मुखर्जी नगर इलाके में गुरुवार शाम एक युवक ने एक तरफा प्यार में युवती को गोली मार दी। गोली युवती के छाती में लगी है। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित फरार हो गया। घटना के बाद युवती से आरोपित के बारे में जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने उसे पकड़ने के लिए लोनी में दबिश दी, लेकिन आरोपित वहां से बाइक लेकर फरार हो गया। सर्विलांस के जरिए पुलिस ने आरोपित का पीछा किया और विश्वास नगर से उसे गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी उषा रंगनानी ने शुक्रवार को बताया कि आरोपित की पहचान विजय विहार, लोनी गाजियाबाद निवासी दीपक भाटी के रूप में हुई है। गुरुवार शाम पुलिस को मुखर्जी नगर स्थित बीबीएम डिपो के पास एक युवती को गोली मारे जाने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घायल युवती को बाड़ा हिंदुराव अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है। अस्पताल पहुंची पुलिस ने देखा कि युवती के छाती में गोली लगी है। युवती ने पुलिस को बताया कि उसे दीपक भाटी ने गोली मारी है। आरोपित की पहचान होने के बाद जिले के स्पेशल स्टाफ ने एक टीम गठित की। आरोपित के फोन नंबर को पुलिस ने सर्विलांस पर लगाया। जिससे पुलिस को पता चला कि आरोपित लोनी में मौजूद है। पुलिस टीम ने तुरंत वहां दबिश दी। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपित बाइक पर सवार होकर फरार हो गया था। पुलिस टीम ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। आरोपित लोनी से शाहदरा, कृष्णा नगर, भोलानाथ नगर और दिलशाद गार्डन होते हुए विश्वास नगर पहुंचा। पुलिस भी उसके पीछे पीछे विश्वास नगर पहुंची। पुलिस टीम को देखकर आरोपित बाइक छोड़कर भागने लगा। पुलिसकर्मी पीछा कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में दीपक ने बताया कि उसकी युवती से दोस्ती थी। वह उससे एक तरफा प्यार करता था। 2017 में उसकी शादी हो गई। उसके बाद से युवती उससे दूरी बनाने लगी।

# आप सरकार ने आबकारी नीति में नियमों का उल्लंघन किया, कंपनियों के फायदे के लिए काम किया : लेखी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता मीनाक्षी लेखी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने नियमों व प्रक्रिया का उल्लंघन कर शराब कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए गुटबंदी को बढ़ावा दिया।

दिल्ली के उप राज्यपाल वी.के. सक्सेना ने आबकारी नीति 2021-22 की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की सिफारिश की है, जबकि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उप मुख्यमंत्री और आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया का बचाव किया है। मुख्यमंत्री को आड़े हाथ लेते हुए लेखी ने कहा कि शराब के कारोबार में हुए बड़े घोटाले की वजह से राजकोष को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने दिल्ली में शराब कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन कर गुटबंदी को बढ़ावा दिया। लेखी ने दावा



किया कि लाइसेंसधारियों को करीब 144.36 करोड़ रुपये की छूट दी गई जबकि एक कंपनी को पेशगी के तौर पर जमा 30 करोड़ की राशि नियमों और प्रक्रिया का अनुपालन किए बिना लौटा दी गई।

उल्लेखनीय है कि केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया गया था कि सिसोदिया पर सीबीआई फर्जी मामला दर्ज करेगी। उन्होंने सिसोदिया का बचाव करते हुए कहा था कि वह कट्टर ईमादार व्यक्ति हैं जिन्होंने दिल्ली में विश्व स्तरीय शिक्षा विकसित की है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि सिसोदिया को भी उनके अन्य सहयोगी सत्येंद्र जैन की तरह फर्जी मामले में गिरफ्तार किया जा सकता है। जैन इस समय कथित धनशोधन के एक मामले में जेल में बंद हैं। लेखी ने कहा कि वह नहीं जानती कि कौन जेल जाएगा, लेकिन ऐसे दस्तावेज और हस्ताक्षर हैं जो नई आबकारी नीति को लागू करने का फैसला लेने और अनियमितता करने में उनकी संलिप्तता को साबित करते हैं। गौरतलब है कि सक्सेना ने आप सरकार द्वारा लाई आबकारी नीति 2021-22 में कथित तौर पर नियमों और प्रक्रिया का उल्लंघन करने के आरोपों की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश की है।

# जामिया में डिजास्टर मैनेजमेंट पर दो सप्ताह का ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स शुरू

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

यूजीसी-मानव संसाधन विकास केंद्र, जामिया मिल्लिया इस्लामिया और विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग ने संयुक्त रूप से आपदा प्रबंधन (इंटरडिसिप्लिनरी) पर भारत भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के युवा संकाय सदस्यों के प्रशिक्षण और कौशल संवर्द्धन के लिए 22 जुलाई से 4 अगस्त, 2022 तक चौथा दो साप्ताहिक रिफ्रेशर (ऑनलाइन) शुरू किया। उद्घाटन समारोह में मुख्यअतिथि भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, सदस्य सचिव प्रो.वीके मल्होत्रा, सदस्य सचिव ने रिफ्रेशर कोर्स के लिए आयोजकों को बधाई दी। कार्यक्रम का विषय रिस्क, वल्नरेबिलिटी एंड मिटिगेशन ऑफ डिजास्टर है। उन्होंने वर्तमान समय में आपदा प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि प्रो. सीमी फरहत बसीर, डीन, प्राकृतिक विज्ञान संकाय, जेएमआई ने आपदा प्रबंधन के मूलभूत पहलुओं और उसी के प्रबंधन की आवश्यकता की सराहना और चर्चा की। प्रो वीके. शर्मा, वरिष्ठ प्रोफेसर, आपदा प्रबंधन/भारतीय लोक प्रशासन संस्थान में सलाहकार, और उपाध्यक्ष, सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सिक्किम सरकार भी विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने आपदा जोखिम में कमी के संबंध में नीति निर्माण और लोगों में जागरूकता फैलाने के महत्व पर जोर दिया। जामिया के यूजीसी-एचआरडीसी के निदेशक, प्रो. अनीसुर रहमान ने सभी विशिष्ट प्रतिनिधियों और कोर्स के प्रतिभागियों का स्वागत किया। कोर्स समन्वयक में से एक, डॉ. तरुना बंसल ने कोर्स के डिजाइन की रूपरेखा तैयार की और रिफ्रेशर कोर्स के विषय और उप-विषयों पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर हारून सज्जाद अध्यक्ष, भूगोल विभाग, जामिया ने अध्यक्षीय टिप्पणी की और युवा शिक्षाविदों और शोधार्थियों के बीच आपदा प्रबंधन के लिए जागरूकता के मुद्दे को उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. अरूणा पारचा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ उद्घाटन समारोह का समापन हुआ।

# प्रगति मैदान में इंडियन डीजे एक्सपो-2022 देखने पहुंचे हजारों लोग

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

देश की राजधानी में म्यूजिक प्रोडक्शन की वार्षिक प्रदर्शनी इंडियन डीजे एक्सपो- 2022 देखने लोग पहुंच रहे हैं। एक्सपो के दूसरे दिन प्रगति मैदान के हॉल नंबर 7 में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कोरोना की वजह से पिछले दो वर्ष इसका आयोजन नहीं हो सका था, इसलिए एक्सपो को लेकर लोगों में ज्यादा उत्साह देखने को मिल रहा है। 21 जुलाई से शुरू हुई यह प्रदर्शनी 23 जुलाई तक चलेगी। इंडियन डीजे एक्सपो में इंडस्ट्री से जुड़ी देशभर के अग्रणी प्रो ऑडियो, पीए, लाइटिंग एवं एलईडी डिस्प्ले समेत 200 से ज्यादा कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इसके माध्यम से लोग म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े तमाम तरह के लेटेस्ट प्रोडक्ट और उनकी तकनीक से रूबरू हो रहे हैं। म्यूजिक



प्रोडक्शन, एंटरटेनमेंट टेक्नोलोजी और इवेंट प्रोडक्शन से संबधित प्रोडक्ट लोगों को खासा आकर्षित कर रहे हैं। इंडियन डीजे एक्सपो- 2022 के संयोजक मैनुअल डायस ने बताया ₹इस बार एक्सपो में मेक इन इंडिया पर विशेष जोर दिया गया है। छोटे एवं मध्यम उद्यमों को समर्थन देना और भारत में उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करना इसका मुख्य मकसद है। लोगों के लिए यह गर्व का विषय है कि स्वदेशी कंपनियां संगीत उत्पादन

- आज से चलेगा इंडियन डी जे एक्सपो

प्रौद्योगिकी से जुड़े एक से बढ़कर एक प्रोडक्ट मार्केट में ला रही हैं। एक्सपो में शानदार फ्लोर पर डीजे गियर, स्टूडियो गियर, क्लब एंड टूरिंग साउण्ड, पीए, स्टेज का प्रदर्शन किया गया है। एक्सपो उन सभी पहलुओं पर बात कर रहा है, जो एक डीजे (परफॉर्मर, कलाकार) के अच्छे परफॉर्मेन्स के लिए जरूरी होती हैं। डीजे मिक्सर से लेकर नियंत्रकों तक डीजिंग सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में नवीनतम प्रदर्शन के साथ, डीजे एक्सपो क्लब ने साउंड और टूरिंग साउंड और पीए के लिए स्पीकर सिस्टम की विस्तृत श्रृंखला भी पेश की है। देश के एंटरटेनमेंट कारोबार के लिए एग्रीगेटर की भूमिका निभा रहे डीजे एक्सपो का आयोजन बीटरुट्स एक्सपो एंड पब्लिकेशंस द्वारा किया जा रहा है।

## लॉरेंस रोड पर दो फैक्टरियों में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के लॉरेंस रोड स्थित दो फैक्टरियों में शुक्रवार सुबह आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

अग्निशमन विभाग के मुताबिक, लॉरेंस रोड स्थित फैक्टरियों में आग लगने की सूचना पूर्वाह्न नौ बजकर 35 मिनट पर मिली, जिसके बाद दमकल की कुल 25 गाड़ियों को आग बुझाने के लिए मौके पर भेजा गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया, जूते के सोल और प्लास्टिक के दाने बनाने वाली दो फैक्टरियों में आग लगने की खबर मिली। दोनों इमारतों में बेसमेंट, भूतल के अलावा दो और तल बने हुए हैं।

# प्रेम प्रस्ताव ठुकराए जाने से नाराज युवक ने युवती पर गोलियां चलाई, गिरफ्तार किया गया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्वी दिल्ली के विश्वास नगर में प्रेम प्रस्ताव ठुकराए जाने से नाराज 24 वर्षीय व्यक्ति को एक महिला पर गोलियां चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (उत्तरपश्चिम) ऊषा रंगनानी ने शुक्रवार को कहा, उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के लोनी का रहने वाला आरोपी दीपक भाटी पीड़िता से एकतरफा प्यार करता था लेकिन वह उसे नजरअंदाज कर रही थी। पुलिस ने बताया कि भाटी ने उत्तरपश्चिमी दिल्ली के मुखर्जी नगर में बृहस्पतिवार को 21 वर्षीय महिला पर गोलियां चलाईं और फिर वह घटनास्थल से भाग गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला को दो गोलियां लगीं और उसका हिंदू राव हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। रंगनानी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को भाटी के लोनी में राजपुरी



- पुलिस ने बताया कि भाटी ने उत्तरपश्चिमी दिल्ली के मुखर्जी नगर में बृहस्पतिवार को 21 वर्षीय महिला पर गोलियां चलाईं और फिर वह घटनास्थल से भाग गया

कॉलोनी के समीप होने का पता चला। इसके बाद, वह अपनी मोटरसाइकिल से भाग गया और बार-बार अपनी जगह बदल रहा था। पुलिस ने उसका पीछा शुरू किया लेकिन वह शाहदरा, कृष्णा नगर, भोलानाथ नगर और दिलशाद गार्डन में बार-बार अपनी जगह बदल रहा था। बाद में उसे विश्वास नगर से दबोच लिया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान भाटी ने बताया कि वह पीड़िता से एकतरफा प्यार करता था लेकिन वह उसे नजरअंदाज कर रही थी। भाटी कागज की एक फैक्ट्री में काम करता है। पुलिस ने बताया कि वह महिला द्वारा नजरअंदाज किए जाने से खुश नहीं था और इससे नाराज होकर उसने उस पर हमला कर दिया। अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद करने की कोशिश की जा रही है।

# आंगनबाडी केंद्रों पर पूरक पोषाहार की आपूर्ति के लिए ईओआई आमंत्रित : कैलाश गहलोत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने दिल्ली के सभी 11 जिलों के आंगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं और बच्चों को पूरक पोषाहार कार्यक्रम के अंतर्गत पका हुआ भोजन व टेक-होम राशन देने के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (एडक) आमंत्रित करने को मंजूरी दे दी है। ईओआई दिशानिर्देशों में निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी स्वयं सहायता समूह तथा स्थानीय महिलाओं की भागीदारी के साथ बड़ी रसोई और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को स्थापित करने और संचालित करने के लिए संसाधन रखने वाले सभी संगठन इस आमंत्रण में भाग ले सकते हैं। मौजूदा प्रणाली 15 साल पुरानी है और मुख्य रूप से गैर-लाभकारी संगठनों द्वारा संचालित है और ज्यादातर मामलों में, उनके द्वारा नियुक्त महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के रूप में विकसित होने के बजाय केवल अकेली कार्यबल बनी हुई हैं।

महिला एवं बाल विकास मंत्री



कैलाश गहलोत ने हाल ही में दिल्ली में कई आंगनवाड़ी केंद्रों और रसोई का दौरा किया था। इसके बाद कई बैठकों के बाद, उन्होंने विभाग को स्थानीय स्तर पर स्वयं सहायता समूहों या महिला समूहों की प्रभावी और कुशल भागीदारी सुनिश्चित करने के दिशानिर्देश विकसित करने का निर्देश दिया था। इस निर्देश के बाद तैयार किया गया दिशा-निर्देश पूरक पोषण की आपूर्ति के लिए देश में संचालित विभिन्न मॉडलों के अध्ययन और विभाग द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति से प्राप्त सिफारिशों पर आधारित हैं। नए दिशानिर्देश पूरक पोषण की आपूर्ति में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, मानकीकृत तंत्र, फोर्टिफिकेशन प्रक्रिया, खाद्य लेबलिंग, पैकेजिंग और निगरानी प्रणाली को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। दिल्ली में 95 परियोजनाओं के तहत 10897 आंगनवाड़ी केंद्र हैं जिनमें लगभग 9.5 लाख महिलाएं और बच्चे पंजीकृत लाभार्थी पूरक पोषण के हकदार हैं। कुछ आंगनवाड़ी केंद्रों को एकीकृत और व्यापक सेवा वितरण के लिए सहेली समन्वय केंद्र नामक हब में मिला दिया गया है जो आंगनवाड़ी सेवाओं के मुख्य उद्देश्यों की पूर्ति के अलावा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है। संबंधित जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति पूरक पोषण कार्यक्रम के प्रभावी कामकाज के लिए विभिन्न हितधारकों के बिच तालमेल सुनिश्चित करेगी। विभाग स्तर पर एक समर्पित परियोजना प्रबंधन इकाई स्थापित की जाएगी जो भागीदारी की निगरानी करेगी और उनसे जुड़े संगठनों और स्वयं सहायता समूहों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करेगी। विभाग द्वारा गठित मुख्यमंत्री आंगनबाडी मॉनिटरिंग कमिटी समय-समय पर योजना अंतर्गत लाभार्थियों के नामांकन हेतु मोबिलाइजेशन एवं पोषाहार वितरण की जांच करेगी। इस योजना में आंगनबाडी केंद्रों में पंजीकृत 06 माह से 6 वर्ष की आयु के बच्चों और गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को शामिल किया गया है। इसके अलावा, पूरक पोषण के अलावा आंगनबाडी केंद्रों पर दी जाने वाली सेवाओं में टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, रेफरल सेवाएं, पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा शामिल हैं।

# नई आबकारी नीति में टेंडर प्रकिया में दी गई ढील

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्य सचिव की रिपोर्ट नई आबकारी नीति 2021-22 की विभिन्न खामियों पर प्रकाश डालती है। रिपोर्ट बताती है कि एयरपोर्ट जोन के लाइसेंस के लिए सबसे कम बोली लगाने वाली एक फर्म को 30 करोड़ रुपये की बयाना राशि वापस कर दी गई, जबकि वह हवाईअड्डा अधिकारियों से एनओसी प्राप्त करने में विफल रही थी।

**दिल्ली आबकारी नीति में इस नियम का हो रहा था उल्लंघन**

सरकारी नोट के अनुसार, यह दिल्ली आबकारी नियम, 2010 के नियम 48(11) (बी) का घोर उल्लंघन था, जो स्पष्ट रूप से यह निर्धारित करता है कि सफल बोलीदाता को लाइसेंस प्रदान करने के लिए सभी औपचारिकताओं को पूरा करना होगा, जिसमें विफल रहने पर उसके द्वारा की गई सभी जमा राशि को जब्त कर लिया जाएगा।

**विदेशी शराब की गणना के फामूर्ले को किया गया था संशोधित** रिपोर्ट के अनुसार, आबकारी विभाग ने अपने आठ नवंबर, 2021 के आदेश में विदेशी शराब की दरों की गणना के फामूर्ले को संशोधित किया। बीयर पर सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना 50 रुपये प्रति केस के आयात पास



- बीयर पर सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना 50 रुपये प्रति केस के आयात पास शुल्क को हटा दिया
- दिल्ली आबकारी नीति में इस नियम का हो रहा था उल्लंघन

शुल्क को हटा दिया, जिससे यह खुदरा विक्रेताओं के लिए सस्ता हो गया। इससे राज्य के खजाने को राजस्व का नुकसान हुआ।

**लाइसेंस देने में चूक की सूचना के बावजूद नहीं की कार्रवाई**

एक हैरत की बात यह है कि मुख्य सचिव द्वारा शराब की दुकानों के लिए लाइसेंस देने में चूक की भी सूचना दी गई थी, लेकिन आबकारी विभाग ने खुदरा विक्रेताओं को लाइसेंस शुल्क के भुगतान में चूक के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय, अनुचित वित्तीय लाभ प्रदान करने के लिए निविदा दस्तावेज के प्रविधानों में ढील दी थी।

रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि सिसोदिया द्वारा लिए गए कुछ फैसलों को तत्कालीन उपराज्यपाल ने दिल्ली कैबिनेट की मंजूरी के बिना लिए जाने पर आपत्ति जताई थी। अतीत में लिए गए अवैध फैसलों को हाल ही में 14 जुलाई को कैबिनेट के बाद के फैसले की मुहर लगाकर वैध बनाने का प्रयास किया गया था, जो अपने आप में निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन था।

रिपोर्ट के मुताबिक, शहर के गैर-पुष्टि क्षेत्रों में स्थित होने के कारण कई शराब की दुकानें नहीं खुल सकीं। नगर निगमों ने ऐसे कई ठेकों को सील कर दिया है। भाजपा और कांग्रेस ने इस नीति का पुरजोर विरोध किया था और इसकी जांच के लिए उपराज्यपाल के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों के पास भी शिकायत दर्ज कराई थी।

## आनंद विहार के स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

नई दिल्ली। शाहदरा पुलिस ने आनंद विहार के एक स्पा सेंटर में गुरुवार को छापेमारी कर सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने एक युवती समेत दो को गिरफ्तार किया है। पुलिस स्पा सेंटर में मौजूद पांच अन्य युवतियों से भी पूछताछ कर रही है।

डीसीपी आर.सत्य सुंदरम ने बताया कि जिले के स्पेशल स्टाफ की टीम को आनंद विहार के दयानंद विहार स्थित एक स्पा और मसाज सेंटर में सेक्स रैकेट चलने की सूचना मिली। टीम आनंद विहार थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। एक पुलिस कर्मी को अंदर ग्राहक बनाकर भेजा गया। वहां 30 वर्षीय अयान मिला। उसने मसाज के लिए एक हजार रुपये की मांग की। अंदर केबिन में युवती के पास भेजा गया। युवती सेक्स के लिए एक हजार रुपये की अतिरिक्त मांग करने लगी। इस पर पुलिस कर्मी ने फोन कर बाहर खड़ी टीम को सूचना दी। टीम ने अयान और युवती को गिरफ्तार कर लिया। स्पा सेंटर के अंदर पांच अन्य युवतियां भी मिलीं, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं, जांच में पता चला है कि स्पा सेंटर का लाइसेंस श्वेता नाम की महिला के नाम पर जारी किया गया था, जो एक्सपायर हो चुका है।

## सिसोदिया बेहद कट्टर ईमानदार व देशभक्त आदमी : केजरीवाल

### मैंने तीन-चार माह पहले ही बता दिया था कि ये लोग मनीष सिसोदिया को जल्द ही गिरफ्तार करने वाले हैं : केजरीवाल

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश किए जाने पर कहा कि मनीष सिसोदिया बेहद कट्टर ईमानदार व देशभक्त आदमी हैं। उन पर लगा केस बिल्कुल झूठा है और उसमें रत्ती भर की भी सच्चाई नहीं है। मैंने तीन-चार माह पहले ही बता दिया था कि ये लोग मनीष सिसोदिया को जल्द ही गिरफ्तार करने वाले हैं। ये लोग आम आदमी पार्टी के पीछे इसलिए पड़े हैं, क्योंकि पूरे देश का भरोसा हो गया है कि आप वाले कट्टर ईमानदार हैं। ये लोग झूठे केस बनाकर हमारे ऊपर कीचड़ फेंकना चाहते हैं और दिखाना चाहते हैं कि जैसे हम भ्रष्ट हैं, वैसे ही ये भी भ्रष्टाचारी हैं, लेकिन दुनिया इन पर यकीन नहीं कर रही है। जब से पंजाब में आम आदमी पार्टी जीती है, पूरे देश में आप की आंधी आ रही है। ये लोग आप को रोकना चाहते हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये लोग जो मर्जी कर लें, आप को पूरे देश में फैलने से कोई नहीं रोक सकता है। आप पूरे देश के लोगों की उम्मीद बन चुकी है। दिल्ली में हुए शानदार कामों की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। ये दिल्ली के कामों को रोकना चाहते हैं। खासकर, शिक्षा और स्वास्थ्य में बहुत शानदार काम हुए हैं। इसीलिए इन्होंने पहले स्वास्थ्य मंत्री को जेल में डाला और अब शिक्षा मंत्री को जेल में डालने जा रहे हैं।

देश में एक नया सिस्टम लागू हुआ है, पहले तय किया जाता है कि किसे जेल भेजना है, फिर उसके खिलाफ झूठा केस बनाया जाता है और उसे जबरदस्ती जेल भेजा जाता है - अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एलजी द्वारा शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश किए जाने को लेकर आज डिजिटल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मीडिया से मुझे पता चला कि इन लोगों ने मनीष सिसोदिया जी के खिलाफ सीबीआई को कोई केस भेजा है और सीबीआई कुछ दिनों के अंदर मनीष जी को गिरफ्तार करने वाली है। मैंने तो तीन-चार महीने पहले ही बता दिया था। इनके लोगों ने हमें बताया था कि मनीष जी को जल्द ही गिरफ्तार करने वाले हैं। मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके, अपने कई भाषणों में और विधानसभा में कहा था कि ये लोग मनीष जी को गिरफ्तार करने वाले हैं। तीन-चार महीने पहले जब इनके लोगों ने मुझे बताया कि मनीष सिसोदिया जी को गिरफ्तार करने वाले हैं, तो मैंने उनसे कहा कि मनीष जी ने क्या कर दिया। क्या केस है? तो उन लोगों ने बताया कि कोई केस नहीं है। कुछ मिला नहीं है। ढूंढ रहे हैं। कुछ केस बना रहे हैं। अब हमारे देश के अंदर एक नया सिस्टम लागू हुआ है। पहले यह तय किया जाता है कि किस आदमी को जेल भेजना है और फिर उसके खिलाफ एक मन गढ़ंत झूठा केस बनाया जाता है और उसे जबरदस्ती जेल भेजा जाता है।

#### मैं दिल्ली और देश के लोगों को यकीन दिलाना चाहता हूं कि दिल्ली में काम नहीं रूकेंगे- केजरीवाल

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारे पीछे हाथ धोकर पीछे पड़ने का तीसरा कारण यह है कि ये दिल्ली के अंदर जो शानदार काम हो रहे हैं, उसको रोकना चाहते हैं। सिंगापुर की सरकार ने पूरे दुनिया के मेयर बुलाए हैं और केजरीवाल को बुलाया है कि आकर आप इनको सिखाओ कि दिल्ली में क्या काम कर रहे हो। इससे बड़ी गर्व की बात क्या हो सकती है? दिल्ली के कामों की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। ट्रम्प साहब की धर्मपत्नी आई थीं और वो हमारे सरकारी स्कूल देखने गईं। ये हमारे दिल्ली के कामों को रोकना चाहते हैं। खासकर, दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत शानदार काम हुए। इसलिए इन्होंने पहले स्वास्थ्य मंत्री को जेल में डाला और अब शिक्षा मंत्री को जेल में डालने की कोशिश में हैं। मैं दिल्ली और देश के लोगों को यकीन दिलाना चाहता हूं कि दिल्ली में काम नहीं रूकेंगे। ये सत्येंद्र जैन को जेल में कुछ महीने रख लेंगे, फिर वो बाहर निकल आएंगे। काम फिर चालू हो जाएंगे। मनीष सिसोदिया को अब ये जेल भेजेंगे। मनीष को कब तक जेल में रखेंगे। झूठा केस है, कोर्ट में जाकर गिर जाएगा। आप देख लेना, इनको डांट पड़ेगी। मनीष सिसोदिया बाहर निकल आएंगे। दिल्ली का काम नहीं रूकेगा।

मनीष सिसोदिया ने देश के करोड़ों बच्चों को एक उम्मीद दी है कि सरकारी स्कूल भी ठीक हो सकते हैं और गरीबों के बच्चों का भविष्य भी अच्छा हो सकता है- अरविंद केजरीवाल सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मीडिया से अभी तक मुझे पता चला है कि जो आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं, मैंने वो सारा चेक कराया। पूरा का पूरा केस बिल्कुल झूठा है। उसमें रत्ती भर की भी सच्चाई नहीं है। मैं मनीष सिसोदिया को 22 साल से जानता हूं। वर्ष 2000 में पहली बार मनीष जी से मिला था। वो एक बेहद कट्टर ईमानदार, कट्टर देशभक्त आदमी हैं। हमारे देश में पिछले 75 साल में इन सारी पार्टियों और सरकारों ने मिलकर सरकारी स्कूलों का बेड़ा गर्क कर दिया था। इन लोगों ने सरकारी स्कूलों का बहुत बुरा हाल कर दिया था। इन सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले करोड़ों गरीबों के बच्चों का भविष्य अंधकार में था। कोई उम्मीद नहीं थी। गरीब का बच्चा गरीब बनेगा, अमीर का बच्चा अमीर बनेगा। गरीब का बच्चा मजदूरी करेगा, रिक्शा चलाएगा। अमीरों के बच्चे अमीर बनेंगे। यह एक सिस्टम पूरे देश के अंदर लागू हो गया था। पहली बार जब दिल्ली के अंदर आम आदमी पार्टी की सरकार बनी और मनीष सिसोदिया जी शिक्षा मंत्री बने, तब दिल्ली के अंदर भी सरकारी स्कूलों का बहुत बुरा हाल था। दिल्ली के अंदर मनीष सिसोदिया ने रात-दिन मेहनत करके दिल्ली के सरकारी स्कूलों को शानदार बनाया। सरकारी स्कूलों को ऐसा बनाया कि अब अमीर लोग भी अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भर्ती करा रहे हैं। आज दिल्ली के सरकारी स्कूलों में अमीरों और गरीबों के बच्चों को एक जैसी शिक्षा मिल रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मुर्मू को केजरीवाल ने दी बधाई

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश की नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बधाई दी है। केजरीवाल ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि देश के 15वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर द्रौपदी मुर्मू को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। हालांकि आम आदमी पार्टी ने विपक्ष के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का समर्थन किया था। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति चुनी गई हैं। इस शीर्ष पद पर पहुंचने वाली वे दूसरी महिला हैं। आदिवासी समाज से आने वाली मुर्मू ने देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंच कर इतिहास रच दिया है। वे इस पद पर पहुंचने वाली पहली आदिवासी महिला हैं।

### खुदकुशी से पहले महिला ने बनाया वीडियो, वायरल

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के करावल नगर में एक महिला ने गुरुवार देर रात सुसाइड से पहले वीडियो वायरल कर ससुराल पक्ष पर परेशान करने का आरोप लगाया। 30 वर्षीय पूजा के पास से पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें ससुराल वालों पर परेशान करने का आरोप है। उसने पुलिस पर बार-बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। पुलिस वायरल वीडियो और सुसाइड नोट के आधार पर जांच कर रही है। पूजा शर्मा करावल नगर के शिव विहार इलाके में रहती थी। परिवार में एक बेटा और बेटी है। करीब डेढ़ साल पहले सड़क हादसे में उसके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद से पूजा पास में ससुराल वालों से अलग रह रही थी। पूजा ने गुरुवार रात बच्चों को जल्दी सुला दिया। शुक्रवार सुबह बेटी ने देखा कि उसकी मां पंखे में फंदे से लटकी है। उसने तुरंत दादी और दादा के साथ पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम पहुंची तो एक सुसाइड नोट और मोबाइल में वीडियो मिला जो सुसाइड से पहले उसने बनाया था। उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर ससुराल वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी।

### दो फैक्टरियों में लगी भीषण आग

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिमी जिले के लॉरेंस रोड स्थित दो फैक्टरियों में शुक्रवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। यह फैक्टरी जूते के सोल और प्लास्टिक दाना बनाने वाली थी। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं दमकल विभाग की 25 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल कूलिंग का काम जारी है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 9.35 बजे सूचना मिली कि लॉरेंस रोड स्थित दो फैक्टरियों में आग लग गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए दमकल विभाग ने एक-एक कर 25 गाड़ियों को मौके पर भेजा। गर्ग ने बताया कि दोनों फैक्टरियां दो मंजिला बनी हुई हैं और आपस में जुड़ी हुई है। दोनों इमारतों में बेसमेंट ग्राउंड पहली और दूसरी मंजिल शामिल है। वहीं आग बुझाने के दौरान दूसरी मंजिल पर स्थित टिन शेड, ढह गया। गर्ग के अनुसार, आग बुझाने के लिये हाइड्रोलिक क्रेन की सहायता भी ली गई। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### दिल्ली मॉडल पर चर्चा से रोका जा रहा : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सिंगापुर जाने की मंजूरी नहीं मिलने पर आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को कहा कि सिंगापुर में विश्वभर के नेताओं के सामने दिल्ली मॉडल पर चर्चा करने से केजरीवाल को रोका जा रहा है। यह दिल्ली वालों का अपमान है। भारद्वाज ने कहा, करीब डेढ़ माह पहले सिंगापुर के हाई कमिश्नर ने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। उस बैठक में मैं भी मौजूद था। दिल्ली और सिंगापुर के विषय में कई चीजों पर चर्चा हुई। हाई कमिश्नर ने केजरीवाल को सिंगापुर आने का न्योता दिया था। सिंगापुर में सैकड़ों शहरों की समिट है, जहां केजरीवाल को दिल्ली मॉडल के बारे में बताना था, ताकि दूसरे देशों को भी उसका फायदा मिल सके। वहां तक तो दिल्ली मॉडल की बात पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह दिल्ली वाले के लिए गर्व की बात होती। पिछले दो बार से दिल्ली के लोग भी इस बात से आप की सरकार को चुन रहे हैं। दिल्ली के अंदर मोहल्ला क्लीनिक, वर्ल्ड क्लास स्कूलों, डेंगू को लेकर 10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट अभियान, प्रदूषण को 25 फीसदी कम करने सहित हर प्रोजेक्ट में दिल्ली वालों की भागीदारी रही है।

## सोनिया गांधी के ईडी में पेश होने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किराड़ी में किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को ईडी द्वारा भेजे गए समन को लेकर कांग्रेस में भारी रोष का माहौल देखने को मिल रहा है। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में दिल्ली के किराड़ी विधानसभा में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाल कर भी अपना विरोध प्रकट किया। पोस्टर और बैनर के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार अपनी जन विरोधी नीतियों को छिपाने के लिए इस तरह हथकंडे अपना रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है।

कांग्रेस भाजपा के इस तरह के हथकंडे से डरने वाली नहीं है, और वो लगातार केंद्र की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज उठाते रहेंगे। आपको बता दें कि सोनिया गांधी को ईडी द्वारा नोटिस भेजे जाने के बाद से ही कांग्रेस में भारी उबाल देखने को मिल रहा है।

## दिल्ली मेट्रो के नाम एक और उपलब्धि, सर्वश्रेष्ठ प्रचार फिल्म का पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



सड़क पर अपने कामों की बदौलत रिकार्ड बनाने के बाद अब दिल्ली मेट्रो ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज की है। डीएमआरसी ने सरमाउंटिंग चैलेंज नामक फिल्म ने 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 2020 में सर्वश्रेष्ठ प्रचार फिल्म पुरस्कार जीता है। मेट्रो ने अपने इंटरनेट मीडिया एकाउंट ट्विटर पर ये सूचना शेयर की है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के सीपीआरओ अनुज दयाल ने बताया कि ये मेट्रो द्वारा निर्मित है। इसको 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2020 में सर्वश्रेष्ठ प्रचार फिल्म पुरस्कार (गैर-फीचर फिल्म) मिला है। उन्होंने बताया कि 28 मिनट की यह फिल्म विस्तार के तीसरे चरण के दौरान डीएमआरसी द्वारा सामना की जाने वाली विभिन्न निर्माण संबंधी चुनौतियों से संबंधित है। तीसरे चरण में, डीएमआरसी ने लगभग 190 किलोमीटर नई लाइनों का निर्माण किया और भीड़भाड़ वाली पुरानी दिल्ली के इलाकों में निर्माण, आश्रम में एक अत्यंत व्यस्त सड़क चौराहे से गुजरने और हौज खास में दिल्ली मेट्रो के सबसे गहरे स्टेशन के निर्माण जैसी असंख्य चुनौतियों का सामना करना पड़ा। नए युग के ग्राफिक्स और कठिन परियोजना को अंजाम देने वाले इंजीनियरों के साक्षात्कार की मदद से, फिल्म राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मेट्रो पदचिह्न का विस्तार करने के लिए डीएमआरसी द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर प्रयास को उजागर करती है। फिल्म का निर्माण अपने आप में एक कठिन काम था क्योंकि सामना की जाने वाली चुनौतियों पर गहन शोध अधिकारियों की एक समर्पित टीम द्वारा किया जाना था, जिसके बाद इंजीनियरों के साक्षात्कार के घंटों की रिकॉर्डिंग की गई थी। फिल्म को वास्तविकता बनाने के लिए फुटेज की पुनर्प्राप्ति के साथ-साथ विभिन्न स्थानों की व्यापक शूटिंग की जानी थी। फिल्म के निर्माण में काम शुरू होने के बाद से सभी निमार्णाधीन गलियारों में लगभग 5 से 6 वर्षों के लिए पूरी निर्माण प्रक्रिया को वीडियो और तस्वीरों के रूप में प्रदर्शित किया गया था। इसमें एक वर्ष का समय लगा। यह ट्रांजिट रेल इंजीनियरों और शोधकताओं के लिए भी एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है क्योंकि यह विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डालता है जो इस तरह के विशाल बुनियादी ढांचे के निर्माण का सामना करते हैं। यह दूसरी बार है जब डीएमआरसी द्वारा बनाई गई किसी फिल्म को इतनी पहचान मिली है। अपने चरण 2 के दौरान दिल्ली मेट्रो द्वारा सामना की गई इंजीनियरिंग चुनौतियों पर एक फिल्म ने 2012 में सर्वश्रेष्ठ प्रचार फिल्म गैर-फीचर फिल्मों श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीता था।

## अपराध शाखा के हवलदार ने गोली मारकर की खुदकुशी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के शकरपुर थाने की कार पार्किंग में अपराध शाखा के एक हवलदार ने गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान नरेंद्र के रूप में हुई है। वह 2010 में दिल्ली पुलिस में भर्ती हुआ था। सुबह के समय उसने सरकारी पिस्तौल इशू कराई और इसके बाद पार्किंग में जाकर कार के भीतर खुदकुशी कर ली। पुलिस को उसके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसे लेकर जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर के समय शकरपुर थाने की पार्किंग में अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। पुलिसकर्मी जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि वहां अपराध शाखा में तैनात एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली है। तुरंत उसे नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है जिसमें उसने पारिवारिक कलह के चलते खुदकुशी करने की बात लिखी है। फिलहाल पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सुष्मिता सेन को मिल जाता है लेकिन मोदी को ललित मोदी नहीं मिलता : संजय सिंह

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी भ्रष्टाचार का कीर्तिमान बनाने वाली है। संजय सिह ने कहा, जिसका राष्ट्रीय अध्यक्ष रक्षा सौदे में कैमरे पर पैसे लेते पकड़ा गया हो, आज वही बीजेपी एक के बाद एक कई फजी मामले दिल्ली सरकार के खिलाफ बना रही है।

उन्होंने कहा कि इनकी ईडी और सीबीआई को मनीष सिसोदिया दिखाई पड़ते हैं जिनके कामों की दुनिया भर में चर्चा हो रही है। मनीष सिसोदिया पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं। इस दौरान उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ललित मोदी बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन को मिल जा रहा है लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार को नहीं मिल रहा, जिसने देश को लूटा है। 1300 करोड़ रुपए का नई आबकारी नीति से दिल्ली को फायदा हुआ। बीजेपी को यह बताना चाहिए कि ललित मोदी, नीरव मोदी, विजय माल्या इन सब के खिलाफ कब प्रदर्शन करेगी।



आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि बीजेपी को दिल्ली सरकार के काम करने के मॉडल से डर लगता है। पंजाब की जीत के बाद आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर बीजेपी आम आदमी पार्टी को रोकना चाहती है। लेकिन हम सावरकर की तरह माफी मांगने वाले नहीं बल्कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह को मानने वाले हैं। हम घबराने वाले नहीं हैं। इनकी केंद्रीय जांच एजेंसी ने 42 विधायकों को पकड़ा कुछ नहीं निकला और कोर्ट ने फटकार लगाई। इन्होंने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों के यहां छापा डाला कुछ नहीं मिला।

- हम घबराने वाले नहीं हैं। इनकी केंद्रीय जांच एजेंसी ने 42 विधायकों को पकड़ा कुछ नहीं निकला और कोर्ट ने फटकार लगाई
- तंज कसते हुए कहा कि ललित मोदी बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन को मिल जा रहा है लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार को नहीं मिल रहा, जिसने देश को लूटा है

संजय सिंह ने कहा कि सुष्मिता सेन को ललित मोदी मिल जाता है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मोदी नहीं मिलता। इसी तरह नीरव मोदी का भी कोई सुराग नहीं मिलता है। डीएचएफएल ने घोटाला किया और बीजेपी को चंदा दिया है। उन्होंने अपने पूंजीपति दोस्तों का 11 लाख का लोन माफ कर दिया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ये सब दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता किसी भी कार्रवाई से डरने वाले नहीं हैं।

## दिल्ली की वेलकम झील में बनेगा बालीवुड पार्क

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



वेलकम झील आने वाले समय में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन सकती है। अभी तक इसे स्थानीय लोगों के हिसाब से तैयार किया जा रहा था, लेकिन अब यहां दूर-दराज से भी लोग आएंगे। नगर निगम जंगपुरा में बनने जा रहे बालीवुड पार्क को वेलकम झील में स्थानांतरित करने जा रहा है। इसका प्रस्ताव बन चुका है। इससे संबंधित फाइल अनुमति के लिए उच्च अधिकारियों के पास पहुंच गई है। बालीवुड पार्क वेस्ट टू वंडर पार्क की थीम पर बनेगा। इसमें कबाड़ से तैयार कलाकृतियां भारतीय सिनेमा के इतिहास और अब तक के सफर की झलकियां दिखाएगा। निगम अधिकारियों के मुताबिक, वेलकम झील में तीसरे चरण का निर्माण कार्य फंड के अभाव में शुरू नहीं हो पाया है। दूसरे चरण के कार्य के बाद ही गत फरवरी में इसका उद्घाटन कर दिया गया था। इसमें फिलहाल झील बन चुकी है। अभी थिएटर, मनोरंजन केंद्र के साथ पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप से झूले लगाने का काम बाकी है। पूर्व में दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने जंगपुरा में करीब 25 करोड़ की लागत से बालीवुड पार्क बनाने की योजना बनाई थी। इस पर फिलहाल निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। इस बीच निगम का एकीकरण हो गया। जंगपुरा के आसपास पहले से वेस्ट टू वंडर सहित अन्य पार्क विकसित किए जा चुके हैं। जंगपुरा में पार्किंग के लिए जगह की कमी थी। इसे देखते हुए अब योजना का स्थान बदल दिया गया है। अब इसे वेलकम झील में ही बनाने की योजना बनाई गई है। पिछले दिनों निगमायुक्त ज्ञानेश भारती ने वेलकम झील का दौरा किया था। अधिकारियों ने बताया कि फंड की कमी से कार्य ठप पड़ गया है। बालीवुड पार्क के लिए फंड आवंटित हो चुका है। ऐसे में यहां काम शुरू करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं आएगी। निगम अधिकारियों ने बताया कि उच्च अधिकारियों की इच्छा पर ही यह प्रस्ताव बनाया गया है।

**ये रहेगी खासियत**

- कबाड़ से तैयार कलाकृतियां दिखाएंगी भारतीय सिनेमा इतिहास की झलकियां
- एकड़ है झील व पार्क का कुल क्षेत्रफल
- एकड़ में झील के साथ बनेगा पार्क
- एकड़ में तैयार हुआ है दूषित जलशोधन संयंत्र
- करोड़ लीटर है झील की क्षमता
- लाख लीटर शोधित पानी प्रतिदिन इसमें डाला जाएगा
- एकड़ में है झील
- सेल्फी प्वाइंट

## महासावन में वेज गुलाटी में मिलेगा सात्विक भोजन का जायका

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



श्रद्धा का महासावन शुरू हो गया है। इसके बाद नवरात्र का त्यौहार आएगा। त्यौहारों के इस मौसम में मुश्किल तब आती है जब परिवार व दोस्तों के बाहर खाने का मूड बनता है और ऐसे रेस्त्रां की तलाश मुश्किल हो जाती है जो शुद्ध शाकाहारी होने के साथ सात्विक भोजन भी परोसता हो। दिल्ली में काफी लोग ऐसे भी हैं जो शाकाहारी हैं और उसी माहौल में भोजन करना पसंद करते हैं। तो चलिए... इस त्यौहारी मौसम में एक ऐसी ही रेस्त्रां से परिचय कराते हैं, जो आपकी तलाश को खत्म करने के साथ शुद्धता से बनाए गए शाकाहारी व्यंजनों को सलीके से परोसता है। धार्मिक भावना का रखा जाता है खास ख्याल ग्रीन पार्क स्थित वेज गुलाटी आकर आपको अच्छा महसूस होगा। इसके नाम में ही वेज है तो फिर शाकाहारी को लेकर क्या चिंतित होना। बात सात्विक भोजन की है, जिसकी पेशकश शायद ही कोई रेस्त्रां करता हो। या तलाश में एकाध मिल जाए। पर इसकी बात ही अलग है। इस रेस्त्रां में त्यौहारों खासकर नवरात्र में लोगों की धार्मिक भावनाओं का ख्याल रखते हुए अलग से सात्विक भोजन की व्यवस्था की जाती है, जिसे तैयार करते समय इसका विशेष ख्याल रखा जाता है कि उसमें प्याज, लहसून के साथ गाजर व मूली जैसी जड़ वाली सब्जियों का प्रयोग नहीं हो। इसके साथ ही उसे पूरी शुद्धता के साथ अलग से पकाया जाता है। इसकी खाद्य वस्तुएं अलग रखी जाती है और बनाने वाले बावर्ची भी अलग होते हैं। सात्विक भोजन की मेनू में साबुदाना खीर, दाल मखनी, समक की पूरी, कुट्टू का पराठा समेत अन्य व्यंजन शामिल हैं। इसके अंदर का माहौल तक आध्यात्म से भरा है। इंटीरियर करता है ज्यादा आकर्षित इसका इंटीरियर आंखों को आकर्षित करने के साथ शांति और सुकून की अनुभूति कराता है। इसकी एक दीवार पर शरीर के सात विशेष चक्रो को पंजे की विभिन्न मुद्राओं में दशार्या गया है। बर्तन से लेकर बैठने की व्यवस्था और स्टाफ का व्यवहार अच्छा फील कराता है।

**मुलाकात** | दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्रों में इनोवेशन क्लस्टर स्थापित कर अधिक से अधिक रोजगार पैदा करने पर भी किया विचार-विमर्श

## केजरीवाल से नोबेल पुरस्कार विजेता प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. अभिजीत बनर्जी मुलाकात की

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से आज नोबेल पुरस्कार विजेता प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. अभिजीत बनर्जी ने मुलाकात की। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल और प्रो. अभिजीत बनर्जी ने दिल्ली की अर्थव्यवस्था, रोजगार और वॉटर सिक्योरिटी से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही, उन्होंने दिल्ली के विकास के आपसी सहयोग और समर्थन की संभावनाओं को तलाशने पर चर्चा की। सीएम अरविंद केजरीवाल और प्रो. अभिजीत बनर्जी ने दिल्ली के मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों में इनोवेशन क्लस्टर स्थापित कर दिल्ली में अधिक से अधिक रोजगार पैदा करने को लेकर भी अपने विचार साझा किए। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो काम किया है, उसको देश और दुनिया के सामने एक मॉडल के रूप में रखने के लिए इच्छुक हैं, ताकि बाकी सरकारें भी समाज के कल्याण के लिए इसे अपना सकें।

सीएम ने कहा कि प्रो. बनर्जी की जे-पाल संस्था, दिल्ली सरकार के मिशन बुनियाद कार्यक्रम की एक अहम भागीदार है। जिसकी मदद से लाखों छात्रों की बुनियादी शिक्षा में सुधार करने में मदद मिली है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कैंप कार्यालय में नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. अभिजीत बनर्जी ने मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि अभिजीत बनर्जी, अब्दुल लतीफ जमील पॉवर्टी एक्शन लैब (जे-पाल) के निदेशक हैं। यह शोध केंद्र वैश्विक गरीबी को कम करने पर काम कर रहा है। प्रो. अभिजीत बनर्जी मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अर्थशास्त्र के अंतर्राष्ट्रीय प्रोफेसर हैं।

सीएम और प्रोफेसर बनर्जी की यह पहली बैठक थी और उन्होंने आज दिल्ली की अर्थव्यवस्था से जुड़े कई मामलों पर चर्चा की। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और दिल्ली संवाद एवं विकास आयोग के उपाध्यक्ष जैस्मीन शाह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रो. अभिजीत बनर्जी के साथ दिल्ली मॉडल की सफलताओं को साझा करते हुए कहा कि 2015 में सत्ता में आने के बाद से उनकी सरकार ने दिल्ली में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े कदम उठाए हैं। सीएम ने बताया कि कैसे दिल्ली सरकार के स्कूलों में लर्निंग आउट्कम के परिणाम ने सभी बाधाओं को सफलता पूर्वक पार किया और कैसे मोहल्ला क्लीनिक व सरकारी अस्पतालों की सूरत बदली और देश में एक मानक तय किया है। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के स्कूलों में चलाए जा रहे मिशन बुनियाद कार्यक्रम में जे-पाल के सहयोग की भी सराहना की। उल्लेखनीय है कि मिशन बुनियाद को अमलीजामा पहनाने में जे-पाल संस्था द्वारा किए गए शोध ने बहुत मदद की है, जिससे भारत भर में छात्रों के बुनियादी लर्निंग स्किल में सुधार लाया जा रहा है। दिल्ली सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो काम किया है, उसको देश और दुनिया के सामने एक मॉडल के रूप में रखने के लिए इच्छुक हैं, ताकि बाकी सरकारें भी लोगों के कल्याण के लिए इसे अपना सकें। इस संदर्भ में दिल्ली सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा के अपने मॉडल का दस्तावेजीकरण करने में जे-पाल की सहायता मांगी है।

## एनडीएमसी ने भवन मालिकों से स्ट्रक्चर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने भूकंप से इमारतों की सुरक्षा के लिए एक महीने के भीतर पैनलसूची के स्ट्रक्चर इंजीनियर द्वारा जारी अपने क्षेत्र के भवन मालिकों / कब्जाधारियों से स्ट्रक्चर ऑडिट रिपोर्ट और भवन नक्शों को मंगाया है। दिल्ली सरकार की अधिसूचना और उच्च न्यायालय के निदेशों के अनुसार, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने अपने क्षेत्र के भवन मालिकों/कब्जाधारियों को एनडीएमसी के वास्तुकला और पर्यावरण विभाग में स्ट्रक्चर सेफ्टी ऑडिट और भवन योजना प्रस्तुत करने के लिए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया है। जिसमें शैक्षिक भवनों, संस्थागत भवनों, सभा भवनों, अस्पतालों, मॉल, सिनेमा हॉल और अन्य भवनों के सभी मालिक / प्रयोगकताओं जहां बड़ी संख्या में सार्वजनिक सभा होती है और अन्य सभी भवन चाहे सरकारी हो या निजी, जिनकी ऊंचाई 15 मीटर या उससे अधिक हो एनडीएमसी को अपनी भवन स्ट्रक्चर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

एनडीएमसी द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार,उपरोक्त सभी श्रेणी के भवनों के लिए एक महीने के भीतर स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जहां भवन निर्माण की तारीख के बावजूद बिल्डिंग प्लान की मंजूरी के बिना कोई भवन का निर्माण किया गया था। एनडीएमसी की जारी सार्वजनिक सूचना में यह भी शामिल है कि यह सभी उपर्युक्त श्रेणियों के भवनों के लिए अनिवार्य है। एक माह के भीतर स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट प्रस्तुत करने के लिए जिसके लिए बिल्डिंग योजना 20.03.2001 से पहले यानी भूकंपीय भूकंप कोड के प्रावधानों के कार्यान्वयन से पहले जो स्वीकृत किए गए थे। एनडीएमसी के पब्लिक नोटिस के अनुसार उपरोक्त सभी श्रेणी के भवनों में से उन के लिए स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट प्रस्तुत करना अनिवार्य नहीं है, जिसके लिए बिल्डिंग योजना 20.03.2001 के बाद स्वीकृत किए गए थे और लेकिन इन इमारतों के लिए 30 साल पूरे होने के बाद स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट जमा करना अनिवार्य होगा। एनडीएमसी ने संरचना सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट की आवश्यकता के लिए उल्लिखित भवनों के मालिकों/उपयोगकताओं को सलाह दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### पूरी एकाग्रता के साथ शामिल हों परीक्षा में छात्र : दिनेश वर्मा



**गुरुग्राम।** इग्नू की परीक्षा में भाग ले रहे बच्चों को पिछले 15 वर्षों से डिस्टेंस लर्निंग हेल्प बुक क्षेत्र में कार्यरत गुल्लीबाबा पब्लिशिंग हाउस के फाउंडर व सीईओ दिनेश वर्मा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी परीक्षार्थी पूर्ण एकाग्रता के साथ बिना किसी तनाव के परीक्षा में सम्मिलित हों। उनका परिश्रम अवश्य फलीभूत होगा व निश्चित ही सुखद परिणाम प्राप्त होंगे। पब्लिशिंग हाउस पर छात्रों व आम लोगों की अच्छी भीड़ देखी गई। दिनेश वर्मा ने बताया कि लगभग भारत के सभी कोने से इग्नू के छात्र गुल्लीबाबा हेल्प बुक्स का प्रयोग करते है। छात्रों के अच्छे रुझान से हम काफी उत्साहित हैं। छात्रा दीपिका ने कहा कि पब्लिशिंग हाउस की हेल्प बुक्स वे द्वितीय सेमेस्टर से प्रयोग करती आ रही है और यह बहुत उपयोगी साबित भी हुई।

# कांग्रेस ना झुकेगी ना रुकेगी के नारे के साथ सड़क पर उतरे कांग्रेसी

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




**प्रदर्शन**

- ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में जमकर की नारेबाजी

नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा पहले राहुल गांधी और अब सोनिया गांधी को पूछताछ के लिए बुलाने के विरोध में कांग्रेसी कार्यकताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर है, शुक्रवार को हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता गुरुग्राम के कमान सराय स्थित कार्यालय में एकजुट हुए और कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी विवेक बंसल और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज के नेतृत्व में शहर में जुलूस निकालकर जमकर प्रदर्शन किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से विवेक बंसल के साथ कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज,पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, वीरेंद्र यादव, सुधीर चौधरी, कमल वीर मिंटू, कुलराज कटारिया , पंकज डावर, समेत अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे, सभी कांग्रेसी नेता हजारों कार्यकताओं के साथ कमान सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेस ना झुकेगी ना रुकेगी के नारे के साथ प्रदर्शन करते हुए सोहना चौक पर पहुंचे जहां भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। इस मौके पर विवेक बंसल ने कहा कि भाजपा सत्ता के नशे में चूर होकर राजनीतिक दुश्मनी निकालने का काम कर रही है, केंद्र की बड़ी-बड़ी एजेंसियों के दम पर झूठे आरोपों में पार्टी को बदनाम करना चाहती है, लेकिन भाजपा यह जान ले जनता सब देख रही है समय आने पर जनता जवाब देगी,

प्रदेस कॉंग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि भाजपा की नीतियों का जनता पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है, भाजपा अगर यह समझती है कि कांग्रेस पार्टी को ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का खौफ दिखाकर डरा देगी तो यह गलतफहमी अपने दिमाग से निकाल दे, क्योंकि जिस घमंड में भाजपा है उसका घमंड चूर होने में अब ज्यादा समय नहीं है, पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया ने कहा कि अगर कोई एजेंसी किसी भी मामले में जांच करना चाहती है तो कर सकती है, लेकिन झूठे और अनर्गल आरोप लगाकर सिर्फ किसी एक पार्टी को किसी और के इशारे पर कोई भी एजेंसी काम करेगी तो कांग्रेस का कोई भी सिपाही चुप बैठने वाला नहीं है, भाजपा ने जनता के साथ जो किया है आने वाले समय में जनता उसका फल जरूर देगी। इस अवसर हरिओम सिंह छोकर,बीर सिंह नम्बरदार, अमित भारद्वाज, अशोक भास्कर, वर्धन यादव, सुनीता सहरावत, निर्मल यादव, सुदेश यादव, सुनीता वर्मा, एडवोकेट सुमन सहरावत, पूजा शर्मा, अशोक उल्लावाश, मनीष खटाना, निशित कटारिया, सतबीर पहलवान, सतबीर गुर्जर, प्रदीप खटाना, कुलदीप कटारिया, सुशील टुल्लर, जितेंद्र राणा, दिनेश शर्मा, इंद्र सैनी, जसविंदर, महेश घोडारोप, प्रदीप जैलदार, राजेश यादव, शेखर गुर्जर, भारत मदान, सुनील यादव, नरेश यादव, मुकेश डागर, नरेश वसिष्ट , खेम चंद,चौधरी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## श्रम मंत्री ने गुरुग्राम में श्रमिक कैंटीन बनाने के दिए आदेश

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



गुरुग्राम के उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए लेबर कैंटीन बनवाने के लिए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल प्रयासरत हैं। उनके प्रयासों को सार्थक करते हुए शुक्रवार को हरियाणा के श्रम एवं रोजगार मंत्री अनूप धानक ने गुरुग्राम में लेबर कैंटीन बनाने के लिए अधिकारियों को सर्वे करके कैंटीन बनाने के आदेश दिए।

शुक्रवार को यहां एनआईआरसी की गुरुग्राम ब्रांच द्वारा सीए विद्यार्थियों के लिए नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें श्रम एवं रोजगार मंत्री अनूप धानक मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इसी कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने भी शिरकत की। समारोह में उन्होंने पर्यावरण के मुद्दे पर भी अपनी बात रखते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए आग्रह किया। श्रम मंत्री के समक्ष उन्होंने गुरुग्राम के उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कैंटीन बनवाने समेत तीन मांगों को रखा। गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में अलग से लेबर कालोनी बनाई जाए। औद्योगिक क्षेत्रों लेबर कैंटीन बनाई जाए और श्रमिकों के लिए हर रोज अलग-अलग जगह पर मेडिकल कैंप लगाए जाएं। उद्योग विहार, कादीपुर, बहरामपुर, पेस सिटी और दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्रों का जिक्र करते हुए गोयल ने कहा कि इन स्थानों पर श्रमिक कैंटीन बनाई जा सकती है। मौके पर ही श्रम मंत्री अनूप धानक ने अधिकारियों को आदेश देकर सर्वे करके जल्द ही इस काम को पूरा करने की बात कही। बाकी दो मांगों पर भी उन्होंने विचार करने का आश्वासन दिया।

# संघर्षों से भरा रहा है महामहिम द्रौपदी मुर्मू का जीवन: गोयल



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

- -द्रोपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर मनाई गई खुशी बांटी गई मिठाई

देश की दूसरी महिला और पहली आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के नेतृत्व में खुशी मनाई गई। उन्होंने कहा कि उनकी रिकॉर्ड जीत हमारे लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है।

सेक्टर-38 में आयोजित एक कार्यक्रम में कार्यकताओं, राहगिरों को मिठाई बांटी गई। उन्होंने कहा कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू गांव, गरीब, वंचितों के साथ-साथ झुग्गी-झोपडियों में भी लोक कल्याण के लिए सक्रिय रहीं हैं। आज वे उनके बीच से निकल कर सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंची हैं।

यह भारतीय लोकतंत्र की ताकत का प्रमाण है। यह विजय अन्त्योदय के संकल्प को चरितार्थ करने वाली है। निश्चित रूप से उनका राष्ट्रपति बनना जनजातीय समाज के सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर है। श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने के साथ समाज के वंचित पीड़ित शोषित वर्गों का प्रतिनिधित्व दिलाने की बात प्रमाणित हुई है।

यह दशार्ता है कि भाजपा सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। द्रौपदी मुर्मू की सक्षम अध्यक्षता में देश विश्वगुरू बने, यही मंगलकामना है। इस अवसर पर बलबीर सिंह गुप्ता, रतनलाल गुप्ता, धर्मेंद्र शर्मा, देवेंद्र सिंह नेगी, राज परमार, हरीश यादव, प्रवीण अग्रवाल, विजय वर्मा, ईशु वाल्मीकि, पंकज पाठक, हिमांशु, पदम, अशोक बंसल, अजय राय, हिमांशु गंभीर, नरेश अहलावत आदि मौजूद रहे।

## नोएडा के जेवर में किशोरी से बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** दिल्ली से सटे नोएडा के जेवर में पुलिस ने एक सूचना के आधार पर किशोरी से बलात्कार के आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जेवर के थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि 12 जून को एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कस्बा जेवर निवासी अमित उर्फ बबलू ने करीब तीन-चार महीने तक उसकी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी को नशीला पदार्थ पिलाकर लगातार उससे दुष्कर्म किया। सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और जांच के दौरान उसने एक सूचना के आधार पर शुक्रवार को आरोपी अमित को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी को पुलिस ने स्थानीय अदालत में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा करने तथा उससे बलात्कार करने के मामले में सहयोग करने वाली आरोपी महिला फूलवती को पुलिस ने बृहस्पतिवार रात को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि 27 अप्रैल, 2022 को एक व्यक्ति ने थाने में उसकी बेटी के अगवा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ मुहिम के तहत 717 व्यक्तियों का किया गया चालान

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



**कार्रवाई**

- 5.17 लाख जुमार्ना तथा 1457 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक किया गया जब्त

सरकार द्वारा 1 जुलाई से प्रतिबंधित किए गए सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ गुरूग्राम में चल रही मुहिम के तहत 717 व्यक्तियों का चालान किया गया है। इन पर 5.17 लाख रूपए का जुमार्ना करने के साथ ही 1457 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा के अनुसार सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों की पालना सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम गुरूग्राम की 7 टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई कर रही हैं। टीमों के साथ हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी भी विभिन्न मार्केट क्षेत्रों में दबिश दे रहे हैं। दोनों विभागों की संयुक्त टीमों द्वारा अब उल्लंघनकताओं पर कार्रवाई और भी तेज कर दी गई है।उन्होंने बताया कि नगर निगम गुरूग्राम द्वारा गठित 7 टीमों में अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें सफाई निरीक्षक दीपक डागर, जितेन्द्र, गौरव, हरीश शर्मा, अमन, बलजीत व भूपेन्द्र अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। इन टीमों द्वारा अब तक जोनवाईज की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए निगमायुक्त ने बताया कि जोन-1 क्षेत्र में 222 चालान, 125 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त करते हुए 1.10 लाख का जुमार्ना लगाया गया है।

जोन-2 क्षेत्र में 160 चालान, 150 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त तथा 86 हजार 500 रूपए जुमार्ना, जोन-3 क्षेत्र में 152 चालान, 547 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त तथा 1.84 लाख रूपए जुमार्ना किया गया है। इसके अलावा, जोन-4 क्षेत्र में 183 व्यक्तियों पर 136500 रूपए जुमार्ना तथा 635 किलोग्राम प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

## बिजली बिल जमा कराने के लिए क्षेत्रवासी परेशान

**गुरुग्राम।** बिजली विभाग द्वारा बिजली का बिल जमा कराने के लिए लक्ष्मी बाजार में केंद्र स्थापित किया हुआ था, जो करीब 10-15 दिनों से बंद है। क्षेत्र की आस-पास की कालोनियों के लोग जब बिल जमा कराने पहुंचे हैं तो वहां पर ताला लगा हुआ मिला है। केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा के प्रवक्ता व पंजाबी बिरादरी के पूर्व महासचिव बालकृष्ण खत्री ने बताया कि दुकानदारों से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह केंद्र सैक्टर 14 में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बिल जमा कराने के लिए अर्जुन नगर, मदनपुरी, प्रताप नगर के क्षेत्रवासी वहां पहुंचे हैं, जो काफी परेशान दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि यहां आने-जाने के लिए लोगों का न केवल समय बर्बाद होता है, बल्कि धन की बबार्दी भी होती है। अधिकांश लोगों को ऑनलाईन बिल जमा कराने की जानकारी नहीं होती, जिन्हें ऑनलाईन बिल जमा कराने में परेशानी आती है। उन्होंने बताया कि विधायक सुधीर सिंगला को समस्या के बारे में अवगत कराया और केंद्र को मैन्युअली फिर से खोलने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि बिल जमा कराने में आ रही समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा।

## दलीप लूथरा जन्मदिन पर करेंगे पौधारोपण

**गुरुग्राम।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी दलीप लूथरा वर्ष 2008 से अपने जन्म दिन के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते आ रहे हैं। इस बार भी आगामी 24 जुलाई को समाजसेवी दलीप लूथरा अपने 61 वें जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विधायक सुधीर सिंगला, नगर निगम की मेयर मधु आजाद, पूर्व सांसद डा. सुधा यादव, भाजपा पर्यावरण विभाग के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल तथा शहर के गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वृक्ष जीवन का स्तंभ होते हैं। वृक्षों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। आज लगाया गया पौधा आने वाले समय में वृक्ष बनकर नई पीढियों को हवा व छाया आदि प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में भी उल्लेख है कि एक वृक्ष सौ पुत्रों के समान है। पृथ्वी को हरा भरा रखने और पर्यावरण को सुरक्षित बनाने के लिए पौधारोपण बहुत आवश्यक है।

## '31 के बाद आयकर रिटर्न भरने वालों को देनी होगी लेट फीस'



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

आयकर विभाग आयकर रिटर्न भरने वालों को प्रतिदिन संदेश भेजकर सूचित कर रहा है कि वे 31 जुलाई तक अपनी आयकर रिटर्न ऑनलाईन भर लें ताकि लेट फीस का भुगतान करने से वे बच सकें। अकाउंटेंट, सीए, अधिवक्ताओं तथा कर सलाहकारों के यहां आयकर दाताओं का रिटर्न भराने के लिए तांता लगा हुआ है। कर सलाहकार पंकज वर्मा अधिवक्ता का कहना है कि वित्त वर्ष 2021-22 या असेसमेंट वर्ष 2022-23 में बिना ऑडिट वाले कर दाताओं की आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि आगामी 31 जुलाई है। उनका कहना है कि आयकर पोर्टल पर 26 एएस व एआईईएस की जानकारी जुलाई के प्रारंभ में ही सही रुप से दिखाई देने लगी है। इसलिए आयकर रिटर्न भरने में दिक्कतें हो रही थी। इसी के कारण अब कर सलाहकारों के यहां रिटर्न भरने वालों का तांता लगा हुआ है। उनका कहना है कि यदि कर दाताओं ने 31 जुलाई तक आयकर रिटर्न नहीं भरी तो उन्हें लेट फीस देनी होगी। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि 31 जुलाई के बाद 2.5 लाख से 5 लाख के बीच के आय वालों को एक हजार रुपए व 5 लाख से ऊपर वाले आयकर दाताओं को 5 हजार रुपए लेट फीस के रुप में भरने होंगे। लेट फीस से बचने के लिए उन्होंने आयकर दाताओं से आग्रह किया है कि वे आयकर रिटर्न समय पर भरवा लें ताकि लेट फीस का भुगतान करने से बचा जा सके।

# 22 जुलाई राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित करे केंद्र सरकार : शील




गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

प्रदेश के पूर्व डीजीपी व सादर इंडिया के संस्थापक शील मधुर ने राष्ट्रीय ध्वज दिवस पर राजधानी के जंतर-मंतर पर समारोह का आयोजन किया। उन्होंने समारोह में शामिल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक घटना है कि देशवासी राष्ट्रीय ध्वज दिवस मना रहे हैं। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी राष्ट्रीय ध्वज दिवस की घोषणा पूर्व की सरकारें नहीं कर सकीं। पिछले डेढ़ वर्ष से वह और उनकी टीम लगातार प्रयासरत रही है कि सरकार राष्ट्रीय ध्वज दिवस की घोषणा करे।

देशवासी भी चाहते हैं कि राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित किया जाए। वह पूर्व के कार्यक्रमों में भी 22 जुलाई का दिन राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रुप में मनाने की मांग सरकार से करते रहे हैं। उनकी इस मांग का देशवासी भी प्रबल समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न स्थानों पर भी राष्ट्रीय ध्वज दिवस का आयोजन हो रहा है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अगले एक माह तक अपनी सुविधानुसार राष्ट्रीय ध्वज दिवस 22 जुलाई के सम्मान में तिरंगा दिवस मनाते रहें ताकि उनकी ऐतिहासिक घोषणा को और मजबूती मिल सके।

पूर्व पुलिस अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया है कि 22 जुलाई का दिन भारतीय ध्वज दिवस के रुप में घोषित किया जाए। राष्ट्रीय ध्वज एक ऐसा प्रतीक है जो भारत जैसे विशाल देश में विविध आयामी विविधताओं के बावजूद देश की एकता व अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए देशवासियों को प्रेरित करता है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि प्रधानमंत्री 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस से पहले देशवासियों की इस मांग को अवश्य पूरा करने की घोषणा करेंगे। समारोह में देशभक्ति के गीत, कविताएं आदि भी स्कूली बच्चों ने कार्यक्रम में प्रस्तुत की।

## बोधराज ने ताइक्वांडो के प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध कराई सहयोग राशि



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष व पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी के सहयोग से जिले के गांव वजीराबाद निवासी जितेंद्र यादव की पुत्री रितु यादव द्वारा ताईक्वांडों के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर कोरिया में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए धानुका कंपनी की ओर से 5 लाख रुपए की सहयोग राशि मिली है। इस अवसर पर ग्रामीण मंगतराम, हंसराज बोहरा, जितेंद्र यादव, नवीन यादव, संजय यादव, जयपाल नंबरदार आदि ने बोधराज सीकरी के कार्यालय पहुंचकर उनका आभा प्रकट किया। बतादें कि बोधराज सीकरी ने इससे पूर्व भी जितेंद्र यादव की 2 पुत्रियों को प्रशिक्षण के लिए अपने मित्र के माध्यम से 10 लाख रुपए की सहायता उपलब्ध कराई थी, ताकि वे बेहतर प्रशिक्षण हासिल कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष व पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष बोधराज का कहना है कि जितेंद्र यादव की दोनों पुत्रियां ताइक्वांडों में बेहतर प्रदर्शन कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। बेटियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उन्होंने उनकी आर्थिक सहायता की है। उन्होंने बताया कि आज प्रदेश की बेटियां खेलों में देश का नाम रोशन कर रही हैं, जिन्हें सरकार भी पूरा सहयोग कर रही है।

# स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों में 20 अधिकारियों व कर्मचारियों को ही किया जाए सम्मानित: संजीव कौशल

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



- ऐसे अधिकारी, कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाए, जिन्होंने बेहतरीन सेवाएं देने का काम किया है: मुख्य सचिव

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस समारोहों में केवल 20 ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों को ही सम्मानित करें, जिनकी हर क्षेत्र में परफोर्मेंस आऊटस्टैंडिंग हो।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरी जांच पड़ताल के बाद ही अधिकारी व कर्मचारी को सम्मानित किया जाए तथा इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कोई भी विवादित व्यक्ति सम्मानित न हो । मुख्य सचिव ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय समारोह के मौके पर सम्मानित किए जाने वाले लोगों की सूची पूरी पारदर्शिता के साथ तैयार की जाए और ऐसे अधिकारी, कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाए, जिन्होंने बेहतरीन सेवाएं देने का काम किया है और कार्यालय में उपस्थिति सर्वाधिक हो।

मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में सम्मानित किए जाने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के लिए राज्य स्तर पर गठित कमेटी द्वारा मापदंड निर्धारित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए 5 अगस्त तक तथा गणतंत्र दिवस समारोह के लिए 15 जनवरी तक विभागों से अधिकारियों व कर्मचारियों की सूची प्राप्त की जाए।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि वर्तमान में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किए जाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के नामों की सूची फाईनल किए जाने के लिए जिला स्तर पर अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जाता है। इस कमेटी की सिफारिश के अनुसार ही सूची तैयार की जाती है।

उन्होंने मुख्यसचिव की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि राज्यस्तर पर मापदंड निर्धारित होने व फॉर्मैट बनने से सभी ज़िलों में एकरूपता आएगी और पात्र व्यक्तियों का चयन करने में प्रशासन को आसानी होगी।

## सलवान पब्लिक स्कूल का सीबीएसई की 12वीं कक्षा का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

सीबीएसई ने 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है, जिसमें सैक्टर 15 पार्ट 2 स्थित सलवान पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि मलिक ने बताया कि स्कूल की छात्रा अलीना वी जोसेफ 98.8 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय की टॉपर रही है। वाणिज्य संकाय की अश्मि गोयल 98.6 प्रतिशत, विज्ञान संकाय नॉन मेडिकल के नमन गोयल 97.4, विज्ञान संकाय मेडिकल की रिद्धि सांगवान 96.8 अंक प्राप्त कर अपने-अपने संकाय में विद्यालय में टॉपर रहे हैं। रश्मि मलिक का कहना है कि यह सब शिक्षकों की कड़ी मेहनत का ही फल है, जिसके कारण विद्यालय का परीक्षा परिणाम जहां शत-प्रतिशत रहा, वहीं कई छात्रों ने विभिन्न संकाय में अधिकतम अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना भी की है।

# बारिश से कहीं राहत को कहीं आफत



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

**समस्या**

- शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की समस्या का शहरवासी कर रहे सामना

शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हुई बारिश ने जहां शहरवासियों को बढ़ती गर्मी से राहत दी, वहीं शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हुए जलभराव ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को और अधिक बढ़ा दिया।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों राजेंद्रा पार्क, धनवापुर रोड, सूरत नगर, देवीलाल कालोनी, सैक्टर 9 व सैक्टर 10 क्षेत्रों में भी भारी मात्रा में जलभराव हो गया। बहुत से स्थानों पर लोगों के घरों में बारिश का पानी घुस गया, जिससे उन्हें बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जीएमडीए व नगर निगम प्रशासन दावे करता आ रहा है कि शहर में जलभराव नहीं होगा, क्योंकि ड्रेनेज व नालों की व्यवस्था और उनकी सफाई करा दी गई है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह सब कागजों तक में ही सीमित है। शहरवासी पिछले कई वर्षों से जलभराव की समस्या का सामना करते आ रहे हैं।

हालांकि प्रशासन प्रतिवर्ष जलभराव की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए करोड़ों रुपए ड्रेनेज व नालों की सफाई के लिए खर्च करता आ रहा है। शहरवासियों का कहना है कि इतना पैसा खर्च करने के बाद भी प्रतिवर्ष शहरवासियों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

सम्पादकीय

## संसद का स्थगित सत्र !

संसद के मॉनसून सत्र की शुरूआत दोनों सदनों में कार्यवाही के लगातार स्थगन से हुई है। सत्र के पहले तीन दिन विपक्ष के समवेत विरोध और हंगामे की बलि चढ़ चुके हैं। चौथे दिन की नियति भी ऐसी ही लगती है। एक भी विधायी कार्य नहीं हो पाया है, एक भी विशेष चर्चा नहीं हुई है, प्रश्नकाल और शून्यकाल भी शोर में खो गए हैं। संसद की कार्यवाही जब भी हंगामों और स्थगन का शिकार हुई है, हमने उसका बुनियादी विरोध किया है। यह लोकतंत्र और संसद की गलत व्याख्या है कि गतिरोध भी लोकतंत्र का जरूरी हिस्सा है। जब भाजपा विपक्ष में थी और विभिन्न घोटालों तथा विवादों के मद्देनजर उसने 15-15 दिन तक संसद की कार्यवाही नहीं चलने दी थी, तब भी देश की प्रतिक्रिया नाखुश और विरोध में थी।

संसद बाधित होती है, तो देश के औसत नागरिक को आघात लगता है, क्योंकि संसद का यह जनादेश नहीं है। लोकतंत्र और गणतंत्र के सबसे पवित्र, महान और गरिमापूर्ण मंदिर संसद का मकसद सिर्फ यही नहीं है कि सदन में हंगामेदार हरकतें की जाएं। अध्यक्ष या सभापति अथवा पीठासीन अधिकारी के आसन के करीब ह्यवेलह्ल में जाकर नारेबाजी, बैनरबाजी की जाए और कार्यवाही को स्थगित करने को विवश किया जाए।

हम संसदीय कार्यवाही को कवर करने के लंबे सालों में भी यह नहीं समझ पाए हैं कि विरोध की तख्तियां, रसोई गैस के सिलेंडर, दूध, दही, छाछ के पैकेट और डिब्बे या कटआउट आदि संसद परिसर में कैसे घुस जाते हैं? सदन के भीतर भी ये चीजें कैसे लेकर जा सकते हैं? क्या सांसद सदन के भीतर कुछ भी ले जा सकते हैं? ऐसा तो कोई नियम-कानून नहीं है। परचा, इश्तहार, कोई प्रचार सामग्री तक पर पाबंदी है। संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास विरोध-प्रदर्शन आदि बदस्तूर जारी हैं, जबकि सर्कुलर के जरिए उन पर पाबंदी के दिशा-निर्देश दिए गए थे।

क्या संसद भवन में कानूनहीनता और अराजकता की पूरी अनुमति है? बहरहाल अभी तक कार्यवाही स्थगित किए जाने से करीब 45 करोड़ रुपए पर पानी फिर चुका है। एक मिनट की कार्यवाही पर करीब 2.6 लाख रुपए खर्च होते हैं। चूंकि एक पूरे दिन की कार्यवाही औसतन 7 घंटे की होती है, लिहाजा दोनों सदन स्थगित करने पड़ें, तो औसतन 15 करोड़ रुपए स्वाहा हो जाते हैं। तीन दिन में यह राशि 45 करोड़ रुपए तक जाएगी। यह देश के करदाताओं का पैसा है, जिसे विपक्ष अपनी राजनीति के लिए फूंकने पर आमादा है। अब विरोध-प्रदर्शन, धरने, हंगामे आदि प्रवृत्तियां बन गई हैं, बेशक लोकतंत्र में विरोध का भी संवैधानिक स्थान है, लेकिन यह मर्यादित, समयबद्ध और प्रतीकात्मक होना चाहिए।

सदन जरूर चलना चाहिए, यह सरकार और विपक्ष दोनों को ही सुनिश्चित करना चाहिए। देश को यह जानने का भी अधिकार है कि जिस जीएसटी परिषद की बैठक में खाने-पीने और रोजमर्रा की चीजों पर जीएसटी थोपने का निर्णय लिया गया था, उसमें बंगाल, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पंजाब आदि आठ राज्यों के वित्त मंत्री भी मौजूद थे और वे विपक्ष की सरकारों के प्रतिनिधि थे। बेशक प्रस्ताव आम राय अथवा सर्वसम्मति से पारित किया गया, लेकिन सवाल है कि विपक्षी प्रतिनिधियों ने विरोध दर्ज क्यों नहीं कराया? असहमति की टिप्पणी कहां लिखाई गई है? अब विपक्ष इस मुद्दे पर कपड़े फाड़ रहा है।

यही राजनीतिक दोगलापन है। सारा नजला सरकार पर ही नहीं गिराया जा सकता। दोगलापन यह भी है कि स्पीकर या सभापति के साथ कार्य मंत्रणा समिति की जो बैठक होती है और उसमें संसदीय कार्यवाही का प्रारूप तय किया जाता है, उसमें विपक्ष की सहमति कैसे होती है? क्या यह दर्ज कराया जाता है कि हम सदन के भीतर अमुक विषय पर हंगामा मचाएंगे, नारेबाजी और पोस्टरबाजी भी करेंगे। हम दावे से कह सकते हैं कि विपक्ष ऐसा कुछ नहीं कहता और फिर सदन को बाधित किया जाता है। क्या यह देश की आंखों में धूल झोंकना नहीं है, क्योंकि सदन में या बाहर हमारे जन-प्रतिनिधि जनादेश के बिल्कुल विपरीत व्यवहार करते हैं? पराजित मन से हमने तय किया है कि संसद सत्र का नया नामकरण कर देना चाहिए-संसद का स्थगित सत्र !

## लीक से हटकर पढ़ाया जाएगा सोच का पाठ

प्रमोद भार्गव

देश का भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास ऐसा उच्च शिक्षण संस्थान है, जिसे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने लगातार चौथी बार देश का श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान घोषित किया है। यह देश का एकमात्र ऐसा संस्थान है, जो शिक्षा में नवाचारी प्रयोगों में आगे रहा है। विज्ञान के आविष्कार और श्रेष्ठ साहित्य लेखन की बुनियाद विचार या सोच है। परंतु सोच का पाठ्यक्रम देश में कहीं पढ़ाया जाता हो, ऐसा अब तक देखने-सुनने में नहीं आया है। यही कारण है कि 900 के करीब उच्च शिक्षण संस्थान होने के बावजूद हम शोध, प्रयोग और आविष्कार के क्षेत्र में पिछड़े हुए हैं।

खुशी की बात है कि आईआईटी मद्रास ने गणित के माध्यम से ह्यलीक से हटकर सोचह्य अर्थात ह्यआउट ऑफ द बाक्स थिंकिंगह्य पर आधारित पाठ्यक्रम शुरू किया है। इसके जरिए नवोन्मेषी सोच को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अनोखी पहल के तहत संस्थान का विद्यालय और महाविद्यालयों के करीब 10 लाख विद्यार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य है। इसके अलावा शोधकताओं और व्यवसायियों को भी जोड़ा जाएगा। यदि छात्र की सोच को ठीक से प्रोत्साहित किया गया तो तय है, देश के 70 प्रमुख शोध-संस्थानों में 3200 वैज्ञानिकों के जो पद खाली हैं, उनके भरने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। बेंगलुरु के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) से जुड़े संस्थानों में सबसे ज्यादा 177 पद रिक्त हैं। पुणे की राष्ट्रीय रसायन प्रयोगशाला में 123 वैज्ञानिकों के पद खाली हैं। कहते हैं कि पक्षियों के पंख प्राकृतिक रूप से ही संपूर्ण रूप में विकसित हो जाते हैं, लेकिन हवा के बिना उनमें पक्षी को उड़ा ले जाने की क्षमता नहीं होती है। अर्थात उड़ने के लिए वायु आवश्यक तत्व है। इसी तथ्य के आधार पर हम कह सकते हैं, आविष्कारक वैज्ञानिक को सोच के धरातल पर जिज्ञासु एवं कल्पनाशील होना जरूरी है। कोई वैज्ञानिक कितना भी शिक्षित क्यों न हो, वह कल्पना के बिना कोई मौलिक या नूतन आविष्कार नहीं कर सकता। शिक्षा संस्थानों से विद्यार्थी जो शिक्षा ग्रहण करते हैं, उसकी एक सीमा होती है, वह उतना ही बताती व सिखाती है, जितना हो चुका है। आविष्कार सोच एवं कल्पना की वह श्रृंखला है, जो हो चुके से आगे की अर्थात कुछ नितांत नूतन करने की जिज्ञासा को आधार तल देती है। स्पष्ट है, आविष्कारक नए सिद्धांतों के प्रतिपादकों को उच्च शिक्षित होने की कोई बाध्यकारी अड़चन पेश नहीं आनी चाहिए। अतएव हम जब लब्ध-प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों की जीवन-गाथा पढ़ते हैं, तो पता चलता है कि न तो वे उच्च शिक्षित थे, न ही वैज्ञानिक संस्थानों में काम करते थे और न ही उनके इर्द-गिर्द विज्ञान-सम्मत परिवेश था। उन्हें प्रयोग करने के लिए प्रयोगशालाएं भी उपलब्ध नहीं थीं। सूक्ष्म जीवों का अध्ययन करने वाले पहले वैज्ञानिक ल्यूवेनहॉक द्वारपाल थे और लेंस की घिसाई का काम करते थे। लियोनार्दो विंची कलाकार थे। आइंस्टीन पेटेंट कार्यालय में लिपिक थे। न्यूटन अव्यवहारिक और एकांतप्रिय थे। उन्होंने विवाह भी नहीं की थी। न्यूटन को मंदबुद्धि भी कहा गया है। थॉमस अल्वा एडिसन को मंदबुद्धि बताकर प्राथमिक पाठशाला से निकाल दिया गया था। इसी क्षीण बुद्धि बालक ने कालांतर में बल्व और टेलीग्राफ का आविष्कार किया। फैराडे पुस्तकों पर जिल्दसाजी का काम करते थे। लेकिन उन्होंने ही विद्युत-मोटर और डायोनामा का आविष्कार किया। प्रीस्टले पुरोहित थे। लेवोसिएर कर विभाग में कर वसूलते थे। संगणक (कंप्यूटर) की बुद्धि अर्थात सॉफ्टवेयर बनाने वाले बिल गेट्स का पढ़ाई में मन नहीं रमता था, क्योंकि उनकी बुद्धि सॉफ्टवेयर निर्माण की परिकल्पना में एकाग्रचित्त थी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक रोगों की पहचान कर दवा बनाने वाले आविष्कारक भी चिकित्सा विज्ञान जुड़े या चिकित्सक नहीं थे। आयुर्वेद उपचार और दवाओं का जन्म तो हुआ ही ज्ञान परंपरा से है। गोया, हम कह सकते हैं कि प्रतिभा जिज्ञासु के अवचेतन में कहीं छिपी होती है। इसे पहचानकर गुणीजन या शिक्षक प्रोत्साहित कर कल्पना को पंख देने का माहौल दें तो भारत की धरती से अनेक वैज्ञानिक-आविष्कारक निकल सकते हैं। पुरानी कहावत है कि आवश्यकता आविष्कार की जननी है। लेकिन आविष्कार वही लोग कर पाते हैं, जो कल्पनाशील होते हैं। वे अपने मौलिक इनोवेटिव आइडियाज को आकार देने में जुटे रहते हैं। अतएव संस्थागत स्तर पर सोच को शैक्षिक ज्ञान का धरातल मिलेगा तो परिकल्पनाएं आविष्कार के रूप में आकार लेने लग जाएंगी।

# आखिर क्यों जरूरी है भारत के लिए एस-400 डील

**भारत रूस से बिना किसी रोकटोक के एस-400 मिसाइल सिस्टम खरीद सकेगा। दरअसल 2017 में बने अमेरिकी कानून काटसा के अनुसार यदि रूस, उत्तरी कोरिया अथवा ईरान के साथ कोई भी देश रक्षा या जासूसी संबंधी कोई डील करता है तो उसे अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करना होगा लेकिन भारत को इससे छूट दिया जाना निश्चित रूप से भारतीय कूटनीति की बड़ी सफलता है। वैसे भारत इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए सदैव यही कहता आया है कि रूस से इस महत्वपूर्ण रक्षा सौदे को लेकर वह किसी भी तरह के बाहरी दबाव में नहीं आएगा और रक्षा खरीद में राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रश्न यह है कि भारत के लिए रूस से एस-400 की डील आखिर इतनी महत्वपूर्ण क्यों है? दरअसल चीन, पाकिस्तान तथा अन्य दुश्मन पड़ोसी देशों से निपटने के लिए भारत को इस रक्षा प्रणाली की सख्त जरूरत है।**





योगेश कुमार गोयल
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

पिछले सप्ताह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने भारत को रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के लिए काटसा प्रतिबंधों से खास छूट दिलाने वाले एक संशोधित विधेयक को पारित कर दिया, जिसके बाद भारत रूस से बिना किसी रोकटोक के एस-400 मिसाइल सिस्टम खरीद सकेगा। दरअसल 2017 में बने अमेरिकी कानून काटसा के अनुसार यदि रूस, उत्तरी कोरिया अथवा ईरान के साथ कोई भी देश रक्षा या जासूसी संबंधी कोई डील करता है तो उसे अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करना होगा लेकिन भारत को इससे छूट दिया जाना निश्चित रूप से भारतीय कूटनीति की बड़ी सफलता है। वैसे भारत इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए सदैव यही कहता आया है कि रूस से इस महत्वपूर्ण रक्षा सौदे को लेकर वह किसी भी तरह के बाहरी दबाव में नहीं आएगा और रक्षा खरीद में राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को प्राथमिकता दी जाएगी।

प्रश्न यह है कि भारत के लिए रूस से एस-400 की डील आखिर इतनी महत्वपूर्ण क्यों है? दरअसल चीन, पाकिस्तान तथा अन्य दुश्मन पड़ोसी देशों से निपटने के लिए भारत को इस रक्षा प्रणाली की सख्त जरूरत है। एस-400 प्रणाली को भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल करने के लिए रूस के साथ महत्वपूर्ण करार होने के बाद तत्कालीन वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ ने कहा था कि एस-400 तथा राफेल विमान वायुसेना के लिए बूस्टर खुराक होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 2018 में हुई शिखर बैठक के दौरान भारतीय वायुसेना को ताकत प्रदान करने के लिए करीब 5.43 अरब डॉलर में एस-400 एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइल रक्षा प्रणाली की पांच इकाईयां खरीदने का करार हुआ था। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक एस-400 के वायुसेना में शामिल होने के बाद भारत जमीन की लड़ाई भी आसमान से ही लड़ने में सक्षम हो जाएगा। मल्टीफंक्शन रडार से लैस दुश्मन की बबार्दी का ब्रह्मास्त्र मानी जाने वाली एस-400 दुनियाभर में सर्वाधिक उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणालियों में से एक है, जो रूसी सेना में 2007 में सम्मिलित हुई थी।

यह ऐसी प्रणाली है, जिसके रडार में आने के बाद दुश्मन का बच पाना असंभव हो जाता है। इसके हमले के सामने भागना तो दूर, संभलना भी मुश्किल होता है। कुछ रक्षा विशेषज्ञ इसे जमीन पर तैनात ऐसी आर्मी भी कहते हैं, जो पलक झपकते सैकड़ों फीट ऊपर आसमान में ही दुश्मनों की कब्र बना सकती है। यह एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम तीन तरह की अलग-अलग मिसाइल दाग सकता है और इसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी आसानी से पहुंचाया जा सकता है। यही नहीं, नौसेना के मोबाइल प्लेटफॉर्म से भी इसे दागा जा सकता है। रूस से यह मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने वाला पहला देश चीन था। भारत के लिए रूस से यह मिसाइल रक्षा प्रणाली हासिल करना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि देश के लिए सबसे बड़ा खतरा बनते पड़ोसी देश चीन ने रूस से 2014 में ही एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीद ली थी, इसलिए 3488 किलोमीटर लंबी भारत-चीन सीमा की सुरक्षा के मद्देनजर एस-400 रक्षा प्रणाली हासिल करना और अपनी रक्षा प्रणाली को मजबूत करते हुए वायुसेना की ताकत बढ़ाना भारत के लिए बेहद जरूरी हो गया है। यह प्रणाली जमीन से मिसाइल दागकर हवा में ही दुश्मन की ओर से आ रही मिसाइलों को नष्ट करने में सक्षम है। यह एक साथ 36 लक्ष्यों और दो लॉन्चरों से आने वाली मिसाइलों पर निशाना साध सकती है और 17 हजार किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से 30 किलोमीटर की ऊंचाई तक अपने लक्ष्य पर हमला कर सकती है। एस-400 में मिसाइल दागने की क्षमता पहले से ढाई गुना ज्यादा है। यह कम दूरी से लेकर लंबी दूरी तक मंडरा रहे किसी भी एरियल टारगेट को पलक झपकते ही हवा में ही नष्ट कर सकती है। यह मिसाइल प्रणाली पहले अपने टारगेट को स्पॉट कर उसे पहचानती है, उसके बाद मिसाइल सिस्टम उसे मॉनीटर करना शुरू कर देता है और उसकी लोकेशन ट्रैक करता है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक इस मिसाइल प्रणाली को अगर आसमान में फुटबॉल के आकार की भी कोई चीज मंडराती हुई दिखाई दे तो यह उसे भी डिटेक्ट कर नष्ट कर सकती है।

एस-400 रक्षा प्रणाली को केवल पांच मिनट में ही युद्ध के लिए तैयार किया जा सकता है। 600 किलोमीटर की दूरी तक निगरानी करने की क्षमता से लैस एस-400 की मदद से भारत के लिए पाकिस्तान के चप्पे-चप्पे पर नजर रखना भी संभव हो सकेगा। यह किसी भी प्रकार के विमान, ड्रोन, बैलिस्टिक व क्रूज मिसाइल तथा जमीनी ठिकानों को 400 किलोमीटर की दूरी तक ध्वस्त करने में सक्षम है। इसके जरिये भारतीय वायुसेना देश के लिए खतरा बनने वाली मिसाइलों की पहचान कर उन्हें हवा में ही नष्ट कर सकेगी। भारत की रक्षा जरूरतों की बात करें तो भारत दुनिया के सबसे बड़े हथियार खरीदार देशों में से एक है, जो हथियार और रक्षा उपकरण सबसे ज्यादा रूस से ही खरीदता रहा है। कभी भारत की करीब 80 फीसदी रक्षा जरूरतें रूस से ही पूरी होती थी किन्तु वक्त की मांग के अनुरूप भारत ने अमेरिका, फ्रांस और इजरायल के साथ भी कई बड़े रक्षा समझौते किए लेकिन फिर भी करीब 58 फीसदी रक्षा सौदे भारत आज भी रूस के साथ ही करता है।

अगर 2013 से 2017 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि दुनियाभर में हथियारों का करीब 12 फीसदी आयात भारत में ही हुआ, जो अन्य देशों के मुकाबले सर्वाधिक था। वैसे हथियार उत्पादन की मेक इन इंडिया मुहिम में भी रूस भारत का बहुत बड़ा मददगार साबित हो रहा है। मेक इन इंडिया सैन्य प्रोजेक्ट के तहत रूस के पास 12 अरब डॉलर की परियोजनाएं हैं। इसके अलावा सैन्य विशेषज्ञों के मुताबिक करीब 25 अरब डॉलर के हथियारों की खरीद और होने के आसार हैं।

बहरहाल, रूस से एस-400 की आपूर्ति की राह में जिन अमेरिकी प्रतिबंधों के कांटे बोए जाने की आशंका लंबे समय से मंडरा रही थी, भारत के कड़े रुख और सफल विदेश नीति के चलते उस बाधा का दूर होना निश्चित रूप से भारत के लिए राहत की बात है।

# कश्मीर का भीतरी संघर्ष

**नया इस लिहाज से नहीं कि इसमें अब तक अज्ञात रहे कुछ नए ऐतिहासिक या राजनीतिक तथ्यों का समावेश किया गया हो। यह प्रयास नया इस लिहाज है कि इसमें कश्मीर घाटी को समझने के लिए नई शोध पद्धति का सहारा लिया गया है। यह पद्धति एटीएम और शेर-बकरा की दो नई अवधारणाओं पर आधारित है। एटीएम से क्या अभिप्रेत है? शाब्दिक लिहाज से ए यानी अरब, टी यानी तुर्क और एम यानी मुगल। इन तीनों को मिला कर एटीएम बनता है। इसे गणितीय भाषा में इस प्रकार लिखा जा सकता है : एटीएम। एटीएम मूल के मुसलमान अपने आप को अशरफ कहते हैं और दूसरों से भी कहलवाना पसंद करते हैं। फारसी भाषा के इस शब्द का अर्थ, उच्च कोटी के लोगों से होता है। हिन्दोस्तान के जो लोग अपना पंथ या सम्प्रदाय छोड़ कर इस्लाम में मतान्तरित हो गए, उनको एटीएम मुसलमान, अफजाल/अजलाफ/पसमांदा मुसलमान कहते हैं।**





कुलदीप चंद अग्निहोत्री
लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)

जम्मू-कश्मीर, विशेष रूप से कश्मीर घाटी का अध्ययन करने का यह नया प्रयास है। नया इस लिहाज से नहीं कि इसमें अब तक अज्ञात रहे कुछ नए ऐतिहासिक या राजनीतिक तथ्यों का समावेश किया गया हो। यह प्रयास नया इस लिहाज है कि इसमें कश्मीर घाटी को समझने के लिए नई शोध पद्धति का सहारा लिया गया है। यह पद्धति एटीएम और शेर-बकरा की दो नई अवधारणाओं पर आधारित है। एटीएम से क्या अभिप्रेत है? शाब्दिक लिहाज से ए यानी अरब, टी यानी तुर्क और एम यानी मुगल। इन तीनों को मिला कर एटीएम बनता है। इसे गणितीय भाषा में इस प्रकार लिखा जा सकता है : एटीएम। एटीएम मूल के मुसलमान अपने आप को अशरफ कहते हैं और दूसरों से भी कहलवाना पसंद करते हैं। फारसी भाषा के इस शब्द का अर्थ, उच्च कोटी के लोगों से होता है। हिन्दोस्तान के जो लोग अपना पंथ या सम्प्रदाय छोड़ कर इस्लाम में मतान्तरित हो गए, उनको एटीएम मुसलमान, अफजाल/अजलाफ/पसमांदा मुसलमान कहते हैं। फारसी के इन तीनों शब्दों का अर्थ थोड़े बहुत हेर फेर से नीच या तुच्छ कोटी का है। वैसे तो एटीएम की अवधारणा और उसका सकारात्मक नकारात्मक प्रभाव अखिल भारतीय स्वरूप का है, लेकिन यहां हमारा अध्ययन केवल कश्मीर घाटी तक ही सीमित है। कहा जाता है कश्मीर घाटी में एटीएम के इन तीनों समुदायों की जनसंख्या पांच प्रतिशत से भी कम है। कुछ जानकार दो-तीन प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ते। इस अवधारणा को कश्मीर के अध्ययन में ह्यटूलह्ल के तौर पर इस्तेमाल करके कश्मीर घाटी के इतिहास और राजनीति को समझने का प्रयास किया गया है। लेकिन यह अवधारणा अमूर्त है। निराकार है। परंतु कश्मीरियों के मन मस्तिष्क में सर्वत्र विद्यमान है। कश्मीर घाटी में यह अवधारणा तब से ही विद्यमान है, जब से अरब क्षेत्र में इस्लाम के उदय के बाद, ईरान और मध्य एशिया के तुर्क व मुगल मूल के लोगों पर अरबों का अधिकार ही नहीं हो गया, बल्कि उनको मतान्तरित भी कर लिया गया था। इस अभियान के बाद एटीएम मूल के लोगों का कश्मीर घाटी में प्रवेश हुआ और यहां भी मतान्तरण का अभियान शुरू हुआ और तभी से घाटी में एटीएम बनाम देसी कश्मीरी मुसलमान (केएम) की अवधारणा या मनोविज्ञान का जन्म हुआ और साथ ही संघर्ष भी शुरू हो गया। एटीएम-कश्मीरियों के बीच के संघर्षों पर चर्चा करने से पूर्व अरब सैयदों, तुर्कों व मुगल मंगोलों के इतिहास व उनके कश्मीर से सम्बन्ध की शिनाख्त कर लेना भी जरूरी है। यह जान लेना श्रेयस्कर होगा कि आखिर ये सैयद कौन हैं और इनकी जड़ कहां है? सैयद मूलतः अरब क्षेत्रों के रहने वाले हैं। इस्लाम के अभ्युदय के बाद वहीं से वे मध्य एशिया में फैले। सैयदों का सम्बन्ध इस्लाम के संस्थापक हजत मोहम्मद व उनके दामाद अली बिन अबी तालिब के कुल गोत्र से है। अली के वंश के लोग सैयद कहलाते हैं। अली के खानदान से ताल्लुक रखने वाले इन सैयदों का अरबों की सामाजिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान रहता है। यही कारण है कि इस्लामी समाज में सैयद को सबसे ऊंचा दर्जा हासिल है। कुछ विद्वान उन्हें अरब के ब्राह्मण या इस्लाम के ब्राह्मण भी कहते हैं। कश्मीर में सैयद मोटे तौर पर मस्जिदों में पुरोहिताई का काम करते हैं। सैयदों के अपने यजमान हैं। कश्मीर घाटी में सैयद अनेक रूपों और भेषों में मिल जाएंगे, मसलन मौलवी, काजी, मुफ्ती, पीरजादेह या सिजदानशीं इत्यादि। ये सभी मुख्य रूप से मस्जिदों का काम संभालते हैं या फिर मुगल शासकों द्वारा दी गई जागीरें का लुत्फ उठाते हैं। सयदीकल रिचुअल के माध्यम से ये आम कश्मीरी मुसलमान पर अपना शिकंजा कसते हैं। सैयद आम भारतीय मुसलमानों से सम्बन्ध रखना या उनको बराबर का दर्जा देना किसी भी हालत में मंजूर नहीं करते। कुछ साल पहले 17 जून 2016 में पाकिस्तान से छपने वाले दैनिक समाचार दि एक्सप्रेस ट्रिब्यून में नाजिश गुलजार की लिखी एक गाथा छपी थी। उसने एक सैयद लडकी का नाम-स्थान बदल कर उसकी आपबीती लिखी थी। अखबार ने इस कथा के साथ डिस्क्लेमर भी लिख दिया था कि यह गाथा सच्ची कथा पर आधारित फिक्शन है। पाकिस्तान में ऐसा करना जरूरी भी था। कहानीकार ने कथा का शीर्षक बीईंग ए सयैद जादी वाज नॉट ए मैटर आफ प्राइड फार मी, इट वाज ए कर्स रखा था। कथा चाहे थोड़ी लम्बी है, लेकिन मैं उसे यहां उद्धत करने का लोभ संवरण नहीं कर पा रहा हूं। कथा प्रथम पुरुष में ही लिखी गई है। पूरी कथा परिशिष्ट में दी गई है, लेकिन कहानी का सार तत्व यह है कि सैयद अपनी बेटी को किसी भारतीय या पाकिस्तानी देसी मुसलमान से ब्याहने की बजाय कुंवारी रखना या मार देना ही बेहतर समझते हैं। इस कथा में सैयदा देसी मुसलमान से विवाह करना चाहती है, लेकिन उसका बाप उसकी इस अपमानजनक ख्वाहिश का अंत उसको मार कर करता है। सामान्य दृष्टि से देखने पर इसे आनरकिलिंग का मामला भी कहा जा सकता है। लेकिन इस्लाम में तो जाति व्यवस्था नहीं है। सैयद तो अरब और मध्य एशिया से हिन्दुस्तान में आए हैं। वहां भी जाति व्यवस्था नहीं है। भारतीय या पाकिस्तानी या बांग्लादेशी मुसलमान भी इन सैयदों के हम मजहब हैं। यहां मामला जाति अभिमान का नहीं है, क्योंकि इस्लाम में जाति है ही नहीं। यहां मामला सैयद होने का है। सैयद जिस वंश से ताल्लुक रखता है, उस वंश के लोग किसी भारतीय/पाकिस्तानी/बांग्लादेशी मुसलमान से शादी कैसे कर सकते हैं? देसी लोग मुसलमान हो जाने के बाद भी क्या सैयद के बराबर हो सकते हैं? लेकिन मामला केवल सैयदों तक ही सीमित नहीं है। तुर्क और मुगल भी अपने आप को भारतीय देसी मुसलमानों से कहीं श्रेष्ठ मानते हैं। लेकिन तब प्रश्न उठ सकता है कि सैयद पुरुष गैर सैयद यानी भारतीय या पाकिस्तानी मुसलमान लडकी से तो शादी कर सकता है। इस कथा में भी उसका जिक्र किया गया है। मुगल वंश के शाहजहां, जहांगीर, शाहजहां, औरंगजेब और अकबर के किस्से भारतीय लड़कियों से शादी के किस्सों से भरी पड़ी हैं। लेकिन इसके उलट कोई किस्सा वहां भी नहीं मिलता। ये बादशाह तो सैयद नहीं थे बल्कि तुर्क व मुगल थे। लेकिन राजसत्ता संभालने के बाद ये अपने आप को सैयदों के बराबर मानने लगे थे। तैमूरलंग तो सैयदों को अपने से नीचा ही मानता था। परन्तु चाहे सैयद हो या तुर्क हो या फिर मुगल मंगोल हो यानी एटीएम, देसी मुसलमान से विवाह नहीं कर सकता। लेकिन देसी मुसलमान लडकी से विवाह करने में इसलिए एतराज नहीं है क्योंकि उस लडकी से

# देश की महामहिम ब्रह्माकुमारी द्रौपदी मुर्मु !

डॉ श्रीगोपाल नारसन

यह सच है भगवान हर किसी की परीक्षा लेते है और जो कठिन से कठिन परीक्षा में भी विचलित न हो उसे भगवान सिर आंखों पर बैठा लेते है। द्रौपदी मुर्मु के साथ भी ऐसा ही हुआ। अपने पति और दो बच्चों को हमेशा के लिए खो चुकी द्रौपदी के जीवन मे एक समय ऐसा अंधकार आया था कि लग ही नही रहा था, कभी सवेरा भी होगा। लेकिन जैसे ही दौपदी मुर्मु प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सम्पर्क में आई और राजयोग का अभ्यास कर उनका सम्बंध सीधे भगवान से जुड़ा तो उनके जीवन में गहराया अंधकार हमेशा हमेशा के लिए छंट गया। द्रौपदी को तब तक यह ज्ञान भी हो गया था कि यह सृष्टि एक ड्रामा है जिसमे हम सब अपना अपना किरदार निभाने आए है। जिनका किरदार जितना है, वह उतने ही समय तक रह पाएगा और फिर सबको अपने वास्तविक घर परमधाम जाना है। इसी ज्ञान ने उन्हें जीवन मे प्रकाश दिया और वे देश, समाज व ईश्वरीय सेवा करने में सक्षम हुई। अपने संघर्ष पूर्ण जीवन के इस सुखद पड़ाव पर आकर वे सर्वोच्च पद पर आसीन हो रही है। 25 जुलाई को द्रौपदी मुर्मू देश के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करेंगी। एक आदिवासी परिवार की महिला का देश के राष्ट्रपति पद तक पहुंचना इतना आसान नहीं था। क्योंकि उनका जीवन कई मुश्किलों से भरा रहा है, लेकिन वे सफर की हर मुश्किल को दूर करती चली गईं।

द्रौपदी मुर्मू बेहद अनुशासनात्मक और साधारण जीवन जीती हैं। वे रोज सुबह 3 बजे उठ जाती हैं और अपना नियमित राजयोग का अभ्यास करती हैं। विकास महन्तो, द्रौपदी मुर्मू असाधारण रूप से मेहनती और समय की पाबंद हैं। वह जो भी काम करती हैं, उसके बारे में समय की पाबंद होती हैं। सुबह 3 बजे उठने के बाद राजयोग अभ्यास यानि परमात्मा की याद में बैठने के बाद वे नित्य कार्यों में जुट जाती है। फिर नाश्ता करती हैं और उसके बाद अखबार व कुछ आध्यात्मिक किताबें पढ़ती हैं। अध्यात्म विषयक यूट्यूब वीडियो भी देखती हैं। ब्रह्माकुमारी बहनों और भाइयों द्वारा दिए गए आध्यात्मिक ज्ञान से उनके जीवन में एक बड़ा बदलाव आया है। अपने दोनों बेटों को खोने के बाद, वह अंदर ही अंदर बहुत दुखी रहती थीं। राजनीति से भी दूर हो जाना चाहती थी, लेकिन जैसे ही वह ब्रह्मकुमारी संस्था में शामिल हुईं और राजयोग का कोर्स किया, वह ठीक होने लगीं व फिर से काम पर वापस आ गई। द्रौपदी अपने साथ ब्रह्माकुमारीज की किताबे रखती हैं। वह शुद्ध शाकाहारी हैं, प्याज और लहसुन तक नहीं खाती हैं। ओडिशा की विशेष मिठाई चेन्ना पोड़ा उनका पसंदीदा व्यंजन है। 21जून की शाम करीब 8 बजे उन्हें एक फोन आया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनसे बात करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने उन्हें बताया कि संसदीय बैठक के बाद उन्होंने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में उनका नाम रखने का फैसला किया है। शुरूआती कुछ सेकेंड के लिए वे काफी भावुक हो गई थीं। शायद उन्हें अपने पति और बेटों की याद आ रही थी। वह थोड़ा रोई, और फिर सामान्य हो गईं क्योंकि यह खबर आते ही उनके यहां भीड़ एकत्र हो गई थी। द्रौपदी मुर्मू आज जिस मुकाम पर हैं, वहां पहुंचने के लिए उन्होंने एक लंबा सफर तय किया है। सन 2009-2015 के बीच केवल छह वर्षों में, मुर्मू ने अपने पति, दो बेटों, मां और भाई को खो दिया था, लेकिन अपने जीवन में इतनी त्रासदियों के आने के बाद भी वे मुसीबतों से टकराती रही और आज वे देश की शीर्ष पद तक जा पहुंची हैं। ब्रह्माकुमारीज संस्थान के कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय ने बताया कि 13 साल से मुर्मू नियमित तौर पर आबू रोड ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय आती हैं व आबू रोड के साथ ही माउंट आबू में होने वाले संस्थान के कार्यक्रमों में शामिल होती हैं। मृत्युंजय ने बताया कि उनके पहले बेटे की सन 2009 में मृत्यु हुई और फिर दूसरे साल उनके दूसरे बेटे की मृत्यु ने उन्हें हिलाकर रख दिया था। उन्होंने सन 2014 में पति को भी खो दिया था। इसके बाद वह अध्यात्म के ज्यादा करीब आ गईं। विधायक और झारखंड की राज्यपाल रहते हुए उन्होंने अध्यात्म के प्रचार-प्रसार में अहम योगदान दिया। 31 जनवरी, सन 2016 और आठ फरवरी, सन 2020 को मूल्य शिक्षा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने आईं मुर्मू ने ब्रह्माकुमारीज में रहने वाले लोगों से व्यक्तिगत तौर पर संवाद किया। उनके राष्ट्रपति पद पर चुने जाने पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सदस्यों में खुशी की लहर है। द्रौपदी मुर्मु ने शीघ्र ही ब्रह्माकुमारीज संस्थान आबू रोड आने का वादा भी किया है। द्रौपदी मुर्मू के पास वृहद प्रशासनिक अनुभव है। वह ओडिशा में परिवहन, वाणिज्य, मत्स्य व पशुपालन विभाग की मंत्री रही हैं। 64 वर्षीय मुर्मू ने राजनीतिक करियर का आरंभ पार्षद के रूप में किया और बाद में ओडिशा के रायरंगपुर राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की वाइस चेयरमैन बनीं। संताल आदिवासी समुदाय से आने वाली मुर्मू ने झारखंड के राज्यपाल के तौर पर भी अपनी प्रशासनिक दक्षता की छाप छोड़ी है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### भर्ती के लिये रेस लगाते युवक की हार्ट अटैक से मौत

बिजनौर। भर्ती के लिए तैयारी कर रहे युवक की रेस लगाते समय हार्ट अटैक आ जाने से मृत्यु हो गई। मौत की खबर पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हल्दौर थाना अंतर्गत ग्राम खेड़की टप्पा निवासी गौतम पुत्र राम सिंह शुक्रवार सुबह भर्ती के लिए झालू नहटौर रोड पर रेस लगा रहा था। अचानक रेस लगते हुए उसे हार्ट अटैक आ गया और वो बिलाई मिल के निकट सड़क पर गिर गया। जिसकी सूचना रेस लगा रहे दूसरे युवकों ने तत्काल घरवालों को दी। परिजन गौतम को उठा कर निजी अस्पताल ले कर गये, जहाँ पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मृत्यु से परिजनों में कोहराम मच गया। वहां मौजूद प्रत्येक व्यक्ति की आंखें भी नम हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक गौतम मिलनसार स्वभाव का धनी था। उनके जाने से क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया है।

### मैक्स पिकअप की टक्कर से युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

गजरौला। मैक्स पिकअप की टक्कर से युवक की मौत हो गई। शिनाख्त नहीं होने पर शव को मोर्चरी भेजा गया। शव की शिनाख्त करवाने की कोशिश की जारी है।गुरुवार रात दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर मुरादाबाद की ओर से आ रही मैक्स पिकअप ने सड़क किनारे खड़े एक युवक को टक्कर मार दी। युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग जमा हो गए। भागने की कोशिश कर रहे पिकअप चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में लिया। पिकअप भी कब्जे में ली। युवक के शव की शिनाख्त नहीं होने पर शव को मोर्चरी भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास किए जाने व इसके बाद ही आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही।

### रिद्धी अग्रवाल ने किया नाम रोशन

बिजनौर। सीबीएसई के 12 वीं के परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित किये गये। जिसमें बिजनौर के मौहल्ला आदर्शनगर किरतपुर रोड बिजनौर निवासी तारकेश्वर गुप्ता व श्रीमति नेहा गुप्ता की होनहार पुत्री रिद्धी अग्रवाल जो डीडीपीएस की छात्रा है ने भी नाम रोशन किया व अच्छे अंकों के साथ 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। रिद्धी का भाई प्रशांत गुप्ता भी एक मेधावी छात्र है।

### 27 जुलाई को तहसील सदर में होगी वृक्षो की नीलामी

बिजनौर। नायाब तहसीलदार तहसील सदर ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुये बताया कि ग्राम पुट्ठा, परगना दारानगर तहसील व जिला बिजनौर के ग्राम समाज देवस्थान की भूमि पर खड़े यू०के० लिप्टिस के 17 वृक्षों, नीम के 02 वृक्षों व पीपल के एक वृक्ष कुल 20 वृक्षों की नीलामी दिनांक 27 जुलाई, 2022 को समय दोपहर 2:00 बजे तहसील सभा कक्ष में की जायेगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति नियत समय दिनांक एवं स्थान पर उपस्थित होकर नीलाम की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं।

# डीएम ने किया हर घर तिरंगा कार्यक्रम सफल बनाने का आह्वान

मनोज शर्मा प्रात: किरण संवाददाता,





हसनपुर/रहरा। शुक्रवार को विकास खण्ड गंगेश्वरी एवं विकास खण्ड हसनपुर के नगर में स्थित कमाल पैलेस में जिलाधिकारी बाल कृष्ण त्रिपाठ की अध्यक्षता एवं विधायक महेन्द्र सिंह खड़कवंशी की उपस्थिति में ग्राम प्रधान, राशन डीलर, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक,आंगनबाड़ी ग्राम पंचायत सचिव को आगामी 11 अगस्त से 17 अगस्त तक मनाए जाने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम के दृष्टिगत एक अहम गोष्ठी /वैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें जिलाधिकारी ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि 1947 से लगातार हम लोग आजादी का जश्न मना रहे हैं लोगों में वीर सपूतों के किए हुए त्याग और बलिदान को याद रख सके उनके अंदर देशभक्ति की भावना जागृत व बरकरार रहे इसके लिए हमें संकल्प लेकर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाना होगा। इसके लिए ग्राम में प्रभात फेरी रैली बच्चों के लिए चित्रकला निबंध रंगोली प्रतियोगिता आदि आयोजित करें। बच्चों को राष्ट्रप्रेम की भावना से अवगत कराने के लिए यह तिरंगा कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है।कहा कि यह झंडा राष्ट्र की शान है ऑन है केवल झंडा नहीं है जहां पर भी जाएं चर्चा करें झंडे के साथ सेल्फी ले।हमारी आने वाली पीढ़ी भी देश भक्ति और देश प्रेम की भावना को जान सके कि कितने कठोर परिश्रम और संघर्ष के बाद हमारे वीर सपूतों ने आजादी की लड़ाई लड़ी है और हमें इस देश को स्वतंत्र करके दिया है आने वाली पीढ़ियां देश के वीर सपूतों के त्याग और बलिदान को याद रख सके और उन में देशभक्ति की भावना जागृत और बरकरार रहे।बच्चों को आजादी के महत्व और उन्हें क्या अधिकार मिले हैं और क्या कर्तव्य है हमारा देश के प्रति उन्हें ज्ञात हो सके।इसी उद्देश से यह हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है।जिसे हम पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ प्रत्येक घर घर में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक तिरंगा फहराएंगे।इस अवसर पर जिला अधिकारी बाल कृष्ण त्रिपाठी ने विकासखंड गंगेश्वरी परिसर में प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के दृष्टिगत वृक्षारोपण भी किया और उपस्थित ग्राम प्रधानों सचिव से अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराए जाने की अपील की।हर घर तिरंगा अभियान के दौरान सभी सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यावसायिक और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर-सरकारी संगठनों, रेस्तरां, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, टोल प्लाजा, पुलिस स्टेशनों / चौकियों आदि पर राष्ट्रीय ध्वज अनिवार्य रूप से फहराया जाएगा।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चंद्र शेखर शुक्ल,अपर उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी गंगेस्वरी, हसनपुर ब्लाक, प्रमुख गंगेश्वरी, हसनपुर सहित बड़ी संख्या में विकासखंड गंगेस्वरी व हसनपुर के ग्राम प्रधान सचिव पंचायत सहायक रोजगार सेवक राशन डीलर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### बढ़ती जा रही शिवभक्तों की टोलियो की संख्या

अफजलगढ़। श्रावण मास की शिवरात्रि का समय नजदीक आ रहा है वैसे ही शिवभक्तों की टोलियो की संख्या बढ़ती जा रही है भूतपुरी जसपुर मार्ग से होते हुए कावड़िये अपने गंतव्यों की ओर जयकारे लगाते जा रहे है बहेड़ी, बरेली ,सितारगंज, खटीमा तथा रुद्रपुर आदि जगह से आये शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर वापिस लौट रहे है भूतपुरी जसपुर मार्ग भोले के जयकारों से गुंजायमान हो रहा है। शिवभक्तो के कदम बिना रुके बढ़ते जा रहे हैं। तहसील बहेड़ी के गाँव गोटिया बिजोरिया के शिवभक्तों ने बताया कि उनके जत्थे में 35 शिवभक्त है जिसमे कुछ भक्त छोटी कांवर व कुछ भक्तो ने विशाल कांवर में जल भरकर हरिद्वार से लाये है ओर मितापुर गोटिया गाँव के शिवमंदिर पर जल चढ़ाएंगे। कावड़ियों की रथनुमा कांवर आकर्षण का केंद्र बनी रही। वही कोतवाल मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में कावड़ियों की सुरक्षा के लिए भूतपुरी तिराहे पर पुलिस टीम ने जगह जगह बेरिकेटिंग लगाकर हाइवे को वन वे किया है सड़क की एक साइड कावड़ियों के लिए खोली गई है और भारी वाहनों की आवाजाही सड़क की दूसरी साइड से की जा रही है कोतवाल मनोज कुमार सिंह व सीओ शुभ सूचित लगातार कावड़ियों की सुरक्षा हेतु भ्रमण कर रहे है।

## पौधा रोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए: अभिषेक त्यागी




नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई नजीबाबाद ने आज रमा जैन कन्या महा विद्यालय में पौधा रोपण किया। कार्यकर्म आयोजन अभिषेक त्यागी प्रांतीय सह संयोजक फार्मा विजन और नगर मंत्री विनायक के नेतृत्व में हुआ। कॉलेज प्रबंधक के सी मठपाल की अध्यक्षता में 100 पोधो का रोपण किया गया।इस अवसर पर अभिषेक त्यागी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद इकाई नजीबाबाद ने मूर्ति देवी सरस्वती इंटर कॉलेज, विजन कॉलेज, स्प्रिंग फील्ड एकेडमी, गुरु राम राय स्कूल, साहू जैन डिग्री कॉलेज मे 1300 पौधे 5 दिन में लगा दिए हैं। उन्होंने बताया कि एबीवीपी नजीबाबाद ईकाई निरंतर विद्यालयों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम चला रहा है। विनायक ने बताया है कि अब लगातार विद्यालयों में कार्यकर्म करती रहेगी। कार्यकर्म मे एनसीसी मेजर सबिता सक्सेना, विनायक गुप्ता, नीरज राठौड़, बंटी कुमार, शानू त्यागी ,और विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं और अध्यापकों का मुख्य रुप से सहयोग रहा।

## फरसे वाले बाबा के आश्रम पर रह रहे है सच्चा नंद महाराज

### बेसहारा गाय माता का बाबा ने जाना दुख

मण्डावर, प्रात: किरण संवाददाता



थाना मंडावर क्षेत्र गांव जाफर पुर आशो के समीप एक पर से वाले बाबा का आश्रम स्थित है जहां पर परसे वाले बाबा का शरीर त्यागने के बाद उनके आश्रम की देखरेख सच्चा नंद बाबा कर रहे हैं बाबा एक बेसहारा घूम रहे हैं पशुओं से भी प्रेम करते हैं आपको बताते चलें कि आश्रम के समीप एक गाय सड़क पर पड़ी हुई थी जैसे बाबा की निगाह पहुंची तो बाबा ने कुछ राहगीरों की मदद से गाय को अपने आश्रम ले आये और गाय को कुत्तों ने घायल किया हुआ था बाबा ने डॉक्टर को बुला कर इस गाय का उपचार कराया और अपने आश्रम में रख रखा है जिस दिन से बाबा ने गाय माता की देख रेख की है उसी दिन से यह गाय स्वस्थ हो गई है बाबा जी का कहना है कि यह गाय पैरों से चल भी नहीं पा रही थी किसी ने इसके पैरों में डंडा मारकर घायल किया था निर्दई मनुष्य बे बोलते जानवर को अपने घर से निकाल कर बेसहारा जंगल में छोड़ रहे हैं उनको भगवान कभी माफ नहीं करेंगे क्योंकि गौमाता एक राष्ट्रमाता भी कहलाती है गौमाता के प्रताप से मनुष्य को मोक्ष प्राप्त होता है मनुष्य का किया हुआ कुकर्म भी गौ माता की सेवा से मुक्त हो जाते हैं इसलिए गौ माता की सेवा करनी चाहिए।

## भाजपा सोशल मीडिया पिछड़ा मोर्चा की ओर से बैठक का आयोजन किया




नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

नगर क्षेत्र के गजरौला पाइमार आदर्श नगर में भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया पिछड़ा मोर्चा की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंडल स्तर पर सोशल मीडिया के मंडल पदाधिकारियों के लिए नामों पर विचार किया गया साथ ही साथ राष्ट्रपति चुनाव में श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को सर्वोच्च नागरिक चुने जाने पर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर जिला प्रमुख रितेश सैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसमें छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी सर्वोच्च सम्मान मिल सकता है ऐसा किसी और पार्टी में नहीं होता है। कांग्रेस समाजवादी या कोई अन्य पार्टी सिर्फ दलितों को पिछड़ों को शोषित वंचित को अपना वोट बैंक समझती हैं लेकिन भाजपा उनसे जमीनी स्तर पर जुड़ी हुई है और जो कार्यकर्ता भाजपा से जुड़ा हुआ है उसकी विचारधारा से जुड़ा हुआ है उसको भी देश का प्रथम नागरिक बनाया जा सकता है। इस अवसर पर सोशल मीडिया के सह प्रमुख राजेंद्र सिंह प्रीतम सिंह चंद्रप्रकाश भगवान दास रोहतास सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए।

## कुँवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज मे एमबीए अंतिम वर्ष का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत







बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

जिले के प्रतिष्ठित कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर मे डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविधालय द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2022 मे एमबीए अंतिम वर्ष का परीक्षाफल घोषित हुआ जिसमे प्रियंका चैधरी ने 85.1 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, भारती सिंह ने 84.1 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व राजेंद्र प्रसाद ने 83.3 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा संस्था के अन्य अधिकतर विद्यार्थियों ने भी विशेष योग्यता से परीक्षा उत्तीर्ण की, तथा रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।

प्रबन्ध तंत्र की ओर से वीरा सोसाइटी के सचिव कु॰ उदयन वीरा (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष) व कु॰ रुचि वीरा (पूर्व विधायक) ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके अथक परिश्रम और लगन के लिए हृदय से सराहना की। इस अवसर पर संस्था के ग्रुप निदेशक उमेश गुप्ता व संस्था के निदेशक प्रो॰(डॉ॰) स्वतन्त्र कुमार पोरवाल ने भी छात्र छात्राओ को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा भविष्य मे और अधिक कड़ी मेहनत व लगन के साथ कार्य करने को प्रेरित किया, तथा उत्क्रष्ठ परीक्षाफल हेतू निदेशक ने विभागाध्यक्ष विभोर राजवंशी व निशा चैधरी एवं शिक्षकगण, विवेक कुमार, आदि को बधाई द।

## पंजीकृत श्रमिकों के बनेगें गोल्डन कार्ड, 25 जुलाई से 14 अगस्त चलेगा विशेष अभियान

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

सहायक श्रम आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेष भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए साचीज के माध्यम से प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना लागू की गयी है। उक्त योजना का मुख्य उद्देश्य बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार लाना है। इस हेतु आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत विशेष अभियान चलाते हुए गोल्डन कार्ड बनवाकर सामजिक सुरक्षा प्रदान किया जाना है।

सहायक श्रम आयुक्त ने बताया कि उक्त के क्रम में सचिव, उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से प्राप्त निदेशों के क्रम में दिनांक 25 जुलाई, 2022 से 14 अगस्त, 2022 के मध्य गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाना है।

जिसके अन्तर्गत जनपद बिजनौर के लिए 127270 का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जनपद स्तर पर समस्त सी0एस0सी0 एवं राशन वितरण से संबधित कोटेदारों, आरोग्य मित्र आदि के माध्यम से योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाये जायेंगें। सहायक श्रम आयुक्त ने कहा कि जनपद बिजनौर में पंजीकृत ऐसे निर्माण श्रमिक जिनका नाम बोर्ड कार्यालय से प्राप्त सूची में सम्मिलित है, से अनुरोध है कि वे स्थानीय सी0एस0सी0 एवं राशन वितरण से संबंधित कोटेदारों, आरोग्य मित्र आदि के माध्यम से गोल्डन कार्ड बनवाये जाने संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## ब्लू ब्डर्स इंटरनेशनल स्कूल की अंकिता भार्गव ने हासिल किए 98.2 अंक

धनौरा, प्रात: किरण संवाददाता



सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडियट का परिक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें नगर के ब्लू ब्डर्स इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अंकिता भार्गव ने स्कूल टॉप किया। जिससे स्कूल प्रबंधन व परिजनों में खुसी की लहर दौड़ गई। प्रबंक राहुल अग्रवाल ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। शुक्रवार को सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडियट के परिक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिससें धनौरा स्थित ब्लू ब्डर्स इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अंकिता भार्गव 98.2 सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया, वहीं अर्जुन सिंह ने 97.2 अंक, तन्मय मांगलिक 97.4, ओमकार कृष्णा अस्थाना 96.8, वेदांत अग्रवाल 96, यासीना 96, आरूषी चंदोला 95.8, वृंदा यादव 95.6, दृष्टि महेश्वरी 95.2 राघव शर्मा 95 अंक प्राप्त कर टॉप टेन सूची में स्थान बनाया। जिससे स्कूलों के प्रबंध में खुसी की लहर दौड़ गई। परिजनों व शिक्षकों ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं हाईस्कूल में इशिता सिरोही 96.6, आन्या गुप्ता 95.2, मुदित चौधरी 94.8, देवराज सिंह 94.6, देव अग्रवाल 94.4, ध्रुव बंसल 94, आसिफा सैफी 94, वंशी अग्रवाल 93.8, देवेश चौधरी 93, उपासना सैनी 93, नितेश चौधरी 91.8, हिमानी मान 91.2, त्रिषभ कुमार 90.4, तरूण कुमार 90.2 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।

## पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा, पांच लाख रुपयें के जेवरात सहित शातिर चोर दबोचा

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता



शुक्रवार कोतवाली पुलिस ने मकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर चोरी किये गये माल सहित शातिर चोर गिरफ्तार किया है। गत 20/21 जुलाई की रात्रि वादी राहिल चडडा-एडवोकेट पुत्र शाहनवाज निवासी मौ0 पचदरा थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा के मकान से अज्ञात चोर द्वारा सोने चांदी के जेवरात चोरी करने के सम्बन्ध में वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना अमरोहा नगर पर मु0अ0सं0 350द्22 धारा 380 भादवि बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया था।

चोरी की घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमरोहा द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना नगर को घटना के शीघ्र अनावारण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए थे। पुलिस टीम के अथक प्रयासोपरांत उक्त चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये थाना अमरोहा नगर पुलिस द्वारा शुक्रवार को नौगावां रोड पर यूपी23 रेस्टोरेंट के पास से शातिर चोर मोहर्रम अली उर्फ हसन अब्बास पुत्र अली अब्बास निवासी मौ0 चकली थाना अमरोहा नगर को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से वादी के घर से चोरी किये हुये सोने-चांदी के जेवरात आदि बरामद हुये । गिरफ्तार अभियुक्त मोहर्रम ने पूछताछ में 20 जुलाई की रात्रि मौ0 पचदरा में वादी के घर का ताला तोडकर सोने चांदी के जेवरात चोरी करने की घटना स्वीकार किया है पुलिस ने बताया गिरफ्तार अभियुक्त मोहर्रम शातिर किस्म का अपराधी है जिसके विरुद्ध चोरी करने व अवैध शस्त्र रखने सम्बन्धित करीब 5 अभियोग पंजीकृत है।

## आश्वासन के उपरांत भारतीय किसान यूनियन भानू का धरना स्थगित

नौगावां सादात, प्रात: किरण संवाददाता

शुक्रवार को दूसरे दिन तहसील नौगावां सादात पर भारतीय किसान यूनियन भानू का धरना प्रदर्शन की जिलाध्यक्ष मास्टर सतपाल सिंह व अध्यक्षता नरपत सिंह मुखिया ने की।पंचायत का संचालन चौधरी निरंकार ने किया।पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि तहसील में बहुत भ्रष्टाचार व्याप्त है विगत 1 वर्ष 6 माह से उप जिलाधिकारी नौगांवा सादात द्वारा तहसील क्षेत्र के किसानों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता और रहा है,साथ ही किसानों व आवाम के साथ उनकी भाषा शैली भी सही नहीं है, किसानों को धमकाने का कार्य करते हैं।संगठन विवश होकर उप जिला अधिकारी नौगावा को हटाए जाने की प्रबल मांग करता है।तहसील अध्यक्ष नौगांवा सादात महिपाल सैनी ने कहा कि किसी भी किसान की हिस्सा -कशी दाखिल-खारिज व कोई भी कार्य बिना लेनदेन के नहीं हो पा रहा।जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी, वहां पर जिला अधिकारी भगवान शरण दास के हस्तक्षेप और आश्वासन पर धरना स्थल पर उप जिलाधिकारी पहुंचे और बैठकर किसानों से बातचीत हुई और अपने द्वारा किए गए व्यवहार से हुए कष्ट पर माफी मांगी साथ ही वादा किया कि आगे से आपके सभी वैधानिक कार्य को समय से पूरा किया जाएगा और तहसील से जुड़े किसानों और आवाम के साथ अच्छा बर्ताव किया, जाएगा इसके बाद सभी कार्यकारिणी ने विचार-विमर्श करके संगठन ने 1 माह के लिए पुनः मौका दिया है यदि अपने वादे पर खरे नहीं उतरते तो एक माह बाद उनका स्थानांतरण कर दिया जाएगा, इसके बाद अनिश्चितकालीन आंदोलन को स्थगित किया जाता है पंचायत में पूनम चौधरी राजबाला चौधरी शाहजहां कल्लू सिंह नरपत सिंह सुखबीर सिंह राजेश सिंह फतेह सिंह चंद्रपाल डॉक्टर के के शर्मा ओमवीर सिंह इब्राहिम खड़क सिंह भूप सिंह नवी जान सैफी प्रीतम सिंह अर्जुन सिंह बबलू कुमार सैनी रामपाल सैनी राजू चौहान डॉक्टर योगेंद्र सिंह कल्लू राजा देवेंद्र सैनी राजू चौहान टीकाराम सैनी धर्म दीप त्यागी सोमपाल सिंह जितेंद्र चौहान नानक सिंह देवेंद्र सिंह श्याम लाल शरण सिंह जाकिर मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

## गुलदार ने घर में घुसकर पालतू कुत्ते को बनाया अपना निवाला

मण्डावर, प्रात: किरण संवाददाता



थाना मंडावर क्षेत्र दयाल वाला के समीप गांव खानपुर दुल्ली गुरुद्वारे के पास कुछ दिन पहले गुलदार का जोड़ा भी देखा गया था जिसमें की एक गुलदार आज भी गांव के समीप जंगल में घूम रहा है इतना ही नहीं गुरुवार की रात में गुरुद्वारे के समीप पालतू कुत्ते को भी गुलदार ने अपना निवाला बनाया शोर शराबा देखते हुए ग्रामीण रात जागे और उन्होंने देखा कि गुलदार कुत्ते को लिए के भाग रहा है ग्रामीणों ने उसका पीछा किया मगर इतने में गुलदार ने कुत्ते को अपना निवाला बना लिया और कुत्ता गन्ने के खेत में मृतक हालत गुलदार शोर-शराबा देखते हुए वहां से भाग गया और ग्रामीणों में दहशत का माहौल वना हुआ है इससे पहले भी कई बार क्षेत्र में गुलदार का जोड़ा ग्रामीणों ने देखा है। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग अधिकारियों से भी की परन्तु आल्हा अधिकारी अपने कान और आंख बंद किए बैठे हैं क्या अधिकारी कोई बड़ा हादसे के इंतजार में है क्या तभी कार्रवाई होगी जब कोई ग्रामीण को गुलदार अपना निवाला बनाएगा ग्रामीणों ने डीएम साहब से भी मदद की गुहार लगाई है मगर किसान अपने खेतो पर जाने से डर रहे किसानों का कहना है कि अगर वन विभाग कोई पिंजरे की व्यवस्था नहीं करता है तो और यह गुलदार नहीं पकड़े जाते हैं तो किसानों का खेतों में आना जाना बंद हो जाएगा और किसान इस घटना को देखते हुए किसानों में रोष व्याप्त है !

**संबंध विच्छेद**

मेरा पुत्र शहबाज व उसकी पत्नी नाजमा जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ मारपीट व गाली गलौच करते हैं। इसलिए मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन, देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**अहसान पुत्र शेरू शाह,** निवासी ग्राम फरीदपुर दुल्ला थाना कोतवाली देहात, **बिजनौर**

## संक्षिप्त खबरें

### बदायूं में फंदे से लटका मिला युवक का शव, परिजनों ने हत्या की आशंका जताई

बदायूं। बदायूं जिले के उघैती थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटका मिला। युवक के परिजनों का आरोप है कि हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सिद्ध बरौलिया गांव में एक युवक का शव संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला। परिजनों की ओर से पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि अमरपाल (35) के सुबह से लापता होने पर उसकी तलाश शुरू की गई। इस बीच, घर से तकरीबन एक किलोमीटर दूर ट्यूबवेल की कोठरी की दीवार से उसका शव फंदे से लटका मिला।

### मानव तस्करी की आशंका में 21 नाबालिग समेत 33 लोगों को ट्रेन से उतारा गया

प्रयागराज। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने बृहस्पतिवार को मानव तस्करी की आशंका में 21 नाबालिग बच्चों समेत 33 लोगों को प्रयागराज जंक्शन पर महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन से उतारा। आरपीएफ के निरीक्षक शिव कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें एनजीओ बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से सूचना मिली कि बिहार और बंगाल के बच्चों को महानंदा एक्सप्रेस से दिल्ली ले जाया जा रहा है। सिंह ने कहा कि इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए ट्रेन से 33 लोगों को उतार लिया गया जिसमें 21 नाबालिग बच्चे शामिल हैं। वयस्क लोगों में एक मौलाना और उसका शिष्य और दो मजदूरों के एजेंट शामिल हैं।

### मथुरा में पुलिस मुठभेड़ में सात लुटेरे गिरफ्तार, दो घायल

मथुरा। मथुरा के फरह थाना क्षेत्र में सरूरपुर नहर के पास पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद सात लुटेरों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) मार्तंड प्रकाश सिंह ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया, ह्यबृहस्पतिवार रात हुई इस मुठभेड़ के दौरान दो अंतर्राज्यीय लुटेरे (जितेंद्र और कुलदीप) घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि फरह थाने की पुलिस, एसओजी और निगरानी दल के संयुक्त अभियान में सात लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। उनके अनुसार पकड़े गए लुटेरों में अंतरराज्यीय लुटेरे जितेंद्र, कुलदीप, कपिल और शिव सिंह राजस्थान के हैं, जबकि भोलू और भोला मथुरा के फरह तथा गोपाल जैत थाना क्षेत्र का निवासी है।

# भ्रष्टाचार व झूठे प्रचार के सहारे सत्ता में रहना चाहती है भाजपा: अखिलेश

लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता



हमला

- मंत्री ही अपनी सरकार के कामकाज पर लगा रहे आरोप:अखिलेश

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार और झूठे प्रचार के सहारे ही सत्ता में बने रहना चाहती है। बढ़ती महंगाई भाजपा रोकना नहीं चाहती है। राज्य मंत्रिमण्डल में दरार सामने आ रही है और सरकार तथा अफसरशाही के बीच खींचतान थमने का नाम नहीं ले रही है। एक के बाद एक चुनाव चक्र में भाजपा की डबल इंजन सरकार येनकेन प्रकारेण सत्ता पर काबिज रहने के लिए सत्ता का दुरुपयोग कर रही है।

बहुत हुई महंगाई की मार, अबकी बार भाजपा सरकार का नारा देकर सत्ता में आयी भाजपा सरकार ने महंगाई की बेरहम मार से जनता का जीवन मुश्किल में डाल दिया है, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। महंगाई आम आदमी की कमाई खा गई है। भाजपा राज में इसे खुली छूट है। बड़े पूंजीघराने मुनाफा कमाने की होड़ में गरीब का शोषण करने में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। सब्जियां महंगी, अमूल के बाद पराग ने भी दही-मट्ठा के दाम बढ़ा दिए हैं। बाजार में सामान की तौल घट रही है, यह जेब पर डाका है।

भाजपा सरकार को गरीबों की खुशी बर्दाश्त नहीं। शादी ब्याह और दूसरे पारिवारिक उत्सवों के लिए लोग आवास विकास परिषद के सामुदायिक केन्द्रों का उपयोग कर लेते हैं सरकार इन्हें निजी हाथों में सौंप कर ठेकेदारों को मालामाल करने का इरादा कर लिया है। भाजपा सरकार ने एक और सर्वेक्षण कराने का मन बना लिया है जिसके तहत चार एकड़ से अधिक जमीन और 10 लाख की कार के मालिक अमीर मान लिए जाएंगे। बच्चों की पढ़ाई, ट्यूशन, महीने में कपड़ों की खरीद, शैम्पू, मोबाइल, ड्राईफ्रूट्स के इस्तेमाल का भी हिसाब लिया जाएगा। सवाल है कि प्रदेश में हो रहे घोटालों और बढ़ती महंगाई पर भाजपा नेतृत्व कब चुप्पी तोड़ेगा? मंत्रियों ने अपनी ही सरकार के कामकाज पर जो आरोप लगाए हैं उनकी जांच कब होगी? भाजपा सरकार की जीरो टालरेंस का फायदा दबंग भ्रष्टाचारी उठा रहे हैं।

**बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की दरार का वीडियो शेयर कर अखिलेश ने भाजपा सरकार पर बोला हमला**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का एक वीडियो ट्विटर पर शेयर करते हुए भाजपा सरकार पर हमला बोला। बारिश से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में आई दरार का वीडियो शेयर करते हुए अखिलेश ने लिखा :ये है भाजपा के तथाकथित नवीनतम विकास के नवीनतम खंडहर! बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की ये जो दरार है दरअसल ये भाजपा का भ्रष्टाचार है। जनता को नफरत की राजनीति में झोंक कर विकास के नाम पर आठ टका पर वसूले जा रहे पैसों से क्या ऐसा ही विकास होगा। कारवां ठहर गया... वो सरकारें तोड़ते रहे...।

इस तरह की सभी अवांछित करतूतों को झूठ से छुपाने का काम भाजपा सरकार कर रही है। महंगाई, भ्रष्टाचार, अन्याय करने वाली भाजपा सरकार से अब जनता तंग आ चुकी है।

### पूर्व मंत्री की पुत्रवधू से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगे जाने के संबंध में मामला दर्ज

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके दिवंगत राममूर्ति सिंह वर्मा की पुत्रवधू से अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके कथित रूप से रंगदारी मांगी और पैसे नहीं देने पर उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने मामले में दर्ज प्राथमिकी के हवाले से बताया कि पूर्व मंत्री राममूर्ति सिंह वर्मा की पुत्रवधू अर्चना वर्मा के मोबाइल नंबर पर बुधवार को एक अनजान नंबर से फोन करके किसी ने 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। कुमार ने बताया कि फोन करने वाले व्यक्ति ने रंगदारी नहीं देने पर अर्चना के परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अर्चना वर्मा की तहरीर पर बृहस्पतिवार रात थाना सदर बाजार में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 384 (जबरदस्ती वसूली, रंगदारी) 504 (अपमान करना) 507 (जान से मारने की धमकी देना) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# ओमप्रकाश राजभर को वाई श्रेणी की सुरक्षा, सपा ने साधा निशाना

लखनऊ,एजेंसी

उत्तर प्रदेश शासन ने समाजवादी पार्टी के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। सुभासपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और ओमप्रकाश राजभर के पुत्र अरुण राजभर ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।

राजभर को वाई श्रेणी सुरक्षा मिलने के बाद सपा सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से राजभर की नजदीकी बढ़ने का आरोप लगाते हुए आक्रामक हो गई है। राष्ट्रपति चुनाव में राजभर की पार्टी की सपा से दूरी बढ़ने और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन देने के कुछ दिनों बाद यह घटनाक्रम सामने आया, जो अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को पराजित कर विजयी हुईं। राजभर को सुरक्षा प्रदान किये जाने के बाद सपा ने तंज करते हुए दावा किया कि राजभर को सपा के खिलाफ हालिया बयानबाजी के लिए इनाम दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, उत्तर प्रदेश शासन के गृह विभाग के संयुक्त सचिव विनय कुमार सिंह की ओर से भेजे गये पत्र में अपर पुलिस महानिदेशक को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि गाजीपुर जिले के जहूराबाद क्षेत्र के विधायक और सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर को राज्य स्तरीय समिति की आगामी बैठक में होने वाले निर्णय की प्रत्याशा में वाई श्रेणी की सुरक्षा अंतरिम रूप से प्रदान करने जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने इस मामले में एडीजी से औपचारिकता पूरी करने की अपेक्षा की है।

वाई श्रेणी सुरक्षा में 11 सुरक्षाकर्मी शामिल होते हैं जिसमें दो पीएसओ भी होते हैं। शासन द्वारा व्यक्ति की सुरक्षा का आकलन करने के बाद उन्हें उसी आधार पर सुरक्षा मुहैया कराई जाती है। इस सिलसिले में सपा के वरिष्ठ नेता आईपी सिंह ने कहा, राजभर सपा नेतृत्व के खिलाफ जिस तरह की बयानबाजी कर रहे थे, उस पर भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें इनाम दिया है। सिंह ने कहा, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दोबारा सरकार बनने के बाद से ही राजभर भाजपा के संपर्क में थे और सपा के सभी वरिष्ठ लोग इस बात को जानते थे, इसलिए सपा अलर्ट मोड में रही।

# स्वतंत्र देव सिंह व सुनील बंसल ने मुर्मू को दी बधाई

लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता

- भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकताओं ने मनाया जश्न

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री सुनील बंसल ने माननीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को देश की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने पर बधाई दी। स्वतंत्र देव सिंह ने बधाई संदेश में कहा कि सामान्य परिवार में जन्मी जनजातीय गौरव एवं नारी सशक्तिकरण की प्रतीक माननीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को भारत की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि माननीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी के प्रशासनिक व सार्वजनिक जीवन के अनुभव का लाभ पूरे राष्ट्र को मिलेगा।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री सुनील बंसल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भारत की 15वीं व प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति चुने जाने पर माननीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को बधाई एवं शुभकामनाएं। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकताओं ने माननीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर ढोल-नगाड़ों की थाप पर हर्षोल्लास के साथ पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर जश्न मनाया और मिष्ठान खिलाकर लोगों को बधाईयां दी।

पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व मोर्चा के प्रदेश प्रभारी श्री लक्ष्मण आचार्य तथा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय गोंड के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पार्टी के राज्यमुख्यालय से लालबाग चौक तक ढोल-नगाडों के साथ लोगों को मिष्ठान खिलाते व बधाईयां देते हुए पहुंचे। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में पार्टी कार्यकताओं ने माननीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के रूप में भारत की जनजातीय समाज से पहली राष्ट्रपति बनने पर लोगों को बधाईयां दी व मिष्ठान वितरण किया।

### गैंगस्टर विकास दुबे का लखनऊ का घर जब्त

**लखनऊ।** कानपुर के बिकरू गांव में जुलाई 2020 में आठ पुलिसकर्मियों की हत्या के मुख्य आरोपी गैंगस्टर विकास दुबे की लखनऊ संपत्ति को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ दर्ज गैंगस्टर एक्ट के तहत मामले में यह कार्रवाई की है। लखनऊ में कृष्णा नगर के प्रभारी निरीक्षक आलोक राय के मुताबिक विकास दुबे का मकान इंद्रलोक नगर में है। उसके खिलाफ कृष्णा नगर थाने में गैंगस्टर का मामला दर्ज किया गया था। मई में पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर संपत्ति की नीलामी के लिए नोटिस चस्पा किया था। उन्होंने कहा, पुलिस टीम गुरुवार शाम विकास दुबे के घर पहुंची और संपत्ति को जब्त कर लिया। कानपुर के जिलाधिकारी के निर्देश पर सीलिंग की कार्रवाई की गई है। उसके खिलाफ कानपुर में दर्जनों मामले दर्ज हैं। जुलाई 2020 में बिकरू गई पुलिस टीम पर विकास दुबे ने अपने गुर्गों के साथ मिलकर फायरिंग की थी, जिसमें आठ पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। विकास दुबे को बाद में एसटीएफ ने मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया और फिर भागने की कोशिश में मुठभेड़ में मार गिराया।

# रेशम से रोशन होगी 50 हजार किसान परिवारों की जिंदगी

लखनऊ,एजेंसी

यूपी की योगी सरकार ने 50 हजार किसानों की जिंदगी को रेशमी बनाने की तैयारी कर ली है। योजनाबद्ध तरीके से सरकार रेशम के माध्यम से किसान परिवारों की जिंदगी को रोशन करेगी। मशीनों की संख्या बढ़ा कर इसे कई गुना तक ले जाने की योजना पर काम हो रहा है।

अगले पांच वर्षों में फिलहाल यह संख्या 29 हजार है। इसके लिए योगी सरकार-2.0 ने बेहद चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा है। इसके अनुसार ककून धागाकरण का लक्ष्य करीब 30 गुना बढ़ाया गया है। अभी 60 मीट्रिक टन ककून से धागा बन रहा है। अगले पांच साल में इसे बढ़ाकर 1750 मीट्रिक टन किया जाना है। इसके लिए रीलिंग मशीनों की संख्या 2 से बढ़ाकर 45 यानी 23 गुना किए जाने का लक्ष्य है। सरकार ने 100 दिन, छह माह, दो साल और पांच साल की चरणबद्ध योजना शुरू की है। इस कार्ययोजना पर काम भी शुरू हो चुका है। मसलन, 100 दिनों में सरकार ने इस लक्ष्य के सापेक्ष केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की ओर से संचालित केंद्रीय रेशम बोर्ड की सिल्क समग्र योजना के तहत 100 किसानों को पौधरोपण, कीटपालन गृह निर्माण, प्रशिक्षण एवं उपकरण के लिए अनुदान उपलब्ध कराया है।

शहतूती सेक्टर के 180 लाभार्थियों को केंद्रीय रेशम बोर्ड के प्रशिक्षण संस्थानों, पश्चिमी बंगाल के सीएसएसआर एंड टीआई व कर्नाटक स्थित मैसूर का और 70 लाभार्थी किसानों को सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रशिक्षण संस्थान मीरजापुर का एक्सपोजर विजिट कराया गया। इसी समयावधि में 10 एफपीओ के गठन व वाराणसी के सिल्क एक्सचेंज में इंटीग्रेटेड सिल्क कॉम्प्लेक्स की स्थापना के कार्य को भी आगे बढाया गया। इस कॉम्प्लेक्स में कर्नाटक के लिए निशुल्क विक्रय काउंटर भी उपलब्ध करा दिया गया। यही नहीं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 13 नई रीलिंग इकाइयों की स्थापना के लिए टेंडर की कार्यवाही पूरी हो चुकी है। इनके स्थापित हो जाने के बाद कोये का वाजिब दाम मिलेगा। साथ ही बुनकरों को उनकी जरूरत के अनुसार शुद्ध धागा भी। सरकार ने रेशम की खेती करने वाले और इससे जुड़े अन्य स्टेकहोल्डर्स के लिए अगले छह माह और दो साल का जो लक्ष्य रखा है, उसके अनुसार सिल्क एक्सचेंज से अधिकतम बुनकरों को जोड़ा जाएगा। 17 लाख शहतूत एवं अर्जुन का पौधरोपण होगा तथा कीटपालन के लिए 10 सामुदायिक भवनों के निर्माण की शुरूआत की जाएगी। ओडीओपी योजना के तहत इंटीग्रेटेड सिल्क कॉम्प्लेक्स का डिजिटलाइजेशन, 180 लाख रुपये की लागत से 10 रीलिंग इकाइयों की स्थापना और कीटपालन के लिए 10 अन्य सामुदायिक भवन का निर्माण भी इसी लक्ष्य का हिस्सा है। कुल रेशम उत्पादन में अभी उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी महज तीन फीसद है।

### दोस्त ने दोस्त को उतारा मौत के घाट

**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर पुलिस ने अपने दोस्त की हत्या करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने बहस करने के दौरान उसके आईफोन को तोड़ दिया था। गिरफ्तार लोगों की पहचान सौरभ पाठक, आदित्य सिंह, यशवंत सिंह और अभिनव सिंह के रूप में हुई है। ये सभी कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की तैयारी कर रहे हैं। चारों ने 10 जुलाई को अपने दोस्त गौरव सिंह की हत्या कर दी थी। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर सोमेन बरमा ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि कुछ समय पहले एक छोटी सी बात को लेकर गौरव का उनसे विवाद हो गया था। बर्मा ने कहा, विवाद के दौरान गौरव ने सौरभ का आईफोन तोड़ दिया था। इससे नाराज होकर सौरभ ने पहले अपने दोस्त यशवंत की मदद से देसी पिस्तौल का इंतजाम किया और फिर पटेल चौक क्रॉसिंग के पास गौरव की पीछे से गोली मारकर हत्या कर दी। बरमा ने कहा, आरोपी और मृतक दोनों पिछले दस वर्षों से एक सरकारी स्कूल में पढ़ते थे। गौरव अपने बाहरी स्थानीय दोस्तों के साथ मिलकर उसे धमकाता था।

# गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सिख ग्रंथि पर हुए हमले की निंदा की

लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता

लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बयान जारी करके अलवर राजस्थान में हुए पूर्व सिख ग्रंथि पर हमले की कठोर निंदा की है कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने कहा कि पूर्व ग्रंथि पर हमला उनको जान से मारने की कोशिश और उनके केशों का कत्ल करना अत्यंत गंभीर अपराध है, इससे पूरे देश के सिख समाज में बहुत रोष और गुस्सा है। इस घटना से सिख समाज बहुत उद्वेलित है।

लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महामंत्री हरपाल सिंह जग्गी ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार को इस जघन्य अपराध पर तुरंत कठोर कार्रवाई करते हुए दोषियों को गिरफ्तार करना चाहिए और उनके ऊपर गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज करके उनको कठोर सजा दिलवानी चाहिए ताकि ऐसे अपराधों की पुनरावृत्ति ना हो और कोई भी व्यक्ति किसी के भी धार्मिक चिन्ह और प्रतीकों का अपमान करने का साहस न कर सके। कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने कहा कि पूर्व ग्रंथि पर हमला किसी गहरी अपराधिक साजिश का हिस्सा हो सकता है जिसके बारे में गहन जांच-पड़ताल करके पूरी साजिश का पता लगाना चाहिए जिस तरह हमलावर अपराधी उनकी गर्दन काटना चाहते थे फिर किसी से फोन पर बात करके उन्होंने ग्रंथि की हत्या ना करके उसके केशों का कत्ल किया इसमें से गहरी साजिश की बू आती है। इसलिए इसकी साजिश की तह तक जाना बहुत जरूरी है और साजिश का पदार्फाश करके अपराधियों को कठोर दंड दिया जाना चाहिए। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से कहा गया कि यदि अपराधी जल्दी नहीं पकड़े जाते और उनको जेल नहीं भेजा जाता तो सिख समाज आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### प्रदेश में एक व्यक्ति स्वाइन फ्लू से संक्रमित

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले का एक निवासी स्वाइन फ्लू से संक्रमित पाया गया है। इस व्यक्ति को पिछले 10 दिनों से बुखार, सर्दी, खांसी और पीठ दर्द था। पीड़ित व्यक्ति की पहचान रामबाबू के रूप में हुई है। रामबाबू को गुरुवार को कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कानपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक रंजन ने फतेहपुर प्रशासन को रिपोर्ट भेजकर रामबाबू के परिवार को आइसोलेट करने की सलाह दी है। रंजन ने सभी से मास्क पहनने और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने का अनुरोध किया। इस केस के आने के बाद चिकित्सा अधिकारी आलोक रंजन ने कहा है कि, स्थिति नियंत्रण में है। सूत्रों ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मृत पाए गए सुअरों की संख्या में वृद्धि हुई है। कानपुर नगर निगम के पशु चिकित्सा अधिकारी ने मृत सुअर के मलमूत्र का नमूना जांच के लिए भोपाल प्रयोगशाला भेजा है। शुरूआती दौर में इन सुअरों को अफ्रीकन स्वाइन फीवर होने का शक था। इसकी पुष्टि के लिए पांच मरे हुए सुअरों का विसरा जांच के लिए भेजा गया था।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने चलाया सदस्यता अभियान

संभल, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियो ने सदस्यता अभियान के तहत गांव गांव जाकर ग्राम इकाइयां स्थापित की।और इसी क्रम में ग्राम रायपुर में नरेंद्र सिंह यादव सहित दर्जनों किसानों भाकियू टिकैत की सदस्यता ग्रहण की।

युवा मंडल अध्यक्ष वीरेश यादव ने बताया कि नरेंद्र यादव सहित दर्जनों किसानों ने सदस्यता ग्रहण की और संगठन को एक नई मजबूती गुन्नौर तहसील के अंदर मिलने जा रही है इसी के साथ साथ सभी से 28 जुलाई को जिला मुख्यालय बहजोई मैं होने वाले महा आंदोलन में पहुंचने की अपील की। समाजसेवी नरेंद्र यादव ने कहा कि मैं संगठन की सदस्यता ग्रहण कर रहा हूं और शपथ लेता हूं कि संगठन की संविधान के स्वरूप चलते हुए संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा जो भी जिम्मेदारी संगठन की तरफ से मुझे मिलेगी उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करुंगा। नुक्कड़ सभा में युवा जिला प्रभारी नीरज यादव ने सहमति जताते हुए बताया गुन्नौर तहसील में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है जिला मुख्यालय पर होने वाली पंचायत में इसके समाधान के बिंदु खो जाएंगे। तहसील अध्यक्ष अमर सिंह राजपूत और मुकेश यादव मंडल महासचिव ने बताया कि आवारा गोवंश और बिजली की समस्या से क्षेत्र का एक एक किसान परेशान है सदस्यता अभियान के तहत हम गांव गांव जा रहे हैं सबसे ज्यादा शिकायत आवारा वंश और बिजली की किसान हमसे कर रहे हैं जिला मुख्यालय पर होने वाले आंदोलन मैं इन सभी समस्याओं का समाधान पर चर्चा की जाएगी और समाधान ना होने पर हम लोग अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। इस मौके पर द्रुपाल कुशवाह, चरण सिंह यादव, एडवोकेट सत्येंद्र यादव, अवधेश कुमार , रोहताश कुमार मुकेश यादव मोजी यादव कल्याण सिंह ओमप्रकाश सिंह शिवपाल सिंह सहित दर्जनों किसानों ने सदस्यता ग्रहण की।

# जनपद संभल में बिना मान्यता के धड़ल्ले से चल रहे निजी स्कूल

संभल, प्रात: किरण संवाददाता

बिना मान्यता के धड़ल्ले से चलते निजी स्कूलों पर स्थानीय प्रशासन कोई अंकुश नहीं लगा पा रहा है बिना मानक के भवनों में ठूस ठूस कर बच्चों को भरे जाने का मामला सामने आने पर स्कूल संचालक स्कूल को कोचिंग सेंटर बताने लगे हैं।

मंगलवार को प्रातः किरण अखबार की टीम ने पबांसा विकास खंड के नसीरपुर गांव में एक मैन्‍ था फैक्ट्री के पास बने एक बड़े हाल में एक निजी स्कूल संचालित पाया जब जब पूछताछ के साथ स्कूल की फोटोग्राफी शुरू की तो स्कूल संचालक नाजिम उसके साथ शिक्षण कार्य में लगी दो महिलाओ ने स्कूल को कोचिंग सेंटर बताना शुरू कर दिया हालांकि स्कूल संचालक कोचिंग सेंटर के लिए बने मांगों को नहीं दिखा सका उदाहरण सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी मुंशी राम पटेल ने बताया कि बिना मान्यता के चल रहे निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं बिना मानता के किसी भी निजी स्कूल को संचालित करने पर स्कूल संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात भी एबीएसए ने कही गौरतलब है कि बिना मान्यता के चल रहे निजी स्कूलों की क्षेत्र में बाढ़ सी आई हुई है।

लेकिन प्रशासन और शिक्षा विभाग ने उन्हें नोटिस देकर ही अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है उधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग में भी अन्य विभागों की तरह प्राइवेट व्यक्तियों को लगाकर अधिकारी बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों से वसूली कराने में भी लिप्ट बताए जा रहे हैं। यदि ऐसा नहीं है तो फिर ऐसे स्कूलों को बंद कराने में शिक्षा विभाग क्यों कामयाब नहीं हो पा रहा है यह एक यक्ष प्रसन्न है।

# बाला प्रीतम साहिब श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब का प्रकाश पर्व पूर्ण श्रृद्धा से मनाया गया

लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता




- श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब का जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा: राजेन्द्र

बाला प्रीतम साहिब श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी का प्रकाश पर्व ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिंडोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में सजे विशेष कीर्तन दरबार में लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवम् गुरुद्वारा नाका हिंडोला अध्यक्ष स.राजेन्द्र सिंह बग्गा ने अपने संबोधन में दिव्य आभा एवं आध्यात्मिक शक्ति से परिपूर्ण करुणा के सागर सिखों के आठवें गुरु गुरु हरिकृष्ण साहिब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जी का जीवन मानव कल्याण को समर्पित रहा। उनकी कृपा एवं दर्शन मात्र से ही असाध्य रोगी ठीक हो जाते थे।

गुरु का स्मरण करने मात्र से आत्मिक सुख की अनुभूति होती है। उनके जीवन दर्शन ने बिना भेद भाव के सेवा करने का संदेश दिया। रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में शबद कीर्तन गायन एवं नाम सिमरन करवाया। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने साहिब श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि साहिब श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी का जन्म आज ही के दिन कीरत पुर में हुआ था। आपके पिता जी का नाम श्री हरिराय जी व माता जी का नाम कृष्ण कौर जी था। श्री गुरु हरिराय ने अपने बड़े बेटे को गद्दी न देकर अपने छोटे बेटे श्री हरिकृष्ण साहिब जी में प्रभु भक्ति एवं गुणों को देखकर उन्हें ही गद्दी पर आसीन किया। आप सभी दस गुरुओं के सबसे छोटी उम्र में गुरु गद्दी पर आसीन हुए। इसी लिए आप को ह्यह्यबाला प्रीतम के नाम से भी जाना जाता है। एक बार जिला अम्बाला के पंजखोरे गांव में एक पंडित कृष्ण लाल ने छोटे से बालक को गुरु मानने से इन्कार करते हुए कहा कि यदि गुरु जी गीता के श्लोकों का अर्थ करके दिखायें तो मै इन्हें गुरु मान लूँगा। गुरु जी ने कहा आप किसी को ले आएं श्री गुरु नानक की कृपा दृष्टि की तसल्ली मै करवा दूँगा। पंडित एक महा मूर्ख को ले आया ।

गुरु जी की कृपा से वह मूर्ख एक विद्वान की तरह गीता के श्लोकों का अर्थ सुनाने लगा इससे गुरु जी की महिमा पहले से भी ज्यादा फैल गयीं। गुरु जी दिल्ली में ही थे कि चेचक की बीमारी सारे इलाके मे फैल गयी। गुरु जी ने गरीबों, दुखियों की सहायता करनी शुरू कर दी। एक दिन गुरु जी को तेज बुखार हुआ। आपके शरीर पर चेचक के लक्षण दिखाई देने लगे। अपना जाने का समय नजदीक जान कर साध संगत को आदेश दिया कि बाबा बकाला जिसका भाव था कि हमारे बाद गुरु गद्दी की जिम्मेदारी संभालने वाला महापुरुष गांव बकाले (अमृतसर) में है। यह कह कर आठ वर्ष की आयु में आप गुरुपुरी सिधार गये। जिस स्थान पर आपका अन्तिम संस्कार हुआ वहाँ अब गुरुद्वारा बाला साहिब है। विशेष रुप से पधारे रागी जत्था भाई गुरमीत सिंह जी उना साहिब वालों ने शबद कीर्तन श्री हरिकृष्ण धियाइऐ जिस डिठ्ठे सब दुख जाय।। गायन कर समूह साध संगत को निहाल किया। आज के समागम में संत बाबा मक्खन सिंह जी ( टकसाल - अमृतसर) शामिल हुए जिनके द्वारा अनेक तरह की सेवाएं और समाज सेवा की जा रही है। उनके द्वारा 11 नवंबर 2011 को 5100 अलग-अलग धर्म की लड़कियों का सामूहिक विवाह करवाया गया था जो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है ।उनको लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन स0 सतपाल सिंह मीत ने किया तत्पश्चात हरमिन्दर सिंह टीटू की देखरेख में गुरु का लंगर श्रधालुओं में दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा वितरित किया गया।

### गंदगी को लेकर कावड़ सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी को सौंपा शिकायती पत्र

**संभल।** कावड़ सेवा समिति सूर्य कुंड मंदिर सम्भल के कार्यकताओं ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र सौंपा शिकायती पत्र के माध्यम से बताया गया है कि सूरजकुंड मंदिर संभल के प्रांगण के अंदर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा यात्री सेठ बनवाया गया था जिसमें शौचालय व्यवस्था एवं पानी की व्यवस्था भी कराई गई थी लेकिन वह कुछ दिनों तक चलीअब सावन मास का महीना चल रहा है तो कावड़ यात्री शेड में सभी कावड़ियों को शौचालय ब नहाने की परेशानी होगी जिसको लेकर उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सोपा गया है यात्री सेठ पर पसरी गंदगी एवं शौचालय की व्यवस्था ठीक कराने की मांग की गई है। कल्लू सेवादार ने जानकारी देते हुए बताया है की शौचालय के दोनों टैंक फटे हुए हैं और गंदगी फैली हुई है सौचालय के ऊपर हलके टैंक रख दिए हैं जिसमें की पानी की व्यवस्था पूर्ण रूप से खराब है यात्री सेठ के बारे में जानकारी देकर बताया कि यहां पर कुछ महात्मा लोग आते जाते रहते हैं और जो अपने कपड़े धो कर जिनको कि मेरे द्वारा कपड़े डालने को लेकर कई बार मना किया लेकिन बह नहीं मानते है बंटी कुमार .नीरज कुमार. जयसिंह. राजकुमार राजेंद्र पप्पू कुमार विक्रम नन्हे सोनू काशीराम राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# दूसरे गांव जाकर राशन लेते हैं राशन कार्ड धारक

संभल, प्रात: किरण संवाददाता

ढाई वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद दुकानों के विवाद का निस्तारण नहीं किया जा सका है जिसके चलते ग्रामीण दूसरे गांव में जाकर राशन लेने को मजबूर हैं हालांकि यह दोनों राशन दुकानों के विवाद उच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं जबकि दोनों विवाद स्थानीय प्रशासन के द्वारा भी आसानी से सुलझाया जा सकता था ।

गौरतलब है की संभल तहसील क्षेत्र के छचैरा गांव में 30 मार्च 2019 को राशन वितरण में अनियमिताएं बरते जाने के आरोप में राशन डीलर महनाज की दुकान के लाइसेंस को निरस्त कर दुकान का अटैचमेंट पड़ोस के गांव कासमपुर में राशन डीलर प्रवेंद्र की दुकान से कर दिया गया था कई बार नए राशन डीलर के चयन के लिए बैठकें बुलाने के बाद 11 अगस्त सन 2020 ग्राम सभा की खुली बैठक में मतदान के जरिए सत्यवीर पुत्र इमरत का चयन राशन डीलर के रूप में कर लिया गया नए राशन डीलर के लिए जारी किए गए एजेंटों के अनुसार राशन डीलर का चयन सामान्य जाति के लिए किया गया परन्तु 31 अगस्त सन 2020 प्रस्ताव स्वीकृत करने के लिए बुलाई गई तहसील स्तरीय बैठक में उस प्रस्ताव को यह कहते हुए निरस्त कर दिया गया की महनाज की दुकान अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित थी चयनित राशन डीलर सत्यवीर पुत्र इमरत तहसील स्तरीय समिति के निर्णय को निरस्त कराने के लिए जिलाधिकारी मंडलायुक्त समेत शासन के मंत्रियों तक से गुहार लगाता रहा परंतु उसे निराशा ही मिली ।

अंत में चयनित डीलर ने उच्च न्यायालय मे अपनी याचिका दायर की परंतु लंबा समय बीत जाने के बाद उसे न्याय नहीं मिल सका है सवाल यह उठता है कि राशन डीलर चयन के लिए दो मापदंड कैसे हो सकते हैं एक के अनुसार प्रस्ताव को सामान्य श्रेणी में कराया जाता है जबकि दूसरे मापदंड के अनुसार अनुसूचित वर्ग में दर्ज कर ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्ताव को निरस्त कर दिया जाता है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 23 जुलाई, 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### सीबीएसई दसवीं परीक्षा में सुप्रिया को मिला 96 फीसदी अंक, परिवार में हर्ष का माहौल

फतुहा। पटेलनगर सोनारू निवासी पत्रकार सुधीर कुमार सिंह एवं शिक्षिका प्रतिमा कुमारी की पुत्री सुप्रिया कुमारी ने सीबीएसई में बेहतर प्रदर्शन कर घर-परिवार वालों का मान बढ़ाया है। इसने सीबीएसई दसवीं की परीक्षा 96 फीसदी अंक के साथ उत्तीर्ण की है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी स्कूल की छात्रा सुप्रिया को कुल 481 अंक प्राप्त हुए हैं। उसके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अपनी इस सफलता का श्रेय वह अपने माता-पिता, शिक्षक और अपने स्वाध्याय को देती है।

### 13 लोगों को स्मैक खरीदने 2 लोग को बेचने के जुर्म में जेल भेजा गया

दानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीबीगंज अंडा गली में लोगों की शिकायत किया कि तारी गोदाम के पास एक खाली मकान में स्मैक पीने वाले लोगों का जमावड़ा लगा रहता है आए दिन स्कूल जाने वाली लड़कियां को छेड़खानी करना कुछ लोग से मारपीट करना चोरी करना ऐसी घटनाएं घटती रहती है थानाध्यक्ष कमलेश्वर प्रसाद सिंह तुरंत सत्यापन करने के लिए सिपाही को सादे लिबास में भेजा तो पता चला कि वहां पर भीड़ लगी रहती है तब थाना अध्यक्ष ने कहा की हमने अनुमंडल अधिकारी को अवगत कराया उसके बाद हमारी पूरी टीम वहां पर घेराबंदी कर के छापामारी की जिसमें 15 लोगों को पकड़कर थाने ले आए जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि 15 लोग में 2 लोग स्मैक के विक्रेता भी है अनिल कुमार उर्फ गोरखा, मनोज पाल उर्फ चचवा, इनके पास से 38 पुरिया स्मैक बरामद हुई एक के पास से 5000 रूप दूसरे के पास से1100 रुप बरामद किया गया सभी को पूछताछ करने के बाद हिरासत में भेज दिया गया

### सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं के परिणाम घोषित

दानापुर। नगर के केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 12वीं और 10वीं का परीक्षाफल घोषित होने के बाद राजधानी के स्कूलों में परीक्षा परिणाम के बाद खुशी की लहर दौड़ गई। कई ने अधिक नंबर लाए और कुछ थोड़ा पीछे रह गए है। डीएवी खगौल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। डीएवी खगौल के प्राचार्य एसके झा ने 12वीं के टॉप फाइव बच्चों को स्कूल बुलाकर और मिठाई खिलाकर भविष्य के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक ,कर्मचारी भी मौजूद थे।

# बिहार सहित 4 राज्यों में कालाजार मरीज की संख्या घाटी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तर प्रदेश में कालाजार की संख्या में निरंतर गिरावट भारत में राष्ट्रीय कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन का संकेत देती है। कालाजार के मामलों की प्रारंभिक पहचान और निदान, जो कि प्रमुख मुद्दों में से एक थी, फिल्ड स्तर पर आरके-39 द्वारा जांच द्वारा हल कर लिया गया। परन्तु कालाजार - एचआईवी सह- संक्रमण, कालाजार से दोबारा संक्रमण और पीकेडीएल की जांच में यह उपयोगी नहीं है।

ऐसे मामलों में परजीवी पुष्टि ही एकमात्र तरीका है। यह बात राष्ट्रीय व्यावसायिक अधिकारी डॉ ध्रुव पांडेय, कालाजार और एसटीएच कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन भारत ने 20-22 जुलाई को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, डब्ल्यूएचओ इंडिया और एनसीवीबीडीसी द्वारा तीन बैचों में आईसीएमआर - आरएमआरआईएमएस में आयोजित ह्लकालाजार और पीकेडीएल मामलों की परजीवी जांच के लिए नैदानिक प्रशिक्षणह्व के दौरान अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कही। इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम में बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल के विभिन्न कालाजार से ग्रसित जिलों के चिकित्सा अधिकारियों, प्रयोगशाला तकनीशियनों और डब्ल्यूएचओ के राज्य समन्वयकों सहित कुल 37 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। आईसीएमआर आरएमआरआईएमएस के निदेशक डॉ कृष्णा पांडेय ने सभी प्रतिनिधियों और प्रशिक्षुओं का स्वागत किया। बिहार के एसपीओ डॉ बिपिन कुमार शर्मा ने आईसीएमआर - आरएमआरआईएमएस में इस प्रशिक्षण के आयोजन के लिए डब्ल्यूएचओ इंडिया और एनसीवीबीडीसी की सराहना की। एनसीवीबीडीसी की सीनियर सीएमओ डॉ नूपुर राय ने प्रशिक्षुओं से आग्रह किया कि वे अपने-अपने केंद्रों पर इस प्रशिक्षण के माध्यम से सीखे गए कौशल का प्रयोग करें। डॉ ध्रुव पांडेय ने कार्यक्रम में कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम और परजीवी परीक्षा की भूमिका के बारे में जानकारी दी। डॉ कृष्णा पांडे ने कालाजार एचआईवी सह संक्रमण, कालाजार रिलैप्स, पोस्ट कालाजार डर्मल लीशमैनियासिस (पीकेडीएल) और त्वचीय लीशमैनियासिस (सीएल) के निदान और उपचार के पहलु के बारे में विस्तार से बताया। परजीवी परीक्षा में शामिल तकनीकों पर आरएमआरआई एमएस के वैज्ञानिक जी डॉ वीएनआर दास की प्रस्तुति के बाद अस्थि मज्जा, त्वचा स्निप संग्रह का प्रदर्शन वैज्ञानिक सी डॉ मधुकर, वैज्ञानिक बी डॉ अनुराग पप्पू और उनकी टीम द्वारा किया गया।

अस्थि मज्जा और त्वचा स्मीयर की सूक्ष्म परीक्षा वैज्ञानिक एफ डॉ सीएस लाल और उनकी टीम द्वारा प्रदर्शित की गई। डब्ल्यूएचओ इंडिया के राज्य समन्वयक डॉ राजेश पांडेय ने समाप्त हुए इस तीन दिवसीय बैचवार प्रशिक्षण सत्रों के सुचारु संचालन के लिए सभी प्रतिभागियों, सुविधाप्रदाताओं और आयोजकों को धन्यवाद दिया। वैज्ञानिक एफ डॉ सीएस लाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मंच का बखूबी संचालन किया।

# भागलपुर इंटरसिटी ट्रेन के एसी कोच पर कांवरियों ने जमाया कब्जा



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

शुक्रवार को भागलपुर इंटरसिटी ट्रेन का सफर उन रेल यात्रियों के लिए कष्टदायक रहा। जिन्होंने अपना सीट आरक्षित करा रखा था। शिवभक्तों ने ट्रेन के स्लीपर बोगी के साथ ही एसी बोगी तक अपना कब्जा जमा रखा था। जिसके चलते परिवार संग सफर कर रहे यात्री काफी परेशान हुए। बताया जाता है कि ट्रेन के बोगियों पर कांवरियों का कब्जा दानापुर से ही था। रही-सही कसर पटना जंक्शन में ट्रेन पहुंचने के बाद पूरा हो गया। सभी बोगियों पर कब्जा जमा लिए। सुल्तानगंज तक ट्रेन के बोगी में कांवरियों की भीड़ बनी रही। कावरियों की हरकत से परेशान रेल यात्री अपनी सीट के किनारे बाल-बच्चों के साथ दुबके रहे। इस दुर्गति को देख कई रेल यात्री पूरे सावन माह तक इस रूट के ट्रेन से सफर नहीं करने का संकल्प ले रहे थे। रेल यात्री ने बताया कि कांवरियों से सुरक्षा में रेल पुलिस भी विफल है।

# डी.आर.एम. ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का शपथ दिलाई

दानापुर, प्रात : किरण संवाददता



दानापुर खगौल नगर के शुक्रवार को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु, दानापुर मंडल कार्यालय के प्रागंण में, मंडल रेल प्रबंधक दानापुर द्वारा शपथ दिलाई गई मैं शपथ लेता लेती हूँ कि पर्यावरण के हित में आज से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करूँगा और नहीं किसी को करने दूँगा। जिस प्लास्टिक से खेतों और पशुओं का जीवन खतरे में है,उसका आज से ही परित्याग करता करती हुँ।मैं सिंगल यूज प्लास्टिक के कारण पर्यावरण और जन जीवन में होनेवाली नुकसान से अवगत हूँ और अब समाज और आनेवाली पीढियों के लिए प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण बनाने के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य करूँगा।मैं सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण में होनेवाले नुकसान के बारे में कम से कम अपने आस-पास 10 व्यक्तियों को प्लास्टिक बैग के उपयोग नहीं करने और कपड़े का बैग यानि झोला लेकर चलने के लिए प्रेरित करूँगा।जैसा कि आप जानते हैं,सिंगल यूज प्लास्टिक ऐसा प्लास्टिक है; जिसे एक बार ही इस्तेमाल किया जा सकता है।इन्हें आसानी से नष्ट नहीं किया जा सकता है. इससे प्रदूषण बढ़ता है,क्योंकि इसे रिसाईकिल नहीं किया जा सकता है और न ही इसे जलाया जा सकता है। इससे पर्यावरण में जहरीले रसायन उत्पन्न होते हैं;जो कि इंसान और पशु दोनों के लिए हानिकारक हैं।इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा कपड़े से बने थैले का वितरण किया गया।इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा सहित सभी शाखा अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित हुए।

### प्रकाश पर्व पर सजा दीवान, शबद कीर्तन से संगत निहाल

**पटना सिटी।** तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में शुक्रवार को सिख पंथ के आठवें गुरु हरिकिशन साहिब के प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान सजा। इसमें शबद कीर्तन, कथा और प्रवचन हुआ। विशेष दीवान में रागी जत्थों की ओर से भाई अरविंद सिंह निर्गुण, भाई ज्ञान सिंह, भाई नविंदर सिंह, भाई कविंद्र सिंह, भाई बिक्रम सिंह व भाई जगत सिंह ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कथावाचक ज्ञानी गगनदीप सिंह ने कथा से संगतों को निहाल किया। तख्त साहिब के अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी बलदेव सिंह ने विशेष दीवान की समाप्ति के बाद विश्व शांति व भाईचारे के लिए अरदास किया। इससे पूर्व बीते दो दिनों से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति हुई। विशेष दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चला। आयोजन में प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह, अधीक्षक दलजीत सिंह, प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल, पपिन्द्र सिंह, महाकांत राय, सूरज सिंह, हरनाम सिंह, भोला सिंह, सरदार प्रेम सिंह सहित बड़ी संख्या में सिख संगत उपस्थित थे।

# आदिवासी समाज की महिला के 15वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर जश्न

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता



आदिवासी समाज की महिला द्रोपदी मुर्मू की 15 में राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर संगठन जिला बाढ़ भाजपा के कार्यकताओं ने पटाखे फोड़े एवं एक दूसरे को अबीर लगा कर जश्न मनाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सिया राम सिंह एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश सिंह ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार आदिवासी समाज से आने वाली महिला महामहिम की कुर्सी पर विराजमान होने जा रही है।नेता द्वय ने कहा कि अंतिम पायदान पर बैठी जनजातीय समुदाय की महिला को देश के सर्वोच्च पद पर बैठा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को साकार किया है।

भाजपा के केंद्र की सरकार मैं ही अंत्योदय का सिद्धांत साकार हुआ है।वरना देश की कांग्रेश सहित अन्य विपक्षी पार्टियां तो अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लोगों को धोखा ही देती रही है। इस कार्यक्रम में जिला मंत्री प्रियरंजन कुमार रविंद्र सिंह अवधेश सिंह सत्यनारायण प्रसाद संतोष कुमार सिंह संजय गिरी सुषमा गुप्ता सत्येंद्र सिंह भूपेंद्र सिंह अमित पांडे राजेश कुमार हीरा कुमार सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हजरत शाह अनजान रहमतुल्लाह अलीह का उर्स मनाया



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

हजरत दाता शहीद शाह अनजान रहमतुल्लाह अलैह महाराज की डेउढी मैदा टोली का उर्स मनाया गया। इसमें सुबह कुरआनखानी के बाद नेमाज मगरीब मजार रीफ गुसूल गुलपोशी चादरपोशी, इत्र पासी कुल व फातयाखानी और दुआ की गई। कुल व दोआ हजरत मौलाना हाफिज कारी दानिश रजा एमादी खातिब ईमाम जामा मस्जिद बीबी नसीरन बाग कालू खान व हजरत मौलाना सद्दाम हुसैन एमादी खतिब ईमाम बरकत खान का अखाड़ा ने हजरत के वसीले से अल्ला पाक से दुआ कि के देश व राज्य में अमन, चैन, शान्ति व खुशहाली के साथ भाईचारा कायम रहे। चादर मे सचिव मो निजामुद्दीन, डॉ एकबाल अहमद, मो मसरूर आलम, मो फजल, मो आजाद, मो फिरोज, मो महबूब, मो आमिर, हजरत मौलाना हाफिज कारी, दानिश रजा एमादी हजरत मौलाना सद्दाम हुसैन एमादी, मो आरिस, मो सारीक आदि और काफी संखया में अकीदतमंदों ने अकीदत के फूल नजर किए।

### कथावाचक के निधन पर अखंड पाठ



**पटना सिटी।** गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत के कथावाचक बाबा मनजिंदर सिंह के निधन के बाद उनकी आत्मा की शांति और गुरु चरण में वास को लेकर शुक्रवार को श्री अखंड पाठ रखा गया। इसकी समाप्ति 24 जुलाई को होगी। पाठ बाबा चमकौर सिंह और बाबा मिंटा सिंह कर रहे हैं। उस दिन दरबार साहिब में दोपहर 12 से 2 के बीच विशेष आयोजन होगा। उनकी आत्मा की शांति व गुरु चरणों में वास को लेकर प्रार्थना होगी। बाबा गुरुबिंदर सिंह और राजन सिंह ने बताया कि बाबा सुखबिंदर सिंह, बाबा गुरुबिंदर सिंह आदि भाग लेंगे। संगत भी भाग लेगी।

# कलयुगी बेटा ने अपने मां-बाप को कुल्हाड़ी से काटा मां की मौत बाप जख्मी

दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर फुलवारी नौबतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बृहस्पतिवार देर रात को,एक कलयुगी बेटा ने अपनी ही मां-बाप की कुल्हाड़ी से काट डाला। जिसमें मां लालपरी देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और पिता रामआशीष मांझी गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने तंत्र-मंत्र के चलते इस वारदात को अंजाम दिया है।ये घटना पटना के नौबतपुर थाने के कराई गांव में गुरुवार की रात लगभग 9:30 बजे के घटी है। जानकारी के अनुसार, कराई गांव निवासी रामअशीष मांझी की बहू कारू देवी गुरुवार की दोपहर गांव में मवेशी चराने के लिए गई थी। घर आई तो उसे अचानक पेट में दर्द हुआ।इसके बाद बद्री मांझी ने अपने मां लालपरी देवी को जाकर बोला कि तुम डायन होङ्क तुम्हीं ने मेरी पत्नी को कुछ किए होङ्क चलो ठीक करो जल्दीङ्क मां लालपरी देवी जब उसके कमरे में जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद बद्री मांझी ने अपनी मां लालपरी देवी पर डायन होने का आरोप लगाकर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसमें बद्री मांझी की मां लालपरी देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि बीच-बचाव करने आए पिता रामाशीष मांझी बुरी तरह घायल हो गए और नौबतपुर रेफरल अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। रामाआशीष मांझी के शरीर पर गहरे जख्म के निशान है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित बेटा बद्री मांझी ने मां और पत्नी का शव घर में ही छोड़कर भाग निकला।चीख-पुकार सुन आस पास के लोग इकट्ठा हो गए और लोगों ने घटना की सूचना नौबतपुर पुलिस को दी।वारदात की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शवों को उठा कर थाने ले गई। जहां से सुबह में पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स दोनों शवों को भेजा जाएगा। इस सनसनीखेज वारदात के बाद गांव के लोग सकते में है और मृतका के परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है।

### दादी जी का झूलन महोत्सव 31 को

**पटना सिटी।** श्री दादी जी भक्त मंडल के द्वारा 31 जुलाई को मिर्चाई गली स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर में एकदिवसीय झूलन महोत्सव का आयोजन किया गया है। मंडल के उपाध्यक्ष सहसंयोजक चंद्र प्रकाश झुनझुनवाला ने बताया कि श्रावण के तीज उत्सव पर होने वाले आयोजन की तैयारी जारी है।

उस दौरान श्री दादी जी का अलौकिक श्रृंगार, 56 भोग, मेहंदी उत्सव, सामूहिक मंगल पाठ, भजन संध्या के साथ भंडारा का आयोजन किया जाएगा। दादी भक्त कोमल देवड़ा एवं राजेश देवड़ा द्वारा सामूहिक मंगल पाठ के साथ भजनों की प्रस्तुति की जाएगी। इसे सफल बनाने के लिए अध्यक्ष प्रभु दयाल भरतिया, सतीश अग्रवाल, राजाराम शर्मा, संजीव देवड़ा, अमित झुनझुनवाला ओमप्रकाश राजगढ़िया, प्रशांत झुनझुनवाला, संजय झुनझुनवाला आदि सक्रिय हैं।

# गरुड़ ऐप के माध्यम से बीएलओ का प्रशिक्षण संबंधी कार्यक्रम संपन्न



बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

अनुमण्डल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, बाढ़ कुंदन कुमार के नेतृत्व में मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों की एक बैठक आहूत की गई, जिसमें सभी ब्लॉक लेवल ऑफिसर को गरुड़ ऐप के माध्यम से प्रशिक्षण दिए जाने की बात कही गई। बता दें कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, पटना तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के आलोक में गरुड़ ऐप का अधिक से अधिक उपयोग करने का निर्देश जारी किया गया है। गरुड़ ऐप को डिजिटलाइजेशन तथा फील्ड वेरिफिकेशन के कार्य हेतु अधिक से अधिक उपयोग में लाना तथा बीएलओ को और अधिक दक्ष करना इसका मुख्य उद्देश्य है। सभी बीएलओ का गरुड़ ऐप द्वारा मोकामा प्रखंड का शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुमंडल कार्यालय बाढ़ में संपन्न किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी बाढ़ कुंदन कुमार, भूमि सुधार उपसमाहर्ता अनिल कुमार आर्य तथा मोकामा प्रखंड के दर्जनों बीएलओ उपस्थित हुए।

# अशोक राजपथ व संपर्क पथ पर गड्ढा के साथ कीचड़

## मिट्टी के गीला होने व चैंबर जे रोड से ऊंचा होने से हो रहा दुर्घटना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नमामि गंगे योजना के तहत भले अब काम नहीं हो रहा है, मगर किए गए काम की जगह गड्ढे की पूरी तरह नहीं भरना या फिर मिट्टी का मलबा सड़क पर टीला के रूप में दिख रहा है। हालांकि जगह-जगह राबिश और गिट्टी देकर समतल करने का बेवजह कोशिश की गई है। स्थिति यह है कि बारिश होने के बाद वहां कीचड़ जम गया है और उस पर पर वाहनों का पहिया चढ़ने के बाद फिसलने से लोग घायल हो रहे हैं और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहा है।

विदित हो कि पटना के नाला रोड, बाकरगंज रोड, सब्जीबाग, गोविंद मित्रा रोड, आर्य कुमार रोड, मैकडॉवेल गोलंबर के आसपास भी नमामि गंगे के द्वारा गड्ढा कर सिवरेज के लिए पाइप डाला गया। बाद में पथ निर्माण विभाग के द्वारा उन सड़कों को चकाचक कर दिया गया। लगता ही नहीं है कि यहां कभी सड़कें इस कदर खराब रही थीं। वहीं दूसरी ओर अशोक राजपथ पर गांधी चौक मोड़ से लेकर महेंद्रू, पत्थर की मस्जिद, त्रिपोलिया, बालकिशुनगंज, गायघाट, भद्र घाट, मोड़, महावीर घाट मोड़, बेलवरगंज, पश्चिम दरवाजा, गुजरी बाजार से लेकर मच्छरहट्टा, गुरु गोविंद पथ पर गड्ढे को मिट्टी से भर दिया गया। अब स्थिति यह है कि मिट्टी धसान से लेकर गड्ढा में तब्दील हो गया है या फिर उसको इतना भरकर चेंबर बनाया गया है कि रोड से करीब एक-डेढ़ फीट ऊंचा टीला हो गया है।

दोनों वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के लिए मुसीबत का कारण बना हुआ है। फिसलन होने से दोपहिया और तिपहिया वाहन पलटी खा रहा है। सबसे अधिक ई-रिक्शा पलट जा रहा है। वही दो पहिया वाहन सवार पहिया के स्लिप करने से गिरने के कारण घायल हो जा रहे हैं, मगर इसे दुरुस्त करने की दिशा में अब तक कोई प्रयास नहीं किया गया है। अव्वल तो पथ निर्माण विभाग का पटना सिटी प्रमंडल कार्यालय के पश्चिम और पूर्व में भी कमोबेश यही स्थिति है। मगर इस कार्यालय में काम करने वाले कार्यपालक अभियंता से लेकर कनीय अभियंता और कर्मचारी तक इससे परेशान हैं।


पथ निर्माण विभाग के कार्यालय के थोड़ा पूरब बिन बारिश जलजमाव की स्थिति बनी है। इसका कारण रोड के दक्षिण की ओर नाला नहीं होने से पानी का निकास नहीं होना कारण है। वहीं मेहंदीगंज गुमटी के आसपास भी स्थिति नारकीय बनी हुई है, मगर इस दिशा में पहल करने को कोई जनप्रतिनिधि तैयार नहीं है। सदर गली से नून की चौराहा और लोदीकटरा की ओर जाने वाले रास्ते की स्थिति भी बारिश के बाद स्थिति बुरी हो गई है।

### अथमलगोला में कांवरिया से लदा वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**बाढ़।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से सुल्तानगंज गंगा जल भर कर देवघर की यात्रा करने जा रहे कांवरिया का वाहन गुरुवार की अहले सुबह अथमलगोला थाना क्षेत्र के गंज पर गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।हादसे में करीब 17 लोग जख्मी हो गए। सभी का इलाज बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में किया गया।जिसमें एक कांवड़ यात्री को गंभीर चोटें लगी है। घायलों में 55 वर्षीय शंभू नाथ वर्मा 60 वर्षीय बाबू यादव 30 वर्षीय जितेंद्र यादव 42 वर्षीय जितेंद्र सिंह 45 वर्षीय बोदी राज 30 वर्षीय टुनटुन चौहान 30 वर्षीय रजनीश राज 60 वर्षीय कामता शर्मा 25 वर्षीय भूलो कुमार 42 वर्षीय बैजू नाथ प्रसाद 28 वर्षीय अरविंद कुमार सहित 17 लोग शामिल है। सभी मुबारकपुर और आसपास के गांव जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि एक-दो को छोड़कर सभी को हल्की-फुल्की चोटें लगी है। वही प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पिकअप वैन पर सवार होकर सभी लोग देवघर जा रहे थे।

# छापेमारी में मिली अवैध ब्रांडेड अंग्रेजी शराब एक कर्मी गिरफ्तार

बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता



बिहटा पुलिस ने देर रात्रि बिहटा-कनपा रोड़ के आईआईटी रोड में मेडिकल कॉलेज के समीप शिवम लाइन होटल में अवैध तरीके से अंग्रेजी शराब की सूचना पर छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में ब्रांडेड अंग्रेजी शराब बरामद किया है।शराब माफियायों ने एक झोपड़ी नुमा होटल के पीछे मिट्टी के अंदर उसे गाड़ कर रखा था। बिहटा थानाध्यक्ष रंजीत कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि मेडिकल कॉलेज के सामने लाइन होटल में अवैध तरीके से अंग्रेजी शराब बेचा जाता है।जब पुलिस ने छापेमारी की तो पहले तो होटल कर्मी ने बताने में आनाकानी की जैसे हीं होटल की तलाशी ली गयी तो जमीन के नीचे से अंग्रेजी शराब के कार्टून निकलने लगे ऐसा माना जा रहा है यहीं से आसपास के इलाकों में ब्रांडेड शराब की बिक्री की जाती थी। पुलिस ने मौके से मारुति कार के साथ होटल के एक कर्मी को गिरफ्तार कर लिया है। देर रात तक पुलिस द्वारा मिट्टी की खुदाई देखने आसपास के लोग इकट्ठा हो गए लोहे की रॉड से लगभग पांच फीट गड्ढे को खोदा गया उसके बाद शराब के कार्टून दिखने लगे हालांकि छापेमारी की भनक लगते हीं मुख्य सरगना फरार हो गया।जब्त शराब को थाना लाया गया है गिनती के बाद हीं उसकी कुल अनुमानित कीमत का अंदाजा लगाया जा सकता है।बिहटा थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बिहटा-कनपा रोड़ के आईआईटी पटना के समीप मेडिकल कॉलेज के पास शिवम लाइन होटल में अवैध शराब सप्लाई की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची जहां छापेमारी की गई तो वहाँ एक होटल के पीछे मिट्टी में दबाकरकर रखा भारी मात्रा में शराब मिला है। जिसकी कीमत बाजार में 15लाख में है।हालांकि छापेमारी के दौरान शराब कारोबारी मौके से फरार होगया लेकिन होटल में काम करने वाला एक कर्मी को गिरफ्तार किया गया।जिससे फिलहाल पूछताछ किया जा रहा है।और मौके से पुलिस ने एक कार और बाइक को भी बरामद कर थाना ले आई है। फिलहाल गिरफ्तार युवक से शराब कारोबारी का नाम पता करने में पुलिस लगी हुई है

साथ ही अवैध शराब तस्करी में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है कुछ लोगों का नाम सामने निकलकर आया है जिनपर नामजद मामला दर्ज किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें



### एक्सस ने हिंडाल्को के साथ वाणिज्यिक एयरोस्पेस के क्षेत्र में करार किया

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की धातु कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और एक्सस ने वाणिज्यिक एयरोस्पेस क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग और संयुक्त व्यवसाय विकास के लिए रणनीतिक करार किया है। इस कदम से एक्सस प्राइवेट लिमिटेड के वाणिज्यिक एयरोस्पेस कारोबार को मजबूती मिलेगी। हिंडाल्को ने बीएसई को बताया, एक्सस ने हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड की विनिर्माण इकाइयों या अनुषंगी हिंडाल्को एलमैक्स एयरोस्पेस लिमिटेड द्वारा कच्ची सामग्री की आपूर्ति के लिए रणनीतिक साझेदारी समझौता किया है।

### कोफोर्ज का पहली तिमाही में मुनाफा 50 करोड़ रुपये रहा

नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी कोफोर्ज का 2022-23 की पहली तिमाही में कर के बाद समेकित लाभ 21.1 फीसदी की वृद्धि के साथ 149.7 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वर्ष समान तिमाही में कंपनी को 123.6 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का सकल राजस्व 25.2 फीसदी बढ़कर 1,829.4 करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष जून तिमाही में यह 1,461.6 करोड़ रुपये था।

### देश भर के बैंक पेंशनभोगी शनिवार को जंतर-मंतर पर करेंगे प्रदर्शन

प्रयागराज। देश भर के बैंक पेंशनभोगी भारतीय रिजर्व बैंक की तर्ज पर पेंशन संशोधन और सुधार सहित महत्वपूर्ण मांगों को लेकर शनिवार को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। फोरम आफ बैंक पेंशनर एक्टिविस्ट्स के राष्ट्रीय संयोजक जेएन शुक्ला ने शुक्रवार को कहा कि यह धरना आल इंडिया बैंक रिटायरीज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा प्रायोजित है जिसे देश भर के एक दर्जन संगठनों का समर्थन हासिल है। उन्होंने कहा कि एक जनवरी, 1986 से बैंकिंग क्षेत्र में पेंशन लागू होने के बाद से कभी इसे संशोधित नहीं किया गया। वर्ष 1992 से हर पांच साल में बैंक कर्मचारियों का वेतन बढ़ाया जाता रहा लेकिन पेंशन को कभी भी संशोधित नहीं किया गया। शुक्ला ने कहा कि सरकार के 24 फरवरी, 2012 के निर्देश के बावजूद सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए बैंकों के कल्याण कोष से स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने की कोई व्यवस्था नहीं है। इसी तरह, बैंकों ने मूल वेतन का 16.4% काट कर उसे विशेष भत्ते का नाम दे दिया है जबकि इसे पेंशन, ग्रेच्युटी, पीएफ, एनपीएस गणना से बाहर रखा गया है। उन्होंने कहा कि बैंकों ने कदाचार के लिए बर्खास्त किए गए दागी पूर्व-कर्मचारियों को पेंशन का अधिकार बहाल कर दिया है लेकिन उन लोगों को पेंशन देने से इनकार कर दिया गया जिन्होंने त्रुटिहीन सेवा के साथ बैंक सेवा से इस्तीफा दिया था। शुक्ला ने कहा कि जब दागी लोगों को पेंशन का अधिकार दिया जा सकता है तो इस्तीफा देने वालों को पेंशन का अधिकार क्यों नहीं दिया जा सकता है।

# आरबीआई वित्तीय स्थिरता की रक्षा करते हुए नवप्रवर्तनों को स्थान देने को तैयार : दास

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर डॉ शक्तिकांत दास ने कहा है कि इस समय भू-राजनैतिक अस्थिरता और गंभीर वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है। श्री दास ने शुक्रवार को कहा कि आरबीआई के वित्तीय स्थिरता की रक्षा करते हुए ऐसा अनुकूल नियामकीय वातावरण तैयार करने को प्रतिबद्ध है जिसमें स्वस्थ तरीके से नये परिवर्तनकारी नवप्रवर्तनों को समाहित किया जा सके।

आरबीआई गवर्नर ने कहा, इतिहास दर्शाता है कि जब प्रौद्योगिकी, बाजार के प्रतिभागी और नियामकीय संस्थाएं मिलकर काम करते हैं तो उससे क्रांतिकारी नवप्रवर्तन होते हैं और आर्थिक वृद्धि तेज होती है। मुझे उम्मीद है कि हमारे बैंक आने वाले दिनों में इसको सही सिद्ध करेंगे।

श्री दास मुंबई में बैंक ऑफ बड़ौदा वार्षिक बैंकिंग सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बैंकिंग, व्यवसाय और अधिक सहयोग मूलक होने के साथ-साथ पहले से अधिक प्रतिस्पर्धी होगा, जिसमें नयी प्रवेश करने वाली इकाइयां नए-नए नवप्रवर्तनकारी उत्पाद लेकर आएंगी। वर्तमान बैंकों को इस सतत परिवर्तनशील वातावरण के लिए तैयार रहना होगा और साथ ही उन्हें कारोबार के उपयुक्त मॉडल स्वस्थ विकास, स्थिरता और ग्राहकों के संतोष पर ध्यान केंद्रित रखना होगा।

श्री दास ने कहा, 'इससे भी महत्वपूर्ण कंपनी के संचालन की अच्छी नीति है। अच्छा संचालन सफलता का मूल आधार होता है और इससे समझौता नहीं किया जाना चाहिए।' आरबीआई गवर्नर ने बैंकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपयुक्त प्रबंध बनाए रखने का सुझाव देते हुए कहा, 'हितधारकों को डिजिटल धोखाधड़ी, डाटा चोरी और साइबर अपराधों से बचाने के उपयुक्त इंतजाम रखे जाने चाहिए। अंततः बैंकिंग एक सेवा है और इसमें ग्राहकों के हित की अधिक से अधिक सुरक्षा तथा सुविधा को उपयुक्त प्राथमिकता देना आवश्यक है।' अर्थव्यवस्था के हालात के बारे में उन्होंने कहा, आज हम अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं। यूरोप में चल रही लड़ाई और महामारी ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बहुत अनिश्चितता पैदा कर दी है। देशों में मुद्रास्फीति, जिसमें खाद्य मुद्रास्फीति भी शामिल है अप्रत्याशित रूप से बहुत ऊंची चल रही है। आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित हैं। माल और श्रम बाजार में मांग एवं पूर्ति में अंतर बढ़ा है।'

डॉ दास ने कहा कि आज दुनियाभर में केंद्रीय बैंक जिस तरह तेजी से अपनी मौद्रिक नीतियों में शक्ति ला रहे हैं। उससे निकट भविष्य में मंदी का खतरा बढ़ रहा है। जिंसों की कीमतें जून के मुकाबले कम हुयी हैं लेकिन अब भी वे ऊंचे स्तर पर बनी हुयी हैं।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि अमेरिका में ब्याज दरों के और अधिक ऊंचा होने के साथ-साथ वैश्विक निवेशकों द्वारा जोखिम से दूर हटने के कारण सुरक्षित संपत्तियों में निवेश की मांग बढ़ी है और इसके परिणाम स्वरूप अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले न केवल भारत जैसे उभरते बाजार वाली अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राएं बल्कि कुछ उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राएं भी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर हुयी हैं। डॉलर के इस तरह मजबूत होने से मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ रहा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार से कर्ज लेना महंगा हो रहा है। उन्होंने कहा, 'अस्थिर भू-राजनैतिक परिस्थितियों के बीच कुल मिलाकर वैश्विक स्थिति गंभीर है और युद्ध तथा महामारी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में विघटन एवं विखंडन पैदा करने वाली शक्तियों को बल प्रदान किया है।' श्री दास ने कहा,'ऐसे चुनौतिपूर्ण वातावरण में भारतीय अर्थव्यवस्था तुलनात्मक रूप से अधिक अच्छी स्थिति में है और इसे इसकी ठोस व्यापक आर्थिक बुनियादी परिस्थितियों से शक्ति मिल रही है।

देश की वित्तीय प्रणाली का पूंजी आधार अच्छा है, ऋणों की गुणवत्ता के संकेत सुधरे हैं, लेखा-जोखा मजबूत हुआ है और बैंक लाभ में लौट आए हैं।' आरबीआई गवर्नर ने कहा कि इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था में ऋण की मांग में अच्छी वृद्धि देख रहे हैं।

अर्थव्यवस्था के पास व्यापार और पोर्टफोलियो निवेश के बहिरप्रवाह के चलते संभावित बाहरी झटकों से सुरक्षा के पर्याप्त संसाधन है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक आगे आने वाली चुनौतियों के प्रति सतर्क है और वित्तीय स्थिरता के लिए तत्परता के साथ हर जरूरी कदम उठाने को तैयार है।

# अकासा एयर 7 अगस्त से शुरू करेगी कमर्शियल परिचालन

नई दिल्ली, एजेंसी



अरबपति निवेशक राकेश झुनझुनवाला की एयरलाइन अकासा एयर 7 अगस्त को मुंबई-अहमदाबाद मार्ग पर अपनी पहली उड़ान के साथ अपना कमर्शियल अभियान शुरू करने के लिए तैयार है।

एयरलाइन ने कहा कि वह कमर्शियल संचालन के लिए मार्ग पर बोइंग 737 मैक्स विमान तैनात करेगी। दो बोइंग 737 मैक्स विमानों पर उड़ान संचालन किया जाएगा। बोइंग ने पहले ही एक विमान की डिलीवरी कर दी है और दूसरा इस महीने के अंत में दिया जाएगा। अकासा एयर ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उसने 28 उड़ानों पर टिकटों की बिक्री शुरू कर दी जो 7 अगस्त से मुंबई-अहमदाबाद मार्ग पर साप्ताहिक और साथ ही 13 अगस्त से बेंगलुरु-कोच्चि मार्ग पर 28 उड़ानें संचालित होंगी।

अकासा एयर के सह-संस्थापक और मुख्य कमर्शियल अधिकारी प्रवीण अय्यर ने कहा, हम एए बोइंग 737 मैक्स विमान के साथ मुंबई और अहमदाबाद के बीच उड़ानों के साथ परिचालन शुरू कर रहे हैं। अय्यर ने कहा, हम अपने नेटवर्क विस्तार योजनाओं के लिए चरणबद्ध दृष्टिकोण अपनाएंगे और अधिक शहरों को जोड़ेंगे, क्योंकि हम हर महीने अपने बेड़े में दो विमान जोड़ रहे हैं। अकासा एयर विमानन उद्योग में प्रवेश करने वाली सबसे प्रतिष्ठित कम लागत वाली एयरलाइनों में से एक है। एयरलाइन को इस महीने की शुरूआत में नागरिक उड्डयन नियामक महानिदेशालय (डीजीसीए) से ऑपरेटर प्रमाणपत्र मिला था।

**परिचालन**

- **अय्यर ने कहा, हम अपने नेटवर्क विस्तार योजनाओं के लिए चरणबद्ध दृष्टिकोण अपनाएंगे**

# भारत में 5जी कनेक्टिविटी लाने में आगे रहेगी एयरटेल: सुनील मित्तल

नई दिल्ली, एजेंसी



दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील मित्तल ने कहा कि भारत की डिजिटल-फर्स्ट अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए कंपनी अपने शक्तिशाली नेटवर्क के साथ देश में 5जी कनेक्टिविटी को लाने में सबसे आगे रहेगी।

देश में 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी अगले कुछ दिनों में होने वाली है, इस लिहाज से मित्तल की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है।

5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी 26 जुलाई को शुरू होगी। इसमें कम से कम 4.3 लाख करोड़ रुपये के कुल 72 गीगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम को नीलामी के लिए रखा जाएगा। दूरसंचार विभाग इससे पहले शुक्रवार और शनिवार को मॉक ड्रिल का आयोजन करेगा।

भारती एयरटेल की वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 में सुनील मित्तल ने कहा, भारत में 5जी कनेक्टिविटी लाने में एयरटेल अपने शक्तिशाली नेटवर्क के साथ सबसे आगे होगी और इससे भारत की डिजिटल-फर्स्ट अर्थव्यवस्था को समर्थन मिलेगा।

मित्तल ने कहा कि प्रतिस्पर्धा से पहले ही एयरटेल ने नेटवर्क के परीक्षण के जरिए 5जी क्षेत्र में बढ़त बना ली थी। उन्होंने कहा कि यह पहली कंपनी है जिसने भारत में 5जी क्लाउड गेमिंग अनुभव का प्रदर्शन किया और ग्रामीण कनेक्टिविटी के लिए 700 मेगाहट्र्ज के बैंड का सफल परीक्षण किया।

एयरटेल के प्रबंध निदेशक गोपाल विट्टल ने कहा कि कंपनी 5जी के लिए पूरी तरह से तैयार है

# दुनिया के रईसों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंचे अडाणी, अंबानी 11वें स्थान पर कायम

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत समेत एशिया के सबसे रईस उद्योगपति गौतम अडाणी ने दुनिया के सबसे रईस व्यक्तियों की सूची में एक और पायदान की छलांग लगा ली है। कुल 113 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ गौतम अडाणी माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स को पीछे छोड़कर दुनिया के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।

ब्लूमबर्ग बिलेनियरीज इंडेक्स द्वारा आज जारी आंकड़ों के मुताबिक गौतम अडाणी की व्यक्तिगत संपत्ति 1.79 अरब डॉलर के उछाल के साथ 113 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है, जबकि बिल गेट्स की व्यक्तिगत संपत्ति 4.03 अरब डॉलर के नुकसान के साथ 112 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। इस तरह दुनिया के सबसे रईस व्यक्तियों की सूची में अडाणी पांचवें स्थान से आगे बढ़कर चौथे स्थान पर और बिल गेट्स चौथे स्थान से गिरकर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।



ब्लूमबर्ग बिलेनियरीज इंडेक्स के मुतबिक भारत समेत एशिया के दूसरे सबसे रईस व्यक्ति मुकेश अंबानी 88 अरब की संपत्ति के दुनिया के सबसे रईस व्यक्तियों की सूची में 11वें स्थान पर हैं।

ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक दुनिया के सबसे रईस व्यक्तियों की सूची में गौतम अडाणी के आगे अब सिर्फ तीन व्यक्ति बचे हैं। इनमें टेस्ला और स्पेस-एक्स के सीईओ एलन मस्क 242 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ पहले स्थान पर, जेफ बेजॉस 148 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर और फ्रेंच कारोबारी बर्नार्ड अरनॉल्ट 137 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

ब्लूमबर्ग द्वारा जारी दुनिया के टॉप रईसों की इस सूची में चौथे स्थान पर गौतम अडाणी और 11वें स्थान पर मुकेश अंबानी का नाम होने के साथ ही टॉप 100 रईसों की सूची में चार और भारतीय अपनी जगह बना सके हैं। इन भारतीय रईसों में 25.7 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ अजीम प्रेमजी 47वें स्थान पर, 22.8 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ शिव नाडार 57वें स्थान पर, 20.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ राधाकिशन दमानी 68वें स्थान पर और 16.1 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति वाले लक्ष्मी मित्तल दुनिया के टॉप 100 रईसों की सूची में 100वें स्थान पर हैं।

# पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच देश में शुक्रवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। जिससे करीब दो माह से ईंधन के दामों में राहत बनी हुयी है।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.92 प्रतिशत चढ़कर 104.82 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.91 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 97.23 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा।

देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी



राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहे:-


| महानगर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| | (रुपए प्रति लीटर) | |
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |
| चेन्नई | 102.63 | 94.24 |

# इंस्टाग्राम पर नई शॉर्ट वीडियो पोस्ट रील्स के रूप में शेयर की जाएंगी

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

मेटा के स्वामित्व वाले फोटो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम ने कई नए फीचर्स जारी किए हैं और कहा है कि 15 मिनट से कम के नए वीडियो पोस्ट को रील के रूप में शेयर किया जाएगा। मंच ने कहा कि यह फीचर आने वाले हफ्तों में यूजर्स के लिए शुरू हो जाएगी और यह भी उल्लेख किया है कि इस बदलाव से पहले पोस्ट की गई वीडियोज, वीडियो के रूप में रहेंगी और रील नहीं बनेंगे।

कंपनी ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, हम चाहते हैं कि हर कोई अपने रचनात्मक विचारों को आसानी से व्यक्त करने में सक्षम हो, इसलिए हम और अधिक सुविधाएं जोड़ रहे हैं। हम हमेशा आपके इंस्टाग्राम अनुभव को बेहतर बनाने के तरीकों पर काम कर रहे हैं। हम ऐसी सुविधाओं का निर्माण करना जारी रखेंगे जो इंस्टाग्राम



- **इंस्टाग्राम ने कई नए फीचर्स जारी किए हैं और कहा है कि 15 मिनट से कम के नए वीडियो पोस्ट को रील के रूप में शेयर किया जाएगा।**

पर रील बनाने और साझा करने के लिए इसे आसान और अधिक मजेदार बनाती हैं।

मंच ने कहा कि यह रीमिक्स के लिए टूल का भी विस्तार कर रहा है ताकि यूजर्स को अपने पसंदीदा क्रिएटर्स और दोस्तों के साथ सहयोग करते हुए इंस्टाग्राम पर स्टोरीस को बताने के तरीके को बढ़ाने में मदद मिल सके। आने वाले हफ्तों में कंपनी ने कहा कि यूजर्स पब्लिक फोटोज को रीमिक्स कर सकेंगे। यह यूजर्स को अपनी अनूठी रील बनाने के लिए प्रेरणा देता है। वे मौजूदा रील्स में अपनी वीडियो कमेंट्री जोड़ने के लिए हरे रंग की स्क्रीन, होरिजोंटल या वर्टिकल स्प्लिट-स्क्रीन, या पिक्चर-इन-पिक्चर रिएक्शन वियु के बीच चयन कर सकते हैं। कंपनी ने कहा, यह वर्तमान में 90 सेकंड से कम लंबी रीलों पर लागू होता है। यदि आपका अकाउंट प्राइवेट है, तो आपकी रीलों को अभी भी केवल आपके फॉलोअर्स को दिखाया जाएगा।

# आयकर रिटर्न भरने की समयसीमा बढ़ाने की कोई योजना नहीं : राजस्व सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार आयकर रिटर्न भरने की 31 जुलाई की समयसीमा आगे बढ़ाने पर विचार नहीं कर रही है। उसका मानना है कि ज्यादातर रिटर्न निर्धारित तिथि तक भर दिये जाएंगे। राजस्व सचिव तरूण बजाज ने शुक्रवार को कहा कि 20 जुलाई तक वित्त वर्ष 2021-22 के लिये 2.3 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न भरे जा चुके हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।

उल्लेखनीय है कि इससे पिछले वित्त वर्ष 2020-21 के लिए करीब 5.89 करोड़ आयकर रिटर्न भरे गये थे। पिछले साल सरकार ने रिटर्न भरने की समयसीमा 31 दिसंबर तक बढ़ाई थी। बजाज ने पीटीआई-भाषा से कहा, लोग सोचते हैं कि आयकर रिटर्न भरने की समयसीमा हर बार बढ़ती है। इसीलिए वे शुरू में रिटर्न दाखिल करने में कुछ सुस्ती दिखाते हैं। लेकिन हमें रोजाना 15 लाख से 18 लाख के बीच रिटर्न मिल रहे हैं। यह बढ़कर दैनिक आधार पर 25 से 30 लाख रिटर्न तक हो जाएगा।

उन्होंने कहा, पिछली बार 9-10 प्रतिशत रिटर्न



अंतिम दिन भरे गये थे। पिछले साल अंतिम दिन 50 लाख रिटर्न दाखिल किए गए थे। इस बार मैंने अंतिम तारीख पर एक करोड़ रिटर्न के लिये तैयार रहने को कहा है।

आयकर नियमों के अनुसार उन व्यक्तिगत करदाताओं के लिये 2021-22 के आयकर रिटर्न भरने की समयसीमा 31 जुलाई है जिनके पिछले वित्त वर्ष के खातों के ऑडिट की जरूरत नहीं है।

आयकर विभाग ने विभिन्न श्रेणी के करदाताओं के लिये आय के आधार पर सात प्रकार के आयकर फॉर्म निर्धारित किये हैं। कर विभाग का आयकर रिटर्न भरने का नया पोर्टल अंतिम समय में अत्यधिक रिटर्न जमा किए जाने के लिहाज से काफी मजबूत है। बजाज ने कहा, अब तक आयकर रिटर्न भरने की समयसीमा बढ़ाने का कोई विचार नहीं है।

उन्होंने कहा कि करदाताओं से मिली प्रतिक्रिया के अनुसार रिटर्न फॉर्म भरना अब काफी सरल है और रिफंड भी काफी जल्द प्राप्त हो रहे हैं।

रिटर्न फाइल करने में आने वाली कठिनाइयों संबंधी शिकायत के बारे में बजाज ने कहा कि 2.3 करोड़ लोग बिना किसी शिकायत के पहले ही रिटर्न भर चुके हैं।

राजस्व सचिव ने कहा, पूर्व में 50,000 लोग रोजाना आयकर रिटर्न भरते थे और अब यह संख्या बढ़कर 20 लाख हो गयी है। मुझे भरोसा है कि अगले कुछ दिनों में रिटर्न की संख्या बढ़ेगी। सरकार ने कोरोना वायरस महामारी के दौरान लोगों को राहत देने के मकसद से पिछले दो वित्त वर्ष के दौरान आयकर रिटर्न भरने की समयसीमा बढ़ायी थी।

# 23-24 को अमेजन प्राइम डे पर विशेष छूट

बेंगलुरु, एजेंसी

अमेजन इंडिया अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक शॉपिंग इवेंट -प्राइम डे के साथ वापस आ गया है। 23 जुलाई को सुबह 12 बजे से शुरू होने वाला दो दिवसीय कार्यक्रम, अमेजन पर फैशन और ब्यूटी ब्रांडों के लिए रोमांचक ऑफर पेश करने वाला है। मुफ्त और फास्ट डिलीवरी के अलावा, प्राइम मेंबर्स सबसे अच्छी डील्स का लाभ उठा सकते हैं और कपड़े, जूते, मेकअप, घड़ियां, आभूषण, हैंडबैग, सामान, स्किनकेयर, हेयरकेयर, बाथ और ब्यूटी सहित अन्य फैशन और सौंदर्य आइटम पर 50 से 80 प्रतिशत के बीच छूट का लाभ उठा सकते हैं।

रोमांचक प्राइम डे लाइनअप में प्रसिद्ध और लोकप्रिय फैशन और ब्यूटी ब्रांडों के 70 से अधिक नए लॉन्च शामिल होंगे, जिनमें एलन सोली, वेरो मोडा, प्यूमा, एडिडास, मामाअर्थ, मेबेलिन, फास्टट्रैक, फॉसिल, अमेरिकन टूरिस्टर, स्काईबैग्स, जवेरी पर्ल्स, मेलोरा,

**छूट**

- **23 जुलाई को सुबह 12 बजे से शुरू होने वाला दो दिवसीय कार्यक्रम, अमेजन पर फैशन और ब्यूटी ब्रांडों के लिए रोमांचक ऑफर पेश करने वाला है।**

चुम्बक, लैवी, लिनो पेरोस, लोरियल प्रोफेशनल, बाथ एंड बॉडी वर्क्सर व अन्य शामिल हैं।

मानसून की शुरूआत के साथ, फैशनपरस्तों के लिए अपने फैशन और सौंदर्य के गेम को आगे बढ़ाने का यह सही समय है। आपको सबसे रोमांचक सौदे मिलेंगे जो आपके मॉनसून वॉर्डरोब को कुछ स्मार्ट और ट्रेंडी परिवर्धन जैसे कैजुअल ड्रेसेस, क्रोक, सैंडल, गमबूट्स, वाटर रेसिस्टेंट हैंडबैग्स, घड़ियां और स्टाइल और आराम के सही मिश्रण के लिए और भी बहुत कुछ के साथ अपग्रेड करेंगे। अपने बेहतरीन मॉनसून वार्डरोब का निर्माण करना कभी भी इतना आसान नहीं रहा कि आप अपनी पसंद की ड्रेस खरीदें और भीड़ से अलग दिखें। शुगर कॉस्मेटिक्स कंटूर डी फोर्स आइज और फेस पैलेट जैसे ब्रांडों- लेक्मे फॉरएवर मैट लिक्विड लिप कलर, रेनी फैब 5 मैट फिनिश 5 इन 1 लिपस्टिक के साथ अपना पसंदीदा मेकअप लुक क्रिएट करें।

यह सभी मॉनसून स्किनकेयर और हेयरकेयर अनिवार्यताओं पर स्टॉक करने का सही समय है। नियासिनमाइड और हाइलूरोनिक एसिड की अच्छाई के साथ प्रमुख सामग्री, साथ ही सल्फेट और पैराबेन-मुक्त अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू ब्रांडों के उत्पाद पर आश्चर्यनजक छूट उपलब्ध है। लोरियल प्रोफेशनल एब्सोल्यूट रिपेयर हेयर मास्क, बायोटिक ककम्बर पोर टाइटनिंग रिफ्रेशिंग टोनर हिमालयन वाटर्स के साथ, प्लम बॉडीलोविन मिनियंस गोइन बनाना बॉडी वॉश कुछ नाम हैं। भारत सहित 25 देशों में 200 मिलियन से अधिक प्राइम सदस्यों द्वारा इसका आनंद लिया जाता है।

इसके अलावा, 18-24 वर्षीय ग्राहक यूथ ऑफर का लाभ उठा सकते हैं और प्राइम के लिए साइन अप करने के बाद अमेजन पर अपनी उम्र की पुष्टि कर अपनी प्राइम मेंबरशिप पर 50 प्रतिशत की छूट पा सकते हैं। प्राइम को हर दिन आपके जीवन को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। प्राइम दुनिया भर में 200 मिलियन से अधिक भुगतान किए गए सदस्यों को सर्वश्रेष्ठ खरीदारी और मनोरंजन प्रदान करता है। भारत में, इसमें असीमित मुफ्त शिपिंग, प्राइम वीडियो के साथ पुरस्कार विजेता फिल्मों और टीवी शो तक असीमित पहुंच, 90 मिलियन से अधिक गानों तक असीमित पहुंच, प्राइम म्यूजिक के साथ विज्ञापन-मुक्त और लाखों पॉडकास्ट एपिसोड, प्राइम रीडिंग के साथ 3,000 से अधिक पुस्तकों, पत्रिकाओं और कॉमिक्स का मुफ्त रोटेटिंग चयन, मुफ्त इन-गेम कंटेंट तक पहुंच और प्राइम के साथ गेमिंग के लाभ, नए उत्पाद लॉन्च और बहुत कुछ शामिल है।

## शुरूआती कारोबार में रुपया सात पैसे कमजोर होकर 79.92 पर पहुंचा

**मुंबई।** विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से रुपया शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में सात पैसे कमजोर होकर 79.92 रुपये प्रति डॉलर के भाव पर आ गया। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 79.90 के भाव पर खुला लेकिन थोड़ी ही देर में यह 79.92 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। इस तरह एक दिन पहले की तुलना में रुपये में सात पैसे की कमजोरी आ गई। बृहस्पतिवार को कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और विदेशी पूंजी का निवेश बढ़ने के कारण रुपया अपने ऐतिहासिक निचले स्तर से उबरकर और 20 पैसे सुधरकर 79.85 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत बढ़कर 106.54 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा एक प्रतिशत मजबूत होकर 104.90 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# शेयर बाजार में मामूली तेजी, बिकवाली के दबाव में फंसे आईटी सेक्टर के कई शेयर

नई दिल्ली, एजेंसी

मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में आज मामूली मजबूती नजर आ रही है। आज के शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार ने जोरदार तेजी के संकेत दिए थे। खरीदारी के सपोर्ट से बीएसई का सेंसेक्स भी उछल कर 56 हजार अंक के दायरे को पार करने में सफल हो गया था, लेकिन उसके बाद शुरू हुई बिकवाली ने शेयर बाजार को एक बार फिर सपाट स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया। शुरूआती कारोबार में आईटी सेक्टर के कई प्रमुख शेयर पिटते हुए नजर आ रहे हैं। दिग्गज शेयरों में से यूपीएल, आयशर मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन कंपनी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में लगातार हो रही लिवाली के कारण तेजी की स्थिति बनी हुई है। दूसरी ओर इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजी, अपोलो हॉस्पिटल और टाटा कंस्ट्रक्शन के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना हुआ है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स आज 118.89 अंक की मजबूती के साथ 55,800.84 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बाजार में तेज लिवाली शुरू हो गई, जिसके कारण अगले 15 मिनट के कारोबार में ही सेंसेक्स 324.27 अंक की छलांग लगाकर 56,006.22 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में तेज बिकवाली शुरू हो गई।

बिकवाली के दबाव की वजह से सुबह 10 बजे के करीब सेंसेक्स लुढ़क कर 55,724.80 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इस गिरावट के बाद से ही शेयर बाजार लगभग इसी स्तर के आसपास टिक कर कारोबार कर रहा है। लगातार हो रही खरीद बिक्री के बीच शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 94.81 अंक की मजबूती के साथ 55,776.76 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी 56 अंक की बढ़त के साथ 16,661.25 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती खरीदारी का फायदा निफ्टी की चाल को भी मिला और पहले 15 मिनट के कारोबार में ही ये सूचकांक 99.55 अंक की मजबूती के साथ 16704.80 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इस स्तर पर बाजार में बिकवाली के दबाव बनने के कारण निफ्टी की चाल में भी गिरावट का रुख बन गया, जो सुबह 10 बजे तक लगातार जारी रहा। इस समय तक निफ्टी गिरकर 16,626.10 अंक के स्तर तक पहुंच गया था। इस गिरावट के बाद कुछ देर तक बाजार में लिवाली और बिकवाली का संतुलन बनने की वजह से निफ्टी की चाल में भी कुछ देर के लिए ठहराव जैसी स्थिति बनती दिखी।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप : जमैका की शेरिका जैक्सन ने 200 मीटर रेस में जीता स्वर्ण

ओरेगन। जमैका की शेरिका जैक्सन ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के महिलाओं के 200 मीटर रेस में रिकार्ड 21.45 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, जो केवल फ्लोरेंस ग्रिफिथ्स-जॉयर के बाद इतिहास का दूसरा सबसे तेज समय है। उनकी हमवतन और विश्व 100 मीटर चैंपियन शेल्ली-एन फ्रेजर-प्रिस 21.81 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और रजत पदक पर कब्जा किया, जबकि ग्रेट ब्रिटेन के डिफेंडिंग चैंपियन दीना अशर-स्मिथ को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अपने करियर के दौरान, जैक्सन ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और 4गुना100 मीटर और 4७400 मीटर रिले में ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में 11 वैश्विक पदक जीते हैं। वहीं, फ्रेजर -प्रिस ने चार दिन पहले 100 मीटर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था, जो इस कार्यक्रम में उनका पांचवां विश्व खिताब था।

### हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे कार्लोस अल्कराज

हैम्बर्ग। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए हैं। अल्काराज ने फि लिप क्राजिनोविक को 7-6(4), 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अल्कराज ने जीत के बाद कहा, मुझे टूर पर अपना सर्वश्रेष्ठ मैच खेलना था। मैं अपने प्रदर्शन से वास्तव में खुश हूं। यह काफी मैच कठिन था। फिलिप अविश्वसनीय खेल रहा था। उसने शुरुआत से अंत तक वास्तव में अच्छा खेला। अल्कराज ने दूसरे सेट में अधिक भारी हिटिंग के बाद 4-1 से डबल-ब्रेक का फायदा उठाया। एक ब्रेक बैक देने के बावजूद, अल्कराज ने आसानी से मैच जीता। क्वार्टरफाइनल में अल्कराज का सामना करेन खाचानोव के साथ होगा। करेन खाचानोव के साथ मैच को लेकर अल्कराज ने कहा, मुझे पता है कि करेन अच्छा खेल रहा है। वह एक शानदार खिलाड़ी है, इसलिए यह एक कठिन मैच होने जा रहा है। लेकिन मुझे लगता है कि आज के प्रदर्शन के साथ, मुझे क्वार्टर फाइनल में एक अच्छा मैच होने का विश्वास है।

### विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप: भारतीय ट्रिपल जम्पर बने एल्धोस पॉल

ओरेगॉन। एल्धोस पॉल विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय ट्रिपल जम्पर बन गए हैं। 25 वर्षीय पॉल ने 16.68 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 12वां और अंतिम स्थान हासिल करते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। अन्य दो भारतीय प्रवीण चित्रवेल और अब्दुल्ला अबूबकर फाइनल में स्थान बनाने से चूक गए। जहां प्रवीण चित्रवेल ने 16.49 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर क्वालीफायर में 17वें स्थान पर कब्जा किया, वहीं अब्दुल्ला अबूबकर 16.45 मीटर की दूरी के साथ 19वें स्थान पर रहे। टोक्यो 2020 चैंपियन पेड्रो पिचार्डो ने 17.16 मीटर प्रयास के साथ क्वालीफाइंग तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। ओरेगॉन 2022 में पुरुषों की ट्रिपल जंप फाइनल के लिए अंतिम क्वालीफाइंग मार्क 17.05 मीटर या कम से कम 12 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों पर निर्धारित किया गया था।

# ऑस्ट्रेलिया को मजबूत टीम नहीं मानूंगी : मंधाना

**बेंगलुरु, एजेंसी**



राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार शामिल किये गये महिला क्रिकेट के शुरूआती मुकाबले में भारतीय टीम के सामने पांच बार की टी20 विश्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की चुनौती होगी लेकिन अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इस प्रतिद्वंद्वी को मजबूत मानने से इनकार कर दिया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारत राष्ट्रमंडल खेलों में अपने अभियान को 29 जुलाई को शुरू करेगा। मंधाना ने कहा कि टीम ने अपने हर प्रतिद्वंद्वी के लिए योजनाएं बनायी है।

इंग्लैंड रवाना होने से पहले उन्होंने यहां ऑनलाइन मीडिया सत्र में कहा, हमने कई टूनार्मेंटों के शुरूआती मैचों में ऑस्ट्रेलिया का सामना किया है। भारतीय उपकप्तान ने कहा, टी20 टूनार्मेंट में कोई भी टीम किसी भी को मात दे सकती है। मैं ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ी टीम कह कर उन्हें इसके बारे में अच्छा महसूस नहीं कराना चाहूंगी। निश्चित रूप से हमारे दिमाग में ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और बारबाडोस के मैच महत्वपूर्ण हैं। हम इन सभी मैचों को जीतना चाहेंगे। भारत को इस साल के शुरूआत में टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम श्रीलंका में एकदिवसीय और टी 20 श्रृंखला जीतकर बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए जायेगी और स्मृति ने कहा, हमारी तैयारी वास्तव में अच्छी है और मुझे उम्मीद है कि हम पदक के साथ लौटेंगे। हमारा लक्ष्य सिर्फ शीर्ष तीन में रहना नहीं है, हम स्वर्ण जीतना चाहते है। भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने की उपलब्धि से भारतीय टीम प्रभावित है। मंधाना ने कहा कि टीम अपने पहले बहु-खेल आयोजन में उनकी उपलब्धि से प्रेरणा लेगी। बायें हाथ की इस बल्लेबाज ने कहा, हम सभी ने ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों को देखा है, जब भारतीय ध्वज ऊंचा होता है और हम राष्ट्रगान सुनते हैं। हम जानते हैं कि यह किस तरह की भावना पैदा करता है। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से हमने स्वर्ण जीतने का लक्ष्य बनाया है। मुझे नहीं

**टूनार्मेंट**

- टी20 टूनार्मेंट में कोई भी टीम किसी भी को मात दे सकती है

लगता कि हम सिर्फ पोडियम फिनिश (शीर्ष तीन) की तलाश करेंगे। उन्होंने कहा, जब नीरज ने तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता तो सचमुच मेरे रोंगटे खड़े हो गये थे। हमारे पास उस तरह की उपलब्धि हासिल करने का मौका है। बेशक यह ओलंपिक के लिए नहीं बल्कि राष्ट्रमंडल के लिए, लेकिन हम सभी वास्तव में उत्साहित हैं।

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और बारबडोस के साथ ग्रुप ए में है जबकि इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका ग्रुप बी में है। दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी और सात अगस्त को तीनों पदक के लिए मैच खेले जायेंगे। इस 26 साल की खिलाड़ी ने कहा, हमारी कोशिश हर मैच को जीतने की होगी। हमनें तीनों टीम (ग्रुप चरण) के लिए योजना बनायी है।

## वनडे 'धीमी मौत मर रहा है' लेकिन टेस्ट क्रिकेट अभी भी मजबूत : उस्मान ख़्वाजा

**मेलबोर्न।** हाल ही में वनडे फॉर्मेट के भविष्य को लेकर काफी ज्यादा चर्चा हो रही है और कई दिग्गजों का मानना है कि यह फॉर्मेट धीरे-धीरे समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। कुछ ऐसा ही ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट ओपनर उस्मान ख्वाजा का भी मानना है। उनका मानना है कि 50 ओवर फॉर्मेट धीरे-धीरे खत्म होने की कगार पर है। इंग्लैंड के 31 वर्षीय ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने वनडे क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। उनके संन्यास के बाद से ही यह बहस तेज हो गई है कि क्या वनडे फॉर्मेट का भविष्य खतरे में हैं। स्टोक्स ने कहा था कि उनके लिए वर्कलोड मैनेज करना मुश्किल है और उन्होंने कहा था कि खिलाड़ियों को कार की तरह ट्रीट नहीं किया जा सकता है। बहस पर अपनी राय देते हुए, ख्वाजा ने कहा कि पैक्ड अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में किसी चीज की त्यागना पड़ेगा और यह वनडे क्रिकेट है। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने बाएं हाथ के बल्लेबाज के हवाले से कहा, मेरी अपनी निजी राय-मुझे पता है कि कुछ लोग बहुत समान हैं, आपके पास टेस्ट क्रिकेट है, जो सर्वोपरि है, आपके पास टी 20 क्रिकेट है, जिसमें स्पष्ट रूप से दुनिया भर में लीग हैं, महान मनोरंजन, हर कोई इसे प्यार करता है, और फिर वनडे क्रिकेट है। मुझे लगता है कि शायद यह उन सभी में से तीसरे स्थान पर है।

## तेज गेंदबाज सकारिया, चौधरी ऑस्ट्रेलिया में टी20 टूर्नामेंट में खेलेंगे





**ब्रिस्बेन, एजेंसी**

भारत के दो तेज गेंदबाज चेतन सकारिया और मुकेश चौधरी अगले महीने यहां शुरू हो रही टी20 मैक्स टूनार्मेंट के शुरूआती सत्र में खेलेंगे। सकारिया और चौधरी दोनों ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले सत्र में क्रमशः दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व किया था। ये दोनों खिलाड़ी एमआरएफ पेस फाउंडेशन और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बीच आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत ब्रिस्बेन में समय बिताएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, एमआरएफ पेस फाउंडेशन और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बीच खिलाड़ियों और कोचिंग का आदान-प्रदान लगभग 20 वर्षों से चल रहा है। यह पिछले कुछ वर्षों में कोरोना वायरस के कारण रुका था लेकिन इन दोनों भारतीय खिलाड़ियों के साथ फिर से शुरू हो रहा है। सकारिया ने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ अपना एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण किया था जबकि चौधरी ने इस साल के आईपीएल में 13 मैचों में 16 विकेट लिए थे। ऑस्ट्रेलिया में होने वाली प्रतियोगिता में सकारिया सनशाइन कोस्ट के लिए खेलेंगे, जबकि 26 वर्षीय चौधरी विन्नम-मैनली का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के अलावा दोनों भारतीय गेंदबाज बूपा नेशनल क्रिकेट सेंटर में प्रशिक्षण लेंगे और क्वींसलैंड बुल्स के सत्र पूर्व तैयारियों में भी शामिल होंगे। टी20 मैक्स प्रतियोगिता का आयोजन 18 अगस्त से चार सितंबर तक किया जाएगा।

# दक्षिण अफ्रीका को इंग्लैंड ने टी20 मैच में छह विकेट से हराया

**चेम्सफोर्ड (इंग्लैंड), एजेंसी**



इंग्लैंड की महिला टीम ने यहां शुरूआती टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह विकेट से आसान जीत दर्ज की, जिसमें कैथरीन ब्रंट ने चार विकेट झटके।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। लारा गुडवल और कप्तान लुस को ब्रंट ने सून्य पर चलता किया। इसके बाद ब्रंट ने वॉलवार्डट को एससीवर के हाथों कैच कराया। हालांकि, बल्लेबाज ने टीम में एकमात्र खिलाड़ी रहकर सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी की। उन्होंने 49 गेंदों पर 7 चौके लगाकर 55 रन बनाए। वहीं, ब्रंट ने बल्लेबाज डेलमी टकटर का विकेट झटका। दक्षिण अफ्रीका ने कुल नौ विकेट के नुकसान पर 111 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महिला टीम ने शानदार बल्लेबाजी की और मात्र 15वें ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया। टीम की सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले ने 39 गेंदों पर 3 छक्के और 5 चौके की मदद से 59 रन बनाए और अपना अर्धशतक पूरा किया।

वहीं, हीथर नाइट और एमि जोन्स ने क्रमशः 24 और 11 रन बनाए और टीम को जीत दिलाई। कैथरीन ब्रंट ने खेल समाप्त होने के बाद कहा, मैंने बल्लेबाजों पर दबाव डालने के लिए अपनी योजना के अनुसार गेंदबाजी की। मैं बस टीम के लिए अच्छी गेंदबाजी करना चाहती थी, ताकि टीम को जीत हासिल हो सके।

संक्षिप्त स्कोर : दक्षिण अफ्रीका : 20 ओवर में 111/9 (लौरा वोल्वार्डट 55; कैथरीन ब्रंट 4/15, सोफी एक्लेस्टोन 2/27)। इंग्लैंड : 114/4 (सोफिया डंकले 59; अयाबोंगा खाका 3/13)।

## मुझे नेक्स्ट जेनरेशन कप जैसा मौका नहीं मिला : छेत्री

**मुंबई, एजेंसी**

टीम इंडिया के कप्तान सुनील छेत्री ने फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) और प्रीमियर लीग के संयुक्त प्रयासों की सराहना की ताकि उभरते हुए भारतीय फुटबॉलरों को नेक्स्ट जेनरेशन कप, 2022 में अपने खेल को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए एक मंच प्रदान किया जा सके। तावीज स्ट्राइकर को लगता है कि यूनाइटेड किंगडम में टूनार्मेंट एक ऐसा अवसर है, जो उन्हें भारत में एक युवा खिलाड़ी के रूप में कभी नहीं मिला था। छेत्री ने कहा, यह एक ऐसा अवसर है जो मेरे पास भारत में एक युवा फुटबॉलर के रूप में नहीं था और मैं वास्तव में खुश हूं कि प्रीमियर लीग और आईएसएल ने ऐसा करने के लिए हाथ मिलाया है। नेक्स्ट जेनरेशन कप के 2022 सीजन की मेजबानी प्रीमियर लीग द्वारा की जाती है और यह एफएसडीएल के साथ इसकी साझेदारी का हिस्सा है, जिसमें दोनों भारतीय फुटबॉल के समग्र विकास के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। छेत्री ने कहा, नेक्स्ट जेनरेशन कप हमारे खिलाड़ियों को बाहर जाने और यूके की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों की युवा टीमों के खिलाफ खेलने का अनुभव प्राप्त करने का मौका देता है। छेत्री ने उभरती हुई भारतीय प्रतिभाओं को उन युवाओं से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया जिन्होंने राष्ट्रीय टीम के साथ अपनी पहचान बनाई है। जब रोशन सिंह जैसे उदाहरण आपके सामने हों तो उन्हें संदेश देना आसान हो जाता है। जरा सोचिए कि ठीक एक साल पहले वह कहां थे और अब देखिए, क्लब की अकादमी से पहली टीम और फिर भारतीय टीम तक का सफर। वह उनमें से एक लड़का था और उसने अपने जीवन को पूरी तरह से बदल दिया है, जब आप कड़ी मेहनत करते हैं तो आप यही कर सकते हैं।

## लेवर कप: यूरोप में नडाल, फेडरर, एंडी मरे के साथ जुड़ेंगे जोकोविच

**लंदन, एजेंसी**

टेनिस के बिग फोर नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल, रोजर फेडरर और एंडी मरे को एक साथ खेलते हुए देखना प्रशंसकों के लिए खुशी की बात होगी क्योंकि वे एक ही टीम में शामिल हुए हैं। लेवर कप इतिहास में पहली बार टीम यूरोप का प्रतिनिधित्व करेगी। एटीपी के अनुसार, जोकोविच ने इस आयोजन के लिए अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा की है, नडाल, फेडरर और मरे ने सितंबर 2022 में होने वाली प्रतियोगिता के पांचवें सीजन में भाग लेने के लिए पहले ही पुष्टि कर दी है।

सर्बियाई अपनी दूसरी लेवर कप उपस्थिति के लिए तैयार है, जो प्रतियोगिता में अपनी पहली मैच जीत की उम्मीद कर रहे हैं। जोकोविच टीम यूरोप की 2018 की विजेता टीम का हिस्सा थे, लेकिन अपने एकमात्र मैचों में दो मैच टाई-ब्रेक एक एकल में और एक युगल में हार गए। उन्होंने डबल्स में फेडरर के साथ टीम बनाई, लेकिन वे टीम वर्ल्ड के केविन एंडरसन और जैक सॉक से हार गए।

महीने की शुरूआत में अपना 21वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले विंबलडन में जोकोविच ने कहा, लेवर कप ही एकमात्र ऐसी प्रतियोगिता है जहां आप सभी बड़े प्रतिद्वंद्वी, बिग थ्री, बिग फोर खिलाड़ी एक ही टीम में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा, बेशक, यह हम खिलाड़ियों के लिए, बल्कि दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए भी एक बहुत ही अलग और रोमांचक अवधारणा है।

2022 का लेवर कप 23-25 सितंबर को द ओ2 एरिना में आयोजित किया जाएगा। फेलिक्स ऑगर-अलियासिम, टेलर फ्रिट्ज और डिएगो श्वाट्र्जमैन ने कप्तान जॉन मैकेनरो के साथ टीम वर्ल्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्रो कबड्डी लीग: इस सीजन 500 से ज्यादा खिलाड़ियों के मैदान में उतरने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रो कबड्डी लीग के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स के अनुसार, जब प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 के खिलाड़ियों की नीलामी 5-6 अगस्त को मुंबई में होगी तो 500 से अधिक कबड्डी खिलाड़ियों के मैदान में उतरने की उम्मीद है। आयोजकों ने शुक्रवार को कहा कि लोकप्रिय लीग में प्रतिस्पर्धा के लिए अधिक युवाओं को लाने के लिए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2021 की शीर्ष दो टीमों के 24 खिलाड़ियों को नीलामी पूल में शामिल किया जाएगा।

खिलाड़ियों की नीलामी में डोमेस्टिक, ओवरसीज और न्यू यंग प्लेयर्स (एनवाईपी) को चार कैटेगरी- ए, बी, सी और डी में बांटा जाएगा। खिलाड़ियों को आगे प्रत्येक श्रेणी में 'ऑलराउंडर', 'डिफेंडर्स' और 'रेडर्स' के रूप में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक श्रेणी के लिए आधार मूल्य : श्रेणी ए- 30 लाख रुपये, श्रेणी बी- 20 लाख रुपये, श्रेणी सी- 10 लाख रुपये और श्रेणी डी- 6 लाख रुपये।

सीजन 9 के लिए प्रत्येक फ्रैंचाइजी के लिए उसके दस्ते में उपलब्ध कुल वेतन पर्स 4.4 करोड़ रुपये है। लीग के कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा, हर सीजन में नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का उदय हुआ है और मुझे यकीन है कि इस साल भी हमारे लिए बहुत सारे सरप्राइज हैं।

मैं खिलाड़ियों की नीलामी में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की युवा प्रतिभाओं का स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं। पीकेएल सीजन 9 का आयोजन एकेएफएल के तहत राष्ट्रीय कबड्डी पारिस्थितिकी तंत्र में हमारे हितधारकों और सहयोगियों के साथ मिलकर किया जाएगा।

**टीम**

- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2021 की शीर्ष दो टीमों के 24 खिलाड़ियों को नीलामी पूल में शामिल किया जाएगा

पीकेएल टीमों के पास लीग नीतियों के अनुसार अपने संबंधित पीकेएल सीजन 8 के खिलाड़ियों को रिटेन करने का विकल्प भी है। अडानी स्पोर्ट्स लाइन के हेड सत्यम त्रिवेदी ने कहा, सीजन 8 के सफल होने के बाद सभी खिलाड़ी एक बार फिर से मैट पर कदम रखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हम गुजरात जायंट्स की तरह कुछ रोमांचक खिलाड़ियों के लिए बोलियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं और आगामी सीजन 9 के लिए एक मजबूत टीम का निर्माण कर रहे हैं।

# वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप: नीरज चोपड़ा फाइनल में पहुंचे

**यूजीन (ओरेगन), एजेंसी**



अमेरिका के यूजीन में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय स्टार नीरज चोपड़ा राउंड 1 में 88.39 मीटर दूर भाला फेंककर और ग्रुप ए के क्वालिफिकेशन राउंड में टॉप पर रहने के बाद फाइनल में पहुंच गए है।

ओरेगन 2022 मेन्स जेवलिन थ्रो कॉम्पिटिशन में खिलाड़ियों को क्वालीफाइंग कट 83.50 मीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, लेकिन नीरज ने इससे कई ज्यादा दूर भाला फेंककर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। नीरज चोपड़ा ने इसी साल के शुरूआत में स्टॉकहोम में डायमंड लीग में रजत पदक के लिए 89.94 मीटर दूरी तक भाला फेंककर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने अपने फर्स्ट अटेम्प में 88.39 मीटर थ्रो के साथ ग्रुप ए में टोन सेट किया था। नीरज चोपड़ा ने अपने करियर में यह तीसरा सबसे शानदार थ्रो रिकॉर्ड बनाया है। नीरज साल 2017 के टोक्यो ओलंपिक चैंपियन अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप में क्वालीफाइंग दौर से आगे निकलने में नाकाम रहे थे। इसके बाद वह चोट के कारण दोहा में 2019 विश्व चैंपियनशिप से चूक गए थे। टोक्यो के रजत पदक विजेता जैकब वडलेज ग्रुप ए में एकमात्र भाला फेंकने वाले ऐसे खिलाड़ी थे, जिन्होंने पहली बार में ही 85.23 मीटर दूर भाला फेंककर क्वालीफाइंग मार्क को पार किया था। बाद के दिनों में, नीरज के सहयोगी रोहित यादव भी ग्रुप बी से फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन

**जीत**

- ओरेगन 2022 मेन्स जेवलिन थ्रो कॉम्पिटिशन में खिलाड़ियों को क्वालीफाइंग कट 83.50 मीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, लेकिन नीरज ने इससे कई ज्यादा दूर भाला फेंककर फाइनल में अपनी जगह पक्की की

में शामिल हो गए। 80.42 मीटर के शानदार थ्रो के साथ रोहित ने अपने ग्रुप में छठा और कुल मिलाकर 11वां स्थान हासिल किया और 12 मेन्स फाइनल फील्ड में जगह बनाई। नीरज और रोहित से पहले, दविंदर सिंह कांग विश्व चैंपियनशिप में क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष खिलाड़ी थे। साल 2017 में लंदन में हुए कांग विश्व चैंपियनशिप में वह 12वें स्थान पर रहे। इस बीच, ग्रेनाडा के मौजूदा विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स ग्रुप बी में टॉप पर हैं और क्वालीफायर की अंतिम सूची में 89.91 मीटर थ्रो के साथ शीर्ष पर थे।

## मैकुलम ने स्टोक्स के वनडे से संन्यास लेने के फैसले का किया समर्थन

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम ऑलराउंडर बेन स्टोक्स के वनडे से संन्यास लेने के फैसले को पूरी तरह सकारात्मक नजरिए से देखते हैं लेकिन वह इसको लेकर सुनिश्चित नहीं है कि क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए कहीं यह चलन नहीं बन जाए। विश्व कप 2019 के फाइनल के नायक स्टोक्स ने सोमवार को वनडे से संन्यास लेने की घोषणा करके सभी को चौंका दिया था। उन्होंने कहा था कि तीनों प्रारूपों में खेलना उनके लिए असंभव है। मैकुलम से जब पूछा गया कि क्या वह स्टोक्स के फैसले से खुश हैं तो उन्होंने कहा, हां मैं उनके फैसले से खुश हूं। मैकुलम से यह भी पूछा गया कि क्या स्टोक्स का कदम दुनिया के अन्य खिलाड़ियों के लिए भी चलन बन जाएगा। इस पर न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, सभी प्रारूपों में खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या कम है। वह (स्टोक्स) ऐसा फैसला कर सकता था लेकिन यह व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए समय की मांग भी थी और उन्होंने टेस्ट कप्तान की अपनी भूमिका को प्राथमिकता में रखा। उन्होंने कहा, मैं नहीं जानता कि यह पूरे विश्व भर में चलन बन जाएगा लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैं इसे पूरी तरह से सकारात्मक रूप से देखता हूं। मैं अब स्टोक्स के साथ अधिक समय बिताने को लेकर उत्साहित हूं। स्टोक्स का फैसला कई के लिये चौंकाने वाला रहा क्योंकि वह अभी केवल 31 साल के हैं लेकिन मैकुलम इसके दूसरे पहलू पर गौर करते हैं।

## स्कॉटलैंड के पूर्व कप्तान काइल कोएट्जर ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**एडिनबर्ग, एजेंसी**




स्कॉटलैंड के पूर्व कप्तान काइल कोएट्जर ने टी20ई क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। कोएट्जर ने हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग 2 त्रिकोणीय श्रृंखला मैच के बाद कप्तानी पद से भी इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद रिची बेरिंगटन को कप्तानी सौंपी गई थी।

उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में 2021 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड की कप्तानी की। संन्यास लेने के अपने फैसले पर, कोएट्जर ने एक बयान में कहा, क्रिकेट स्कॉटलैंड और मुख्य कोच के साथ विचार-विमर्श के बाद, टीम को आगामी टी 20 विश्व कप में मेरी जगह किसी और युवा प्रतिभा के खेलने से टीम को अधिक लाभ होगा। उन्होंने कहा, पिछले विश्व कप में हिस्सा लेना और अपने देश का नेतृत्व करना व स्कॉटलैंड को इस साल के लिए क्वालीफाई करने में मदद करना खुशी की बात थी।

यह मेरे लिए किसी भी तरह से टीम की मदद करना जारी रखने के लिए एक वास्तविक प्रेरक शक्ति थी। कोएट्जर ने आगे कहा कि वह अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने की उम्मीद कर रहे थे और टी20 से संन्यास लेने के बाद अब वह ऐसा कर सकेंगे। कोएट्जर ने स्कॉटलैंड के लिए 70 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 6 अर्द्धशतक के साथ 1495 रन बनाए।

उन्होंने उन मैचों में से 41 में स्कॉटलैंड का नेतृत्व किया, जिसमें 20 मेंजीत दर्ज की। कोएट्जर घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए ही उपलब्ध होंगे। स्कॉटलैंड दो टी20 के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी भी करेगा।

## शाहीन शाह अफरीदी घुटने की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर

**गॉल, एजेंसी**

पाकिस्तान की पहले टेस्ट मैच में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी घुटने की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में नहीं खेल पाएंगे।

पाकिस्तान ने पहला टेस्ट मैच चार विकेट से जीता था जिसमें अफरीदी ने पहली पारी में चार विकेट लिए थे। पाकिस्तानी टीम के अधिकारी ने शुक्रवार को पुष्टि की कि अफरीदी दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनके नाम पर टेस्ट क्रिकेट में अभी 99 विकेट दर्ज हैं और दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेलने के कारण 100 विकेट का आंकड़ा छूने का उनका इंतजार बढ़ गया है। अफरीदी पहले टेस्ट मैच के दौरान दिनेश चांदीमल के शॉट को रोकने के प्रयास में चोटिल हो गए थे और लड़खड़ाते हुए मैदान से बाहर गए थे।

अफरीदी की जगह दूसरे टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज हारिस रऊफ या तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर फहीम अशरफ को मौका मिल सकता है। इस बीच श्रीलंका ने चोटिल महेश तीक्ष्णा की जगह ऑफ स्पिनर लक्षिता मानसिंघे को टीम में शामिल किया है।

पाथुम निसांका की भी टीम में वापसी हुई है। उन्हें आस्ट्रेलियाई श्रृंखला के दौरान कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### न्यूयॉर्क के गवर्नर उम्मीदवार जेल्डिन पर चाकू से हमला

वाशिंगटन। अमेरिका में न्यूयॉर्क के रिपब्लिकन गवर्नर उम्मीदवार ली जेल्डिन पर एक अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से हमला किया है। श्री जेल्डिन पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारिवारिक मित्र भी हैं। डब्ल्यूआईवीबी प्रसारक के अनुसार, घटना पेरिंटन शहर में श्री जेल्डिन के अभियान कार्यक्रम के दौरान हुई। राजनेता के साथ एक छोटे से झगड़े के बाद हमलावर श्री जेल्डिन के पास आया और चाकू से हमले का प्रयास किया। हमलावर को अमेरिकी वेटरन्स के कार्यकारी निदेशक जोसेफ चेनली ने निशस्त्र कर दिया और बाद में हिरासत में ले लिया। इस घटना में राजनेता घायल नहीं हुए और वह पूरीतरह सुरक्षित हैं।

### ब्राजील में पुलिस अभियान में 18 लोगों की मौत

ब्रासीलिया। ब्राजील के रियो डी जनेरियो शहर में कार चोरों और लुटेरों के एक गिरोह के खिलाफ बड़े पैमाने पर पुलिस अभियान के दौरान कम से कम 18 लोग मारे गए हैं। जी1 समाचार पोर्टल के अनुसार मारे गये लोगों में 16 पीड़ित संदिग्ध अपराधी हैं, एक पुलिस अधिकारी है और एक स्थानीय महिला निवासी है। बड़े पैमाने पर ऑपरेशन में विशेष इकाइयों के 400 अधिकारी, 10 बख्तरबंद वाहन और चार हेलीकॉप्टर शामिल थे। यह शहर के उत्तरी भाग में कॉम्प्लेक्सो डो अलेमाओ फेवेलस में किया गया था। अधिकारियों ने सुरक्षा अधिकारियों की हत्या के लिए जिम्मेदार कई खूंखार अपराधियों को हिरासत में लिया और साथ ही कई हथियार भी जब्त किए।

### यूएस सीक्रेट सर्विस की 6 जनवरी के टेक्स्ट को डिलीट करने की जांच शुरू

वाशिंगटन। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) के महानिरीक्षक ने यह निर्धारित करने के लिए एक आपराधिक जांच शुरू की है कि अमेरिकी खुफिया सेवा ने छह जनवरी के दंगों पर प्रकाश डालने वाले टेक्स्ट संदेशों को कैसे और क्यों नष्ट किया। एनबीसी ने मामले से परिचित सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। पिछले हफ्ते, जब मामले पर निगरानी रखने वाले वॉचडॉग ने कैपिटल दंगे से जुड़े सभी रिकॉर्ड मांगे तो डीएचएस महानिरीक्षक ने दो कांग्रेस समितियों को सूचित किया कि एजेंसी के टेलीफोन पर 5-6 जनवरी से खुफिया सेवा के कई पाठ संदेश मिटा दिए गए थे। रिपोर्ट में गुरुवार को कहा गया है कि होमलैंड सिक्योरिटी के उप महानिरीक्षक ग्लेडिस अयाला ने एक पत्र में सीक्रेट सर्विस को लापता टेक्स्ट संदेशों पर अपनी आंतरिक जांच को रोकने के लिए कहा है, क्योंकि वॉचडॉग की जांच संघीय अभियोजकों को भेजी जा सकती है। यूएस सीक्रेट सर्विस कम्युनिकेशंस के प्रमुख एंथनी गुग्लिल्मी ने 14 जुलाई को एक बयान में एक अनुरोध के बाद एजेंसी द्वारा दुर्भावनापूर्ण रूप से हटाए गए टेक्स्ट संदेशों से इनकार किया। उन्होंने कहा कि डेटा खो गया क्योंकि विभाग ने पूर्व-नियोजित सिस्टम माइग्रेशन के हिस्से के रूप में मोबाइल फोन को फैक्टरी सेटिंग्स पर रीसेट कर दिया था।

### भारतीय सेना में 1.16 लाख पद रिक्तः सरकार

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय सेना में 1.16 लाख से अधिक पद रिक्त हैं जिनमें 7,308 पद अधिकारियों के शामिल हैं। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना में अधिकारियों के 7,308 पद खाली हैं तो सैन्य नर्सिंग सेवा अधिकारी के 471 पद रिक्त हैं। इसके अलावा जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारी एवं अन्य रैंक के 1,08,685 पद रिक्त हैं। भट्ट ने जानकारी दी कि नौसेना में अधिकारियों (चिकित्सा और दंत चिकित्सा को छोड़कर) के 1,446 पद रिक्त हैं तथा नौसैनिक के 12,151 पद खाली हैं। मंत्री ने बताया कि वायुसेना में अधिकारियों के 572 और वायुसैनिकों के 5,217 पद रिक्त हैं।

# जापान के मंत्रिमंडल, आबे के राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार का निर्णय

**तोक्यो, एजेंसी**



जापान के मंत्रिमंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे का 27 सितंबर को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करने का निर्णय शुक्रवार को लिया जिसे लेकर राष्ट्रीय स्तर पर बहस छिड़ गई है। कुछ आलोचकों ने इसे एक विभाजनकारी राजनीतिक हस्ती के महिमामंडन का प्रयास करार दिया है।

आबे की इस महीने की शुरूआत में पश्चिमी जापान के नारा शहर में चुनाव प्रचार के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने सबको हैरान कर दिया था। घटना के तत्काल बाद कथित हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया था और उससे पूछताछ की जा रही है।

मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने कहा कि जापान के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे आबे के उत्कृष्ट योगदानों, आर्थिक सुधार व कूटनीति को बढ़ावा देने सहित विभिन्न क्षेत्रों में बेमिसाल नेतृत्व व निर्णायक कार्रवाई और 2011 में आई सुनामी के बाद हालात को पटरी पर लाने में उनके प्रयासों को देखते हुए उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाना उचित है।

मात्सुनो ने कहा कि निप्पोन बुडोकन में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होगा जो गैर धार्मिक कार्यक्रम होगा। मंत्रिमंडल के निर्णय को लेकर विपक्षी नेताओं और आम लोगों की ओर से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कुछ लोगों ने कर से अर्जित धन खर्च करके इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करने का विरोध किया है जबकि कुछ ने सत्तारूढ़ पार्टी पर आबे के महिमामंडन और उनकी मौत का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है। आबे के आलोचक उन्हें बेहद विभाजनकारी नेता मानते हैं। बृहस्पतिवार को एक नागरिक समूह ने मंत्रिमंडल के निर्णय का विरोध करते हुए तोक्यो जिला न्यायालय से राजकीय अंतिम संस्कार के निर्णय पर रोक लगाने का आग्रह किया है। समूह ने कहा कि संसद की मंजूरी के बिना सरकार द्वारा प्रायोजित अंतिम संस्कार आस्था की स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन करता है। दर्जनों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री कार्यालय के बाहर मंत्रिमंडल के फैसले के विरोध में प्रदर्शन किया। विपक्ष के नेता मिजुहो फुकुशिमा ने कहा कि यह निर्णय न तो आम सहमति से लिया गया और न ही इसका कोई कानूनी आधार है। उन्होंने इस निर्णय को रद्द किए जाने की मांग की। आबे का निजी तौर पर अंतिम संस्कार तोक्यो में एक मंदिर में किया जा चुका है जिसमें उनके परिवार के सदस्यों, उनके राजनीतिक सहयोगियों, कारोबारी नेताओं सहित करीब 1,000 लोगों ने हिस्सा लिया था।

## ब्राजील राष्ट्रपति चुनाव : वर्कर्स पार्टी ने पूर्व राष्ट्रपति लूला को बनाया उम्मीदवार

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील की वर्कर्स पार्टी ने अक्टूबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा की उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, साओ पाउलो के पूर्व गवर्नर गेराल्डो अल्कमिन को उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया है।

साओ पाउलो में कार्यक्रम की मेजबानी गुरुवार को फेडरेशन ऑफ होप ब्राजील द्वारा की गई, जिसमें वर्कर्स पार्टी, ब्राजील की कम्युनिस्ट पार्टी और ग्रीन पार्टी शामिल थीं। 76 वर्षीय लुइज इनासियो ने 2003 से 2010 तक ब्राजील के राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। एक बार फिर वह इस पद के लिए 2 अक्टूबर को होने वाले चुनाव में खड़े होंगे। उनके प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों में मौजूदा राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो शामिल हैं, जो दूसरे कार्यकाल की मांग कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के पास अपने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के उम्मीदवारों को आधिकारिक तौर पर सुपीरियर इलेक्टोरल कोर्ट के साथ रजिस्टर्ड करने के लिए 15 अगस्त तक का समय होगा। 16 अगस्त से, उम्मीदवार चुनाव से एक दिन पहले तक आधिकारिक तौर पर ऑनलाइन और सार्वजनिक स्थानों पर प्रचार शुरू कर सकते हैं।

## छह जनवरी हिंसा मामला : डोनाल्ड ट्रंप का आक्रामक ट्वीट

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगियों और यहां तक कि परिवार के अनुरोधों को ठुकरा कर संसद भवन में छह जनवरी को हुई हिंसा को रोकने से इनकार कर दिया था और अपने आक्रामक ट्वीट की श्रृंखला से आग में घी डालने का काम किया था। उन्होंने ट्वीट कर झूठे दावे किए थे कि चुनावों में धांधली हुई है और वीडियो संबोधन में अपने समर्थकों की भीड़ को उकसाते हुए कहा था कि वे कितने खास हैं। इसके अगले दिन उन्हें एक वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है, मैं यह नहीं कहना चाहता कि चुनाव खत्म हो गया है। दंगों की जांच कर रही समिति ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो को पहले कभी नहीं देखा गया और इसमें सात जनवरी 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप के लिए तैयार किए गए भाषण के अंश हैं। इस भाषण में उनसे जो बाइडन से चुनाव हारने और चुनाव समाप्त होने की घोषणा करने की उम्मीद की जानी थी लेकिन इसके बजाय उन्होंने अपनी हार स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। जांच समिति ने 187 मिनटों के इस घटनाक्रम को बयान किया है कि ट्रंप के एक रैली के मंच से अपने समर्थकों को कैपिटल हिल में भेजने से लेकर रोज गार्डन वाले वीडियो में उनके दिखायी देने तक पराजित राष्ट्रपति को कोई भी उनकी हार के लिए मना नहीं पाया और उन्होंने व्हाइट हाउस में बैठकर टीवी पर यह हिंसा देखी। यहां तक कि ट्रंप के लिए एक बयान तैयार किया गया था जिसमें लिखा था, मैं आपसे अभी कैपिटल हिल क्षेत्र छोड़कर जाने के लिए कह रहा हूं और आप शांतिपूर्ण तरीके से घर जाइए। इसे लिखित में भी जारी नहीं किया जा सका और इसके बजाय ट्रंप ने चुनावों में धांधली के बेबुनियादी दावे किए। उन्होंने कहा था, तो घर जाइए। हम आपको प्यार करते हैं। आप बहुत खास हो...मुझे पता है कि आपको कैसा लग रहा है। व्हाइट हाउस की पूर्व सहायक कैसिडी हचिंसन ने पहले गवाही दी थी कि वह भाषण में दंगाइयों को माफ करने का भी जिक्र करना चाहते थे। रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य लेकिन ट्रंप के आलोचक एडम किनजिंगर ने कहा, राष्ट्रपति कार्रवाई करने में नाकाम नहीं रहे बल्कि उन्होंने कार्रवाई नहीं करने का विकल्प चुना। कैपिटल हमले पर जांच समिति की यह दूसरी प्रमुख सुनवाई है और उसने इसमें हिंसा वाले दिन ट्रंप के कदमों की मिनट दर मिनट जानकारी दी।

## मलेशिया में 4,587 नए कोविड-19 के मामले दर्ज, 10 नई मौतें



**कुआलालंपुर, एजेंसी**

मलेशिया में 4,587 नए कोविड-19 संक्रमण के मामले दर्ज किए गए, जिससे कुल संक्रमितों की संख्या 4,640,235 हो गई। इसकी जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय से सामने आई है। मंत्रालय की वेबसाइट पर जारी आंकड़ों से पता चलता है कि 11 आयातित मामले और 4,576 स्थानीय प्रसारण थे।

एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, महामारी से 10 और नई मौतें हुईं, जिससे मरने वालों की संख्या 35,888 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड-19 से 2,652 नई रिकवरी की सूचना दी, जिससे दक्षिण पूर्व एशियाई देश में ठीक होने वाले लोगों की कुल संख्या 4,556,938 हो गई। वर्तमान में, मलेशिया में 47,409 सक्रिय मामले दर्ज हैं, जिनमें से 63 को आईसीयू में रखा गया है और 32 को सांस लेने में सहायता की आवश्यकता है। देश ने बताया कि गुरुवार को कोविड-19 टीकों की 19,367 खुराकें दी गईं और 85.9 प्रतिशत आबादी ने कम से कम एक खुराक प्राप्त की है, 83.9 प्रतिशत पूरी तरह से टीकाकरण कर चुके हैं। वहीं 49.5 प्रतिशत ने पहला बूस्टर शॉट लिया है जबकि 0.8 प्रतिशत दूसरी बूस्टर खुराक मिली है।

## ब्रिटेन ने भारत के साथ ऐतिहासिक परस्पर मान्यता शिक्षा समझौते की सराहना की

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों और भारतीय छात्रों तथा पेशेवरों के एक समूह ने भारत और ब्रिटेन के बीच उच्च शैक्षणिक डिग्री को मान्यता देने के लिए हुए समझौते की सराहना की है।

समझौते से दोनों देशों के हजारों युवाओं को लाभ होने की उम्मीद है। यह कदम द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की उनकी 10 वर्षीय रूपरेखा का एक हिस्सा है। ब्रिटेन सरकार ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की।

यूनिवर्सिटी यूके इंटरनेशनल (यूयूकेआई) की मुख्य कार्यकारी विविनी स्टर्न ने कहा, यह एक ऐतिहासिक समझौता है, जिसकी रूपरेखा कई वर्षों से तैयार की जा रही थी। छात्रों की योग्यताओं को दोनों देशों द्वारा मान्यता दी जाएगी, जिससे छात्रों के लिए बेहतर शिक्षा प्राप्त करना और नौकरी पाना आसान होगा। यूयूकेआई, ब्रिटेन के 140 से अधिक विश्वविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के परास्नातकों को मान्यता देना एक महत्वपूर्ण प्रग्रति है। इसका मतलब है कि ब्रिटेन के उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों के भारतीय स्नातकों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों की औपचारिक मान्यता मिलेगी और भारत में सार्वजनिक क्षेत्र में नौकरियों तक उनकी पूर्ण पहुंच होगी।

ब्रिटेन के नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनी यूनियन (एनआईएसएयू) ने भी इस बहुप्रतीक्षित कदम की सराहना की, जिसकी छात्र समूह वर्षों से पैरवी कर रहा था।

एनआईएसएयू यूक्रे की प्रमुख सनम अरोड़ा ने कहा, यह वास्तव में एक ऐतिहासिक एवं बहुप्रतीक्षित फैसला है और ब्रिटेन तथा भारत के संबंधों की एक बड़ी उपलब्धि है।

ब्रिटेन सरकार के एक बयान के अनुसार, यह समझौता प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गत वर्ष की गई ब्रिटेन-भारत वृहद व्यापार साझेदारी (ईटीपी) का हिस्सा है। इस समझौता ज्ञापन का मतलब है कि ए-स्तर और उनके समान, स्नातक और परास्नातक सभी डिग्री को अब भारत में भी मान्यता दी जाएगी। बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा में काम करने और प्रशिक्षण लेने के लिए इच्छुक भारतीय नर्सों, नर्सिंग सहायकों को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से एक कार्य बल गठित करने की ईटीपी की प्रतिबद्धताओं के क्रियान्वयन के समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए।

ब्रिटेन के अंतरराष्ट्रीय व्यापार विभाग ने कहा कि उच्च शिक्षा पर समझौते ज्ञापन से ब्रिटिश विश्व विद्यालयों से स्नातक करने वाले भारतीय छात्र अपने देश लौटने के बाद परास्नातक में दाखिले के लिए आवेदन दे सकेंगे या उन सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन दे सकेंगे, जिसमें स्नातक की डिग्री मांगी जाती है। ब्रिटेन और भारत पहले ही एक-दूसरे के छात्रों के लिए पढ़ाई की पसंदीदा जगह हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2020-21 में ब्रिटेन में 84,555 भारतीय छात्रों ने दाखिला लिया था।

## कार्यस्थलों पर निःशुल्क टीकाकरण शिविर आयोजित करें सभी विभाग : केंद्र




**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र ने अपने सभी विभागों को कार्यस्थलों पर कोविड टीकाकरण शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया है, ताकि सभी पात्र कर्मियों और उनके परिजन को टीके की ऐहतियाती खुराक निःशुल्क दी जा सके।

कार्मिक मंत्रालय ने एक आदेश जारी कर सभी विभागों से अपने उन कर्मियों एवं उनके परिजन की गणना करने को कहा है, जिन्हें कोविड-19 रोधी कोविशील्ड या कोवैक्सीन टीके की ऐहतियाती खुराक दी जानी है, ताकि संसाधनों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित हो सके। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत भारत सरकार ने हाल में कोविड टीकाकरण अमृत महोत्सव नाम से एक नई पहल शुरू की है, जिसके तहत उन सभी वयस्कों को ऐहतियाती खुराक निःशुल्क दी जाएगी, जिन्हें दूसरा टीका छह महीने पहले लगा था। केंद्र सरकार के सभी विभागों/मंत्रालयों को जारी आदेश में कहा गया है कि यह पहल 15 जुलाई से 30 सितंबर, 20122 तक 75 दिन सरकारी कोविड-19 टीकाकरण केंद्रों में लागू होगी। 20 जुलाई को जारी इस आदेश में कहा गया है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सलाह के अनुसार, यह फैसला किया है कि कार्यस्थलों पर कोविड टीकाकरण अमृत महोत्सव शिविर तत्काल आयोजित किए जाएं।

## देश में बन रहे माहौल से भावावेश में आकर गौहर चिश्ती ने की भड़काऊ नारेबाजी : एसपी

**अजमेर, एजेंसी**

मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह के बाहर खड़े होकर भड़काऊ बयान देने व नारेबाजी करने के आरोपित खादिम गौहर चिश्ती को अदालत ने न्यायिक अभिरक्षा में अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में भेजने का आदेश दिया है।

अजमेर के जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने शुक्रवार सुबह मीडिया से बातचीत में कहा कि अजमेर जिला पुलिस को रिमाण्ड अवधि के दौरान पूछताछ में गौहर चिश्ती के अजमेर से बाहर, देश से बाहर तथा पीएफआई से किसी तरह के लिंक होने के सबूत नहीं मिले हैं। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पुलिस को गौहर चिश्ती के बैंक खातों से भी किसी तरह का संदिग्ध ट्रांजेक्शन होने की जानकारी नहीं मिली है। गौहर चिश्ती ने गत 17 जून को मुस्लिम समुदाय की रैली में जो भड़काऊ बयान दिए और नारेबाजी की वह उसने देश के माहौल से भावावेश में आकर की। पुलिस को गौहर चिश्ती के उदयपुर के टेलर कन्हैयालाल साहू हत्या प्रकरण में हाथ होने अथवा हत्या के आरोपित रियाज अत्तारी एवं गौस मोहम्मद से किसी तरह का सम्पर्क होने के प्रमाण नहीं मिले हैं। उदयपुर काण्ड में हत्यारों द्वारा लगाए वही नारे जो उसने लगाए थे, उसके कारण वह घबरा कर अजमेर से फरार हो गया था।

पुलिस ने पूछताछ के दौरान उससे वही सब जानकारी तस्दीक की कि उसकी किसने मदद की एवं वह किस तरह अजमेर से हैदराबाद तक फरार हुआ। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में चार आरोपितों को भी पकड़ा था। इसके अलावा गौहर की मदद करने व फरारी में पनाह देने के आरोपितों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया, जिन्हें अदालत से जमानत मिल गई है। पुलिस से किसी अन्य खुफिया एजेंसी ने अभी तक कोई सम्पर्क नहीं किया है। पुलिस का अनुसंधान आरोपित के न्यायिक अभिरक्षा में रहते हुए भी जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि हैदराबाद में एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार हुआ खादिम गौहर चिश्ती पूर्व में भी 17 जनवरी, 2020 को एक गंभीर मामले में पुलिस ने पकड़ा था। दरअसल, इस मामले में वह ऑटो रिक्शा में बैठकर गुलाब बाड़ी स्थित सीआरपीएफ यानी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की छावनी परिसर का वीडियो बनाते हुए संदिग्ध अवस्था में पाया गया था।

तब पुलिस ने उससे कोतवाली थाने पर पूछताछ की थी। मोबाइल जब्त कर चेतावनी देकर छोड़ दिया था। गौहर चिश्ती पर उदयपुर हत्याकाण्ड के आरोपितों द्वारा लगाए गए नारे पूर्व में उसके द्वारा भी लगाए जाने तथा अजमेर में मुस्लिम समुदाय के शांति मार्च के बाद गौहर चिश्ती के उदयपुर जाने की सूचना पर ही उसे प्राइम सस्पेक्ट माना जा रहा था।

## श्रीलंका : सुरक्षा बलों ने सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों को हटाना शुरू किया

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका में सुरक्षा बलों ने राजधानी कोलंबो में सरकार विरोधी मुख्य विरोध शिविर पर छापा मारा और तंबुओं को गिराना शुरू कर दिया तथा प्रदर्शनकारियों को भी हटाना शुरू कर दिया। बीबीसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्री रानिल विक्रमसिंघे के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद यह दवाब आया है, जिन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार को गिराने या सरकारी भवनों पर कब्जा करने का कोई भी प्रयास लोकतंत्र नहीं है। साथ ही चेतावनी दी है कि इस तरह की गतिविधियों में शामिल होने वालों से कानून के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। रिपोर्टों में कहा गया है कि सैकड़ों सैनिकों और पुलिस कमांडो ने राष्ट्रपति कार्यालय के बाहर प्रदर्शनकारियों पर हमला किया, इससे पहले कि वे क्षेत्र छोड़ने वाले थे। जब प्रदर्शनकारियों ने उनकी मौजूदगी पर आपत्ति जताई तो सुरक्षाकर्मियों ने मार्च किया और प्रदर्शनकारियों को पीछे धकेल दिया। चंद सेकंड के भीतर, सैनिक लोगों पर चिल्ला रहे थे और फुटपाथ पर अस्थायी तंबू और अन्य सामानों को तोड़ना तथा नष्ट करना शुरू कर दिया। सैनिक भी राष्ट्रपति के कार्यालय में चले गए, जहां पिछले सप्ताह भारी भीड़ ने धावा बोल दिया था। कार्यकर्ताओं ने पहले कहा था कि वे शुक्रवार दोपहर को इमारत सौंप देंगे, लेकिन सैनिकों ने अपने रास्ते में सब कुछ साफ करना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों को 100 मीटर से भी कम दूरी पर निर्दिष्ट विरोध स्थल तक धकेल दिया गया और कार्यकताओं को रोकने के लिए स्टील बैरिकेड्स लगाए गए। पूर्व प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे जनता के बीच बहुत अलोकप्रिय हैं और उन्होंने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का संकल्प व्यक्त किया है। कई प्रदर्शनकारी चाहते थे कि वह भी जाएं, लेकिन कुछ ने कहा है कि वे उन्हें मौका देंगे। श्रीलंका ने देश के अब तक के सबसे खराब आर्थिक संकट को लेकर महीनों से बड़े पैमाने पर अशांति देखी है।



प्रदर्शनकारियों के बीच यह चिंता है कि सरकार जल्द या बाद में विरोध आंदोलन पर धीरे-धीरे कार्रवाई कर सकती है।

### श्रीलंका : प्रदर्शनकारियों पर सैन्य बल कार्रवाई में एक महिला सहित 14 लोग घायल

**कोलंबो।** श्रीलंका में श्री रानिल विक्रमसिंघे के आठवें कार्यकारी राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करने के दो दिन बाद सरकार के खिलाफ राष्ट्रपति भवन के नजदीक प्रदर्शन कर रहे लोगों को तितर-बितर करने के लिए शुक्रवार को सुरक्षा बलों और पुलिस की कार्रवाई में एक महिला सहित 14 लोग घायल हो गये।

प्रदर्शनकारियों को गालेफेस ग्रीन से हटाने के लिए सुरक्षा बलों की कार्रवाई में नौ प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार भी किया गया। सरकार के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों के खिलाफ सैन्य बलों की कार्रवाई पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय और एजेंसियों ने आपत्ति जतायी है। सरकार की ओर से सुरक्षा बलों को प्रशासनिक डिस्ट्रिक में कानून-व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये गये थे जिसके तहत प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सैन्य और पुलिस बल ने कड़ी कार्रवाई की।

पद | राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी मुर्मू के निर्वाचन संबंधी प्रमाण पत्र पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए।

# राष्ट्रपति चुनाव : ईसी ने द्रौपदी मुर्मू को उनके निर्वाचन का प्रमाण पत्र जारी किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल करने वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को शुक्रवार को निर्वाचन संबंधी प्रमाण पत्र जारी किया। निर्वाचन अधिकारी द्वारा आयोग को परिणाम सौंपे जाने के बाद प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।

निर्वाचन आयोग ने ट्वीट किया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त(ईसी) अनूप चंद्र पांडेय ने आयोग को निर्वाचन अधिकारी से चुनाव परिणाम की घोषणा मिल जाने के बाद भारत की अगली राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी मुर्मू के निर्वाचन संबंधी प्रमाण पत्र पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए। अब यह प्रमाण पत्र



केंद्रीय गृह सचिव को भेजा जाएगा, जो इसे भारत के 15वें राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में पढ़ेंगे। शपथ ग्रहण समारोह 25 जुलाई को संसद भवन के ऐतिहासिक सेंट्रल हॉल में होने की संभावना है। मौजूदा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। मुर्मू ने बृहस्पतिवार को एकतरफा मुकाबले में विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराते हुए भारत की पहली आदिवासी राष्ट्रपति बनकर इतिहास रच दिया। मुर्मू (64) को निर्वाचक मंडल सहित सांसदों और विधायकों के मतपत्रों की एक दिन की मतगणना में 64 प्रतिशत से अधिक वैध मत प्राप्त हुए और सिन्हा के खिलाफ उन्होंने भारी अंतर से जीत हासिल की। निर्वाचन अधिकारी पी सी मोदी ने 10 घंटे से अधिक समय तक चली मतगणना प्रक्रिया के खत्म होने के बाद मुर्मू को विजेता घोषित किया और कहा कि उन्हें सिन्हा को मिले 3,80,177 वोट के मुकाबले 6,76,803 वोट मिले। वह आजादी के बाद पैदा होने वाली और शीर्ष पद पर काबिज होने वाली सबसे कम उम्र की पहली राष्ट्रपति होंगी।

### मध्य प्रदेश में लापरवाही पर 3 बिजली अफसर निलंबित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बिजली महकमे में लापरवाही और गड़बड़ी पर तीन अफसरों को निलंबित किया गया है। बताया गया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अनियमितता, कत्र्तव्य में लापरवाही और कत्र्तव्य के प्रति सजग नहीं रहने के आरोप में उप महाप्रबंधक (चालू प्रभार) यशपाल सचदेवा, प्रबंधक पुलस्थ पांडे एवं सहायक प्रबंधक एम.सी. गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि, भिण्ड वृत्त के गोहद संभाग में पदस्थ यशपाल सचदेवा उपमहाप्रबंधक (चालू प्रभार) अनुपस्थित रहे और उन्होंने बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन नहीं किया।

## कर्नाटक में पीएम के दौरे से पहले सड़क के काम में गड़बड़ी पर 2 इंजीनियर निलंबित

**बेंगलुरू, एजेंसी**

कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) से जुड़े दो इंजीनियरों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 20 जून को बेंगलुरु यात्रा के लिए किए गए घटिया सड़क निर्माण को लेकर निलंबित कर दिया। बेंगलुरू नागरिक निकाय, बीबीएमपी और बेंगलुरु विकास प्राधिकरण द्वारा सड़कों का घटिया निर्माण करने के बाद भाजपा सवालों के घेरे में आ गई थी। पीएमओ ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के कार्यालय से भी स्पष्टीकरण मांगा है। बीबीएमपी ने इंजीनियरों को नोटिस जारी कर मामले की जांच की थी। जांच में घटिया काम साबित हुआ। सहायक कार्यकारी अभियंता ए. रवि और सहायक अभियंता आई.के. विश्वास को जांच के बाद निलंबित कर दिया गया। बेंगलुरु विश्वविद्यालय परिसर में मरियप्पनपाल्या मेन रोड के लिए किया गया सड़क का काम इतना घटिया था कि सड़क की परत हाथ से ही हट जा रही है।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने पुष्टि की कि पीएम मोदी इस खबर से परेशान हैं। वह काम को लेकर भी चिंतित थे, क्योंकि पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर एक साफ छवि बनाने की कोशिश कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बीबीएमपी आयुक्त को निर्देश दिया था कि वह प्रधानमंत्री मोदी के शहर के दौरे से ठीक पहले बनाई गई सड़क के गड्ढे की जांच कराएं। मोदी के बीएएसई परिसर का उद्घाटन करने के दौरे से कुछ दिन पहले ही डॉ. बीआर अंबेडकर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के पास सड़क का निर्माण किया गया था। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बेंगलुरु की नागरिक एजेंसियों की आलोचना करते हुए कहा था कि सड़कों की स्थिति में सुधार तभी होता है, जब केवल पीएम और राष्ट्रपति अक्सर बेंगलुरु जाते हैं। अदालत ने यह भी सवाल किया कि क्या एजेंसियों को अपना कर्तव्य निभाने के लिए पीएम को हर बार अलग-अलग सड़कों पर यात्रा करनी चाहिए। बीबीएमपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया यात्रा से पहले राज्य की राजधानी में 14 किलोमीटर सड़कों के कायाकल्प के लिए 23 करोड़ रुपये खर्च करने को लेकर आलोचना की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129